

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

संजय को 27 अक्टूबर तक रिमांड पर भेजा 12 | त्योहारों के दौर में बिना सूचना के अतिक्रमण चलाया... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 05
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 14 अक्टूबर, 2023

**अब दुनिया को अहसास होने लगा है...** हमास के हमले का जश्न मनाने वालों को पीएम मोदी ने दिखा ही दिया आईना

# दुनिया की आनाकानी का फायदा उठा रहे आतंकवादी: पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर दुनिया को एकजुट होने की अपील की
- मोदी ने कहा कि अब दुनिया को आतंकवाद की चुनौती का अहसास हो रहा है
- पी20 सम्मेलन में पीएम ने भारतीय संसद पर आतंकी हमले का जिक्र किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) का उद्घाटन किया। इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा– पी20 समिट, उस भारत-भूमि पर हो रही है, जो मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। कार्यक्रम में 25 देशों के प्रिजाइडिंग ऑफिसर और जी20 सदस्य देशों के 10 डिप्टी स्पीकर शामिल हुए। हालांकि, खालिस्तान विवाद के बीच कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्ने कार्यक्रम में नहीं आईं। प्रधानमंत्री ने कहा– आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं।

### समिट शक्ति के जश्न मनाने का माध्यम

प्रधानमंत्री ने कहा– भारत चंद्रमा पर उतरा। भारत ने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी की। आज हम पी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन शक्ति का जश्न मनाने का भी एक माध्यम है। भारत आज हर सेक्टर में विमेन पार्टिसिपेशन को बढ़ावा दे रहा है। हमारी संसद द्वारा लिया गया हाल का फैसला, हमारी संसदीय परंपरा को और समृद्ध करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा– भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं। 1947 में आजादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है। देशवासियों ने मेरी पार्टी को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया है।

**1 मोदी ने भारत की संसद पर हमले का जिक्र किया**

मोदी ने कहा– करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है।

**2 दो दिवसीय सम्मेलन में होंगे चार सत्र**

सम्मेलन का आयोजन दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' में किया गया है। 13-14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पी20 समिट में चार सेशन हैं। इस समिट के दौरान भारत अपने लोकतांत्रिक इतिहास को दुनिया के सामने रखने वाला है। इसके जरिए दुनिया को समानता, भाईचारा और एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की जाएगी। इस समिट के सभी कार्यक्रम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के नेतृत्व में होंगे।

**3 9 और 10 सितंबर को हुई थी जी20 समिट**

दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को चली जी20 समिट में दुनियाभर के नेता एक दूसरे से मिले। भारत मंडपम में इसका सफल आयोजन किया गया। जी20 सम्मेलन के घोषणापत्र पर सभी देशों ने सहमति जताई। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता को लेकर सवाल उठाया गया। इसके अलावा सभी देशों के साथ भारत की द्विपक्षीय वार्ता हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि इस जी20 ने उम्मीदें बढ़ा दी हैं। ये संगठन जटिल से जटिल समस्याओं को भी हल कर सकता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला (दाएं) और अंतर-संसदीय संघ के अध्यक्ष डुआर्टे पचेको के साथ।




> पी20 समिट संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ आतंकवाद की परिभाषा को लेकर सहमति न बन पाना दुखद।
>
> –नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हमारा संसदीय प्रक्रियाओं में अटूट भरोसा

मोदी ने कहा, 2019 का आम चुनाव मानव इतिहास की सबसे बड़ी कसरत थी। इसमें 60 करोड़ वोटर्स ने हिस्सा लिया। तब भारत में 91 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जो पूरे यूरोप की कुल आबादी से अधिक है। यह दिखाता है कि भारत में लोगों का संसदीय प्रक्रियाओं में कितना भरोसा है।

### समिट में आए प्रतिनिधि भारत का चुनाव देखें

पीएम मोदी ने कहा, अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं पी20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी।

### भारतीय संसद पर आतंकी हमले का जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी दिल्ली स्थित यशोभूमि में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में जी20 सदस्यों और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में पीएम मोदी ने भारतीय संसद पर आतंकी हमले का जिक्र करके दुनिया दिल झकझोरने की कोशिश की।

# 219 प्रधानाचार्यों को सीएम योगी ने बांटे नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री बोले, पारदर्शी तरीके से हो रही हैं भर्तियां



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकलविहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया।

### सीएम बोले- रिटायर टीचर की सेवाएं ली जाएं

सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जागरुकता भी आती है और प्रधानाचार्य का कार्यकाल भी यादगार बनता है। सीएम योगी ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी।

### पिछली सरकारें सुरक्षा में सेंध लगाती थीं: सीएम

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है। देश में सबसे ज्यादा आध्यात्मिक पर्यटन यहीं है, जिसमें भारी बढ़ोतरी हुई है। 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ डेढ़ से दो करोड़ पर्यटक ही आते थे। आज यह संख्या बढ़कर एक वर्ष में 30 करोड़ पर्यटकों की हो चुकी है। प्रदेश में एक पर्यटक के आने से विभिन्न तरह के रोजगार सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएं तो उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके हर क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को अपने स्तर पर कार्य करने होंगे। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा का केंद्र रहा है। आजादी के समय देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षकों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश करता था। हमें फिर से उस दिशा में प्रयास करते हुए अनुशासित और राष्ट्र भक्त नागरिकों की फौज खड़ी करनी होगी।

# लखनऊ में कैंडिडेट्स-पुलिस में झड़प

**सीएम आवास घेरने पहुंचे तो खदेड़ा, कई शिक्षक बेहोश**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में शुक्रवार को टीचर्स की नौकरी को लेकर कैंडिडेट्स ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। 200 से ज्यादा कैंडीडेट्स सीएम ऑफिस के बाहर पहुंच गए। मुख्यमंत्री आवास को घेरना शुरू किया तो पुलिस से झड़प हो गई। कैंडिडेट्स वहीं लेट गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस बीच, पुलिस से उनकी झड़प हो गई। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने की कोशिश की। हालांकि, कैंडिडेट्स नहीं भागे। वह सड़क पर ही बैठ गए। सड़क पर जाम लगने लगा। इसके बाद पुलिस ने उन्हें घसीटकर वहां से हटाया। फिर बसों में भरकर उन्हें ईको गार्डेन भेजा गया। इस दौरान कई कैंडिडेट्स घायल और कई बेहोश हो गए। दरअसल, कैंडिडेट्स का यह प्रदर्शन 69 हजार शिक्षक भर्ती से जुड़ा हुआ है। ऑन्सर-की के चलते नियुक्ति पाने से वंचित रह गए ये कैंडिडेट्स लखनऊ में 67 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में महिला कैंडिडेट्स भी हैं। आर-पार की लड़ाई लड़ने की बात करते हुए कैंडिडेट कहते हैं-जब तक नियुक्ति की लिखित कार्रवाई नहीं हो जाती, तब तक मुख्यमंत्री आवास चौराहे पर प्रदर्शन जारी रखेंगे।



### महानिदेशक पर लगाया बदसलूकी का आरोप

कैंडिडेट्स का कहना है कि गुरुवार को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव करने पहुंचे थे। इस दौरान महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद से मुलाकात की। उन्होंने कैंडिडेट्स के साथ बदसलूकी की। अधिकारियों से बात के दौरान सभी कैंडिडेट्स को धमकी दी गई।

**रामपुर कारतूस कांड**

**सभी दोषियों को जुर्माना भी करना होगा अदा, 13 साल बाद आया फैसला**

**रामपुर कोर्ट ने नक्सलियों को सरकारी हथियार सप्लाई करने के मामले में दिया फैसला**

# 20 पुलिसवालों समेत 24 को दस साल की सजा

जन एक्सप्रेस । रामपुर

यूपी के बहुचर्चित कारतूस कांड में रामपुर कोर्ट ने 20 पुलिसवालों समेत 24 दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। शुक्रवार को सजा सुनाते वक्त रामपुर कोर्ट के स्पेशल जज विजय कुमार ने सभी दोषियों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। 2010 यानी 13 साल पुराने इस मामले में गुरुवार को कोर्ट ने 24 को दोषी ठहराया था। शुक्रवार सुबह सभी दोषियों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया था। इस दौरान कोई बैग से तो कोई रुमाल से मुंह छिपाए था। हाथ में हथकड़ी लगी थी। कारतूस कांड में पुलिस ने 25 पुलिसवालों को आरोपी बनाया था। इनमें एक आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। यह पूरा मामला सरकारी हथियारों की सप्लाई नक्सलियों को करने से जुड़ा हुआ था।

### सीआरपीएफ हमले के बाद एसटीएफ को मिला था इनपुट

बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ कर्मियों पर नक्सलियों पर हमला हुआ था। इसके बाद लखनऊ एसटीएफ को इनपुट मिला था कि पुलिस और सीआरपीएफ को दिए जाने वाले कारतूसों को बेचा जा रहा है। इसके बाद ही यूपी एसटीएफ ने इस मामले में जांच शुरू की थी, जो कि कारतूस कांड तक पहुंची। यह पूरा मामला उस वक्त मीडिया में कारतूस कांड के नाम से सुर्खियों में रहा है।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

### जिन्हें सजा, उनमें 14 पुलिस वाले नौकरी में

एडीसी प्रताप सिंह मौर्य ने बताया कि मामले में 25 लोगों पर आरोप पत्र दाखिल हुआ था। मुख्य आरोपी की मौत हो चुकी है। जिन 20 पुलिस वालों को सजा सुनाई गई हैं। उनमें 6 लोग रिटायर हो चुके हैं। 14 लोग अभी भी नौकरी पर थे। सरकारी शस्त्रागारों से निकले कारतूस कहां जाते हैं, कैसे जाते हैं। पुलिस ने इसकी जांच की। इस दौरान यशोदानंद की डायरी, उसके बैंक ट्रांजेक्शन की जांच की गई। इसके बाद कड़ी से कड़ी मिली और बड़ी संख्या में पुलिस वाले गिरफ्तार हुए।

### ढाई क्विंटल खोखा कारतूस की बरामदगी

कारतूस कांड 2010 का है। एसटीएफ को प्रदेश के कई जिलों से सरकारी ऑर्म्स के सौदे का इनपुट मिला। इसके बाद 26 अप्रैल 2010 को सटीक सूचना के बाद एसटीएफ ने रामपुर के ज्वालानगर में रेलवे क्रासिंग के पास से मुख्य आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन को अरेस्ट किया। इसके साथ ही सीआरपीएफ के विनोद पासवान और विनेश कुमार को भी पकड़ा। एसटीएफ ने इन तीनों के पास से ढाई क्विंटल खोखा कारतूस और 1.76 लाख रुपए बरामद किया। साथ ही 12 बोरों में हथियारों के साथ ही इम्यूनिशन जब्त किया। इनमें इंसास राइफल भी शामिल थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता क्रिमिनल प्रताप कुमार मौर्य के मुताबिक, छापेमारी के दौरान यशोदानंदन के पास से एक डायरी मिली। इनमें पुलिस और पीएसी के आर्मरर के नाम और नंबर लिखे थे। आर्मरर का काम फोर्स में हथियारों का हिसाब-किताब और देखरेख करना होता है। एसटीएफ ने तीनों से सख्ती से पूछताछ की तो जांच में कई और जिलों में तैनात आर्मरर के नाम सामने आए। वह यशोदानंदन को इम्यूनिशन की सप्लाई करते थे। इसके अलावा, यशोदानंदन के पास से मिली एक डायरी की भी मदद ली गई। फिर तीनों आरोपियों की निशानदेही पर बस्ती, गोंडा और वाराणसी समेत कई जिलों से पुलिस और पीएसी के आर्मोरर को गिरफ्तार किया।

### 2010 में दाखिल हुई थी चार्जशीट

इसके बाद इन सभी को बी-वारंट पर रामपुर लाया गया। पूरे मामले की तफ्तीश के बाद पुलिस ने 27 जुलाई 2010 को मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। इसके मुताबिक, मास्टरमाइंड यशोदानंद पुलिस-पीएसी और सीआरपीएफ में फायरिंग अभ्यास के बाद निकलने वाले खोखा कारतूस को खरीदता था। इसके लिए वह फोर्स के आर्मरर के साथ कनेक्ट रहता था। आर्मरर से खोखा खरीदकर यशोदानंदन के नक्सलियों तक सप्लाई की बात सामने आई थी। सिर्फ यही नहीं, बिहार के मुंगेर में भी खाली खोखो की सप्लाई की जाती रही है। पुलिस जांच में पता चला कि यह पूरा गैंग की तरह काम होता था। इसमें सरकारी हथियारों को नक्सलियों से लेकर अवैध असलहे बनाने वालों तक पहुंचाया जाता था। रामपुर जिले के तब के स्क्करमित शर्मा थे, जो इस समय प्रयागराज में कमिश्नर हैं। जांच के बाद यूपी और बिहार से गिरफ्तारियां की गईं। चार्जशीट दाखिल होने के तीन साल बाद 31 मई 2013 को कोर्ट ने सभी 25 आरोपियों पर आरोप तय कर दिए। मामले में इसी 4 अक्टूबर को बहस पूरी हो गई थी।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# मालगाड़ी के सात वैगन बेपटरी

## अनपरा पावर प्लांट में कोयला आपूर्ति बाधित, अधिकारियों में खलबली

जन एक्सप्रेस । सोनभद्र

यूपी के सोनभद्र जिले में लगातार दूसरे दिन मालगाड़ी दुर्घटना की शिकार हुई। शुक्रवार दोपहर शक्तिनगर इलाके के तारापुर गांव के पास कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के सात वैगन बेपटरी हो गए। कोयला एनसीएल खड़िया से अनपरा थर्मल पावर स्टेशन को जा रहा था। वैगन बेपटरी होने की खबर से पावर प्रोजेक्ट प्रबंधन के अधिकारियों में खलबली मच गई। अनपरा थर्मल पावर प्लांट को होने वाली कोयला आपूर्ति बाधित हो गई है। राहत और बचाव का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस हादसे से लाखों की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना के पीछे ट्रैक के रखरखाव में खामी को वजह माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद घटना की असल वजह स्पष्ट हो पाएगी। इससे पहले गुरुवार सुबह गढ़वा-चोपन रेल मार्ग पर मालगाड़ी की बोगियों के अलग-अलग होने से यात्री गाड़ियों को कई घंटे खड़ा करना पड़ा था। दो से तीन घंटे बाद ट्रेनों को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। रेणुकूट के बाद सलईबनवा तक सिंगल रूट होने से परिचालन में काफी दिक्कतें आईं।



# सरकारी कार्यालयों में लगाएं प्लास्टिक सामग्री पर पाबंदीः जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण एवं पौधरोपण समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।
जिलाधिकारी ने बैठक में नगर पालिका, सिंचाई विभाग, जिला पंचायत राज विभाग द्वारा मंदाकिनी नदी के किनारे साफ सफाई का अभियान के बारे में चर्चा हुई। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि बैनर लगाकर महीने में चार दिन अभियान चलाएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया की मंदाकिनी नदी किनारे अभियान चलाकर साफसफाई कराएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है कि प्लास्टिक मुक्त होना चाहिए।
उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किये कि सुन्दर घाट और रामघाट में हवन पूजन सामग्री के लिए विसर्जन कुंड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रामघाट पर कच्ची जमीन नहीं मिल पा रही है तो पक्की जगह चिन्हित कर उसको सीमेंटेड बनवाएं। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग पर पौधरोपण कराकर ट्रीगार्ड भी लगवाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किये कि मंदाकिनी नदी की सिल्ट सफाई के लिए अधिशासी अधिकारी कर्वी के साथ समन्वय बनाकर अभियान चलाकर कराएं। उन्होंने कहा कि जिला समितियों द्वारा पौधरोपण भी कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जो मंदाकिनी नदी में 14 नाला गिरते हैं, उनका चिन्हांकन कर उसमें समुचित व्यवस्था कराएं। अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट पर जो नीचे से नाला आता है, उसमें भी जाल लगाए।
जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी राजापुर को निर्देशित किया कि जो नाला गिर रहा है, उसमें जाली लगाएं, जिससे कि कूड़ा कचरा न फंसे। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि इसका निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कचरा न जलाएं। जिलाधिकारी ने मिशन लाइफ के अंतर्गत सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत और अन्य सभी विभागों को निर्देशित किया कि प्लास्टिक मुक्त अभियान पार्कों की साफसफाई व कूड़ा कचरा के निस्तारण से सम्बन्धित जन जागरूकता अभियान व्यापक रूप से चलाया जाए। उन्होंने सभी सरकारी कार्यालय में प्लास्टिक सामग्री के उपयोग पर तत्काल पाबंदी लगाए जाने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कूड़ा कचरा जो एमआरएफ केन्द्र बनाए गए हैं, उसी में ही फेके, रोड के किनारे कोई भी कूड़ा कचरा दिखाना नहीं चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर बड़ी दुकानों से पॉलिथीन को भी चेक कराएं।
अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पतालों में से जो सिरेंज व कचरा बाहर निकलता है, उसे न फेक चिन्हित स्थान पर ही रखें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली बैठक में पूरी अनुपालन व्याख्या के साथ ही उपस्थित हो। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अपर प्रभागीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, जूनियर इंजीनियर पर्यावरण सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुदेशकों की भर्ती में भ्रष्टाचार का मामला

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

चित्रकूट धाम मण्डल बांदा के चारों राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवा कार्मिकों के चयन में भारी भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। जिसमें अभ्यर्थियों से लगभग 1.20 करोड़ रूपए की वसूली के आरोप सामने आए हैं। उच्चाधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।
भर्ती में हुए व्यापक भ्रष्टाचार के मामले के शिकायतकर्ता कर्वी गौरीश कुमार व राहुल सिंह, बांदा निवासी शनि सिंह व गांधी नगर हमीरपुर निवासी विजयशंकर राजपूत आदि ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि चित्रकूट धाम मण्डल बांदा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से अनुदेशन सेवा कार्मिकों के चयन में बड़े पैमाने पर धांधली एवं भ्रष्टाचार किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि अनुदेशन सेवा के लिए हुए आवेदन में सेवा प्रदाता टेलको पावर कम्पनी

## * उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शुरू हुई जांच

द्वारा उन्हें अभिलोखों के परीक्षण के लिए बुलाया गया। आरोप लगाया कि वहां बताया गया कि चयन समिति के अध्यक्ष संयुक्त निदेशक एवं बांदा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा भर्ती के लिए दो लाख रूपए की मांग की गयी है। यह धनराशि देने वाले अभ्यर्थियों का ही चयन किया जाएगा। जिसमें अस्मर्थता जाहिर करने पर अन्य अभ्यर्थियों का चयन मानकों को दर किनार करते हुए कर दिया गया और फर्जी तरीके से नियुक्ति पत्र बांट दिए गए। जबकि नियमानुसार हाईस्कूल में प्राप्त अंकों का 50 फीसदी, राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र का 25 फीसदी, सीआईटीएस परीक्षा में 25 फीसदी के आधार पर ही चयन किया जाना चाहिए था।
शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सेवा प्रदाता के चयन से ही गडबडी शुरू कर दी गयी थी। जिसके तहत सेवा प्रदाता चयन के लिए बनी समिति के अध्यक्ष विभागीय संयुक्त निदेशक एवं सदस्य सचिव बांदा के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने ही सेवा प्रदाता का चयन कर लिया। जबकि समिति के अन्य सदस्य चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यो को इस सम्बन्ध में सूचित भी नहीं किया गया। जिसकी सूचना भी सम्बन्धित प्रधानाचार्यों द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दी गयी थी और मामले की जांच अभी लम्बित है। ऐसे में चयनित 60 पदों के अभ्यर्थियों से बड़े पैमाने पर धन उगाही का मामला उजागर करते हुए शिकायतकर्ताओं ने मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में विभागीय संयुक्त निदेशक मृदुलचन्द्र कुलश्रेष्ठ एवं सदस्य सचिव प्रदीप अग्निहोत्री का कहना है कि सभी आरोप निराधार हैं। अभ्यर्थियों का चयन सेवा प्रदाता द्वारा किया गया है। उन लोगों ने केवल सेवा प्रदाता कम्पनी का चयन किया है। जिसमें कोई गडबडी नहीं की गयी है।

# स्वरोजगार के लिए सेवामित्र पोर्टल पर करें पंजीकरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ और शासन के निर्देशन में लोगों को अब जन सुविधाएं जैसे प्लंबर, पेन्टर, कारपेन्टर, ब्यूटीशियन जैसी सुविधा पाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बस एक फोन नंबर 155330 पर काल करते ही यह सुविधाएं उन्हें घर बैठे मुहैया हो जाएगी। इसके लिए सेवायोजन विभाग के सेवामित्र पोर्टल या सेवामित्र ऐप को डाउनलोड करना होगा। जन सुविधाए उचित दर और हुनरमंदों, कामगारों के माध्यम से मिलेगी। इसके लिए निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ में काल सेंटर स्थापित किया गया है। प्रशिक्षित, कौशल प्राप्त एवं विश्वसनीय पुरुष व महिला अभ्यर्थी स्वरोजगार जैसे इलेक्ट्रीशिन, प्लंबर, टेलरिंग, ब्यूटीशियन, कारपेंटर के लिए सेवामित्र के रूप में पंजीकरण कर सकेंगे, ताकि नागरिकों को अपने द्वार पर ही स्थानीय सेवा (लोकल सर्विस) के लिए प्रशिक्षित व विश्वसनीय हुनरमंद मिल सकें। इस पोर्टल पर सेवाप्रदाता एजेंसिया व कौशल प्राप्त अभ्यर्थी पंजीकृत होंगे। यह एजेंसिया पंजीकृत अभ्यर्थियों के माध्यम से नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। यह आल इन वन प्लेटफार्म हैं, इस पर नागरिक अपनी सेवा अनुरोध पंजीकृत करा सकेंगे। यदि जनपद की कोई सेवाप्रदाता एजेंसी पोर्टल पर पंजीकृत (ऑनबोर्ड) होने की इच्छुक है, तो इस सम्बन्ध में पोर्टल पर अपलोड किया गया है। इसमें सेवाप्रदाता एजेंसियों के पंजीकरण की जानकारी दी गई है। उन्होनें बताया कि नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक एजेंसियां पोर्टल पर पंजीकृत होने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय से जानकारी ले सकते हैं। उन्होनें बताया कि नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक एजेंसियां पोर्टल पर पंजीकृत होने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय से जानकारी ले सकते हैं।

## शातिर चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उनकी टीम द्वारा आरोपी को 5000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 30 सितम्बर को वादी रलौली पुत्र रामहित निवासी मानकुंवार द्वारा थाना मऊ में सूचना दी कि रामबली उर्फ शिवाली पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम मांनकुवार ने घर में घुसकर संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात सहित 12000 रुपये चोरी कर लिए है।
इस सूचना पर थाना मऊ में अभियोग पंजीकृत किया गया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि उप निरीक्षक इन्द्रजीत गौतम तथा मुख्य आरक्षी जुबेर अली, आरक्षी रणवीर सिंह द्वारा रामबली उर्फ शिवाली पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम मानकुवांर को गिरफ्तार किया गया। जमातलाशी से आरोपी के कब्जे से 5000 रुपये बरामद हुये।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं का किया गया सम्मान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



नारी शक्ति वंदन अधिनियम सदन में पारित होने के बाद भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने नारी शक्ति तक संदेश पहुंचाने के लिए महिला मोर्चा को अनेक कार्यक्रम दिए हैं। जिसमें वरिष्ठ नारियों के सम्मान का कार्यक्रम भी निर्धारित रहा। इसके तहत महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने समाज, राजनीति और स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय वरिष्ठ नारियों का सम्मान कार्यक्रम संपन्न किया। साथ ही अधिनियम पर व्यापक चर्चा की। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने प्रदेश की पूर्व उपाध्यक्ष व हमीरपुर जनपद की प्रभारी भाजपा संगठन में कार्यरत रंजना उपाध्याय, भाजपा की पूर्व में महिला मोर्चा की दो बार जिलाध्यक्ष रह चुकी जयश्री जोग, वरिष्ठ नारी पुष्पा सोनी, भाजपा महिला मोर्चा में सक्रियता से काम कर चुकी कमलेश जायसवाल को सम्मानित कर प्रधानमंत्री मोदी के इस विशेष उद्देश्य पर बात कर महिलाओं को जागरूक करने का विषय रखीं। वरिष्ठ नारियों को सम्मानित करने के क्रम मे आंगनवाड़ी में काम कर रही महिलाएं एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी देते हुए सम्मानित किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण से उनके जीवन मे भी व्यापक बदलाव आएगा। इससे राजनीति से लेकर हर क्षेत्र में महिलाओं को अधिक से अधिक अवसर मिलने का प्रधानमंत्री मोदी ने द्वार खोला है। सभी नारियों में उत्साह बढ़ा है। इससे नारियों का सम्मान बढ़ रहा है।

## अवैध देशी बम के साथ एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह तथा आरक्षी पवन राजपूत द्वारा अखिलेश शुक्ला पुत्र रामसवारे निवासी इटौरा को 5 देशी बम व बोलेरो गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद गाड़ी को एमवी एक्ट के अन्तर्गत सीज किया गया। आरोपी के विरूद्ध कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## 9 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में पहाड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले तीरथराज उर्फ कल्लू सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी लोहदा, राममिलन पुत्र रामप्यारे निवासी पहाडी, फूल सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी असोह, चुन्नू पुत्र रामपूजन विश्वकर्मा निवासी चौरा, राजकुमार पुत्र रामध्वज, ओमकार पुत्र बाबूलाल, अवधेश पुत्र बुत्ता केवट, बुन्देला पुत्र रामध्वज व रामदास पुत्र बुत्ता केवट निवासीगण रैया पुरवा मजरा गढ़ीघाट के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी ।

## कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। कोटेदार लव सिंह से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उप जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर समस्या निस्तारण कराने की मांग की। राजापुर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत देवारी गांव के निवासी दयापाल, तेरसिया, रवि, कालीचरण, रामबदन समेत दर्जनों लोगों ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि देवारी गांव के कोटेदार लव सिंह द्वारा उन लोगों को 3-4 माह से अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं दिया जा रहा है। अनाज खत्म होने का बहाना करके अगले माह अनाज देने की बात कही जाती है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वह लोग गरीब और पात्र राशन कार्ड धारक हैं। ऐसे में अनाज न मिलने की शिकायत करने पर कोटेदार गाली गलौच करते हुए उनको धमकाता है और विभाग में प्रभावी पकड़ होने के कारण कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अनाज न मिलने के कारण उन लोगों के सामने खाने का संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे में मामले की जांच कराकर उन लोगों को अनाज दिलाया जाए। साथ ही दोषि के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

# जिले में चलाया गया साइबर अपराध जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



जनमानस को साइबर अपराध से बचाने व जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देश पर पुलिस ने सभी थानों पर एक साथ वृहद ऑनलाइन साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें 11,000 से ज्यादा लोगों नें प्रतिभाग किया।
जन जागरूकता अभियान के तहत् जिले के कुल 28 स्थानों पर लगभग 11000 से अधिक व्यक्ति जिसमें महिला, पुरूष, छात्र, किसान व व्यापारियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने व उनकी गाढ़ी कमाई को बचाने के लक्ष्य के तहत वृहद रूप से ऑनलाइन साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात साइबर एक्सपर्ट डॉ0 रक्षित टंडन के द्वारा ऑनलाइन जूम एप के माध्यम से सीधे नोएडा से जुड़कर सभी स्थानों पर लगाए गए प्रोजेक्टर एवं टीवी स्क्रीन के माध्यम से सभी को साइबर अपराध से बचने के महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। उन्होंने बताया की कभी भी किसी के साथ अपने खातों की डिटेल शेयर न करें। अंजान लिंक को कभी न खोलें और सोशल मीडिया का इस्तेमाल बेहद सावधानीपूर्वक करें। अपने डिजिटल दस्तावेजों को ऑनलाइन सुरक्षित रखें। सभी स्थानों पर मौजूद लोगो को उक्त जागरूकता कार्यक्रम में बताये गय टिप्स से और अधिक लोगों तक पहुंचाने का निवेदन किया गया। जिससे कि उनके मित्र, रिश्तेदार, पड़ोसी आदि को भी जागरूक किया जा सके और किसी भी प्रकार के साइबर अपराध से उन्हे भी बचाया जा सके।

# डीएम-एसपी ने की पर्व को शान्ति, सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



शारदीय नवरात्रि पर्व, दुर्गा पूजा-दशहरा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिला शांति समिति की बैठक धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने आगामी नवरात्रि पर्व दुर्गा पूजा-दशहरा त्यौहार की जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से, आपसी भाईचारे के साथ आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में एक दूसरें की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए परंपरागत तरीके से आगामी त्यौहारों को मनाये।
जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक कर त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु अपने अधीनस्थों को दायित्व देते हुए इसकी पूरी निगरानी बनाए रखे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पांडाल व मेले वाले स्थानों का निरीक्षण कर ले, नवरात्रि के दौरान विद्युत व्यवस्था की आपूर्ति बनाए रखने हेतु अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा पण्डालों के आस-पास एवं मूर्ति विसर्जन के रास्तों पर विशेष रूप से मौके का निरीक्षण कर ढीले एवं लटके हुए विद्युत तारों को ठीक करा दिया जाय। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को ग्रामीण आंचल एवं शहरी क्षेत्रों में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका-नगर पंचायत को निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा में दुर्गा पाण्डालों की स्थापना से लेकर विसर्जन तक व्यवस्थओं के सुरक्षित एवं सुचारू संचालन हेतु अपनी-अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने विभागीय कार्यो से सम्बंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए समय रहते आवश्यकतानुसार ठीक करा लिया जाय। जनपद में मूर्ति विसर्जन एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया।
वहीं आयोजकों से अनुरोध किया कि किसी भी घटना की जानकारी सही समय एवं पूर्व में दे दे ताकि माहौल नही बिगड़ने पाये और समय रहते सुधार लिया जाय। पुलिस अधीक्षक से कहा कि एंटीरोमियो स्क्वाड टीम को पूरी संवेदनशीलता के साथ क्रियाशील कर दे और निगरानी बनाए रखे। संभ्रांत नागरिकों से प्राप्त शिकायतो-सुझाव को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश संबंधितों को दिया। बैठक में संभ्रांत नागरिकों से अपील किया कि मिशन शक्ति अभियान को घर-घर तक पहुंचाए।

# सड़क निर्माण के लिए चल रहा सत्याग्रह 11वें दिन हुआ समाप्त

जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर

नरैनी चौराहे पर बीते दो अक्टूबर से सड़क के लिए चल रहा सत्याग्रह आश्वासन के चलते समाप्त हो गया। सदर एसडीएम प्रभाकर त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अनिल कुमार शील ने सत्याग्रहियों को जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़वाया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद शासनादेश आने में जो समय लगेगा, अब सिर्फ वही लगना है। एक महीने का समय अधिकारियों ने मांगा है। भरोसा दिलाया है कि एक महीने के अंदर ही सड़क का निर्माण शुरू कराया जाएगा। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग एके शील ने कहा कि सैकड़ों गांवों की उपयोगी सड़क प्राथमिकता के साथ बनवाई जाएगी। बीते दो अक्टूबर से अन्न त्याग करके सत्याग्रह पर बैठे प्रवीण पांडेय तथा आशू सिंह को सदर एसडीएम ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। अधिकारियों की टीम दोपहर 12 बजे पहुंच गई थी। शाम पांच बजे अधिकारियों एवं सत्याग्रहियों के बीच सहमति बन सकी। सत्याग्रहियों का संकल्प था कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं आरंभ हो जाता है, वह अनशन नहीं तोड़ेंगे। संकल्प तोड़वाने के लिए अधिकारियों ने आनन-फानन जेसीबी व सामान मंगवाकर नरैनी चैराहे पर सांकेतिक सड़क निर्माण कराया। प्रवीण पांडेय ने नारियल तोड़कर सड़क निर्माण का सांकेतिक शुभारंभ कराया। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सड़क का शुभारंभ हो चुका है।


## कार्यालयः ग्राम पंचायत रामपुर कल्याणगढ़, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/निविदा/2023-24 दिनांकः 12-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अर्न्तगत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत रामपुर कल्याणगढ़, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 18.10.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक 18.10.2023 को अपरान्ह 4:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 13.10.2023 से दिनांक 18.10.2023 को अपराहन 2.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत रामपुर कल्याणगढ़ से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामपुर कल्याणगढ़ | मनरेगा | गौशाला के चारो ओर बाउन्ड्री निर्माण भाग-1 | 01 नग | 9.98 लाख | 2000.00 | 500.00 |
| 2. | रामपुर कल्याणगढ़ | मनरेगा | गौशाला के चारो ओर बाउन्ड्री निर्माण भाग-2 | 01 नग | 9.51 लाख | 1900.00 | 500.00 |
| 3. | रामपुर कल्याणगढ़ | मनरेगा | गौशाला के चारो ओर बाउन्ड्री निर्माण भाग-3 | 01 नग | 9.83 लाख | 1970.00 | 500.00 |

**निविदा शर्तें :-** 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधानः आनन्द सिंह**
ग्राम पंचायतः रामपुर कल्याणगढ़
वि.खं.ः मानिकपुर, जनपदः चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारीः बाल गोविन्द**
ग्राम पंचायतः रानीपुर कल्याणगढ़
वि.खं.ः मानिकपुर, जनपदः चित्रकूट



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 03.11.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 012402023 दिनांक 11.10.2023 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 38/ Sr.DEN-IV/LKO/2023-24<br>2. 39/ Sr.DEN-IV/LKO/2023-24<br>3. 40/ Sr.DEN-IV/LKO/2023-24<br>4. 41/ Sr.DEN-IV/LKO/2023-24 |
| 3 | कार्य का नामः | 1. वरि. मण्डल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहा. मण्डल इंजी/प्रथम/सुल्तानपुर के अधीन विविध ट्रैक कार्य। 2. वरि. मण्डल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहा. मण्डल इंजी/द्वितीय/सुल्तानपुर के अधीन विविध ट्रैक कार्य। 3. वरि. मण्डल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहा. मण्डल इंजी/प्रथम/सुल्तानपुर एवं सहा. मण्डल इंजी/द्वितीय/सुल्तानपुर के अधीन एस.एस.ई/वर्क्स/सुलतानपुर के खण्ड में जफराबाद (छोड़कर) से सुलतानपुर (छोड़कर) एवं पीपरपुर से अयोध्या (सुलतानपुर एवं अयोध्या (छोड़कर) तथा सुलतानपुर-उतरेटिया (छोड़कर) ब्रिजों की मरम्मत का कार्य। 4. वरि. मण्डल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहा. मण्डल इंजी/प्रथम/सुल्तानपुर के अधीन वाटर लार्गिंग से बचाव के लिए बंद समपार संख्या 177 सी एवं 178 सी पर एल.एच.एस. के एप्रोच पर शेड कवर का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 89,99,775.94 2. Rs. 59,99,555.62<br>3. Rs. 79,62,043.92 4. Rs. 2,33,60,217.50 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 1,80,000.00 2. Rs. 1,20,000.00<br>3. Rs. 1,59,300.00 4. Rs. 2,66,800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 से 04 के लिये — स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 20.10.2023 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 03.11.2023 15:00 बजे. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। 3175/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 35.0 (+2.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 17.6 (-2.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 88 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 42 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.0 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# नशे में धुत ट्रक चालक ने मचाई तबाही, दर्जनों कारों मोटरसाइकिलों समेत बिजली का खंबा किया क्षतिग्रस्त

* पचास लाख रुपए से अधिक का किया नुकसान, नहीं गई किसी की जान

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** शहर के थाना नजीराबाद क्षेत्र स्थित सरिया मार्केट में उस समय हड़कंप बच गया जब जनपद औरैया से आए हुए एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने तबाही मचा दी। लगभग एक दर्जन कर और मोटरसाइकिलों को तोड़ने के अलावा कई दुकानों को भी तहस-नहस कर दिया यह तो गनीमत रही कि किसी भी व्यक्ति की जान नहीं गई क्योंकि लोगों ने बहुत मुश्किल अपनी जान बचाई, लगभग 500 मीटर की दूरी पर तबाही मचाते हुए ट्रक ने गुजर रही एक हाई टेंशन लाइन के खंभे को भी अपनी चपेट में ले लिया और एक ऑटो सेंटर की दुकान में जा घुसा। जिस कारण क्षेत्र की बिजली चली गई, पुलिस और केस्को के जिम्मेदारों को सूचना की गई तो मौके पर पहुंचकर केस्को के कर्मचारियों ने तत्काल सप्लाई रोकी और विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए लग गए वहीं दूसरी ओर सूचना मिलने के बाद पहुंची नजीराबाद पुलिस ने ट्रक चलाने वाले को हिरासत में लिया और थाने ले गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना नजीराबाद क्षेत्र की चर्चित सरिया मार्केट में सायं काल लगभग साढे 5 से 6 बजे के बीच जनपद रनिया की नम्बर प्लेट लगी जिसका नंबर यूपी 76 टी 3462 था एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक संत नगर चौराहे की ओर से सरिया मार्केट की रोड में घुसा और लगभग 500 मीटर की दूरी पर लगातार गाजर मूली की तरह व्यापारियों की दुकान के सामने खड़ी कारों मोटरसाइकिलों और दुकानों को क्षतिग्रस्त और तबाह करता हुआ आगे बढ़ गया। जिस दौरान ट्रक तबाही मचा रहा था उसे दौरान लोगों ने बड़ी मुश्किल से गलियों में घुसकर अपनी जान बचाई क्योंकि अगर वह गलियों में घुसकर अपनी जान नहीं बचाते तो जो हाल कारों और मोटरसाइकिल और दुकानों का हुआ है वही हाल उनका होता। अंत में कई दुकानों को तोड़ता हुआ स्पाइसी चिकन कॉर्नर के मोड ठीक सामने सड़क पार एक बिजली के खंभे को अपनी चपेट में ले लिया और भगत आटो सेन्टर में जा घुसा जिस कारण दुकान पूरी की पूरी क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान भगत ऑटो सेंटर के मालिक ने खुद की और वहां बैठे लोगों की जान भाग कर बचाई है।









### पचास लाख से अधिक का किया नुकसान

मिली जानकारी के अनुसार पाइप कारोबारी और भाजपा नेता महेश सोनी की कई कारों को नशे में धुत ट्रक चालक ने क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही साथ कई दुपहिया वाहनों को अपनी चपेट में लेने के बाद अग्रवाल जी, लक्की, हैप्पी आरोड़ा की स्पाइसी चिकन कॉर्नर, विक्की राजपूत की दुकान और भगत आटो सेन्टर को क्षतिग्रस्त कर डाला है। स्थानीय लोगों की माने तो लगभग 50 लख रुपए से अधिक का नुकसान इस नशे में धुत ट्रक चालक द्वारा किया गया है।

### चार घंटे यातायात रहा बाधित और बिजली रही गुल

ट्रक चालक द्वारा भगत ऑटो सेंटर में पूरी गाड़ी घुसा देने के बाद जो तबाही मचाई गई थी और वहीं पर ट्रक खड़ा हो गया था इस दौरान पूरा का पूरा रोड ट्रक से जाम हो गया। लगभग 4 घंटे तक ट्रक सड़क के बीच खड़ा रहा और इसी दौरान कोई भी व्यक्ति अपना वाहन लेकर मरियमपुर की ओर नहीं जा सका साथ ही साथ तीन घंटे से अधिक समय तक बिजली भी गायब रही।

### शराब के नशे में खलासी चला रहा था ट्रक

नजीराबाद पुलिस जब सूचना पाकर मौके पर पहुंची तो ट्रक के अंदर ही ट्रक चालक बंद पड़ा था कारण यह था कि वह पब्लिक के आक्रोश को जान रहा था वह कतई निकालने को तैयार नहीं था। जब काफी पुलिस फोर्स पहुंची और पुलिसकर्मियों ने उसे समझाया कि वह बाहर आ जाए तब वह निकला। पुलिस आरोपी ट्रक चालक को पड़कर जब थाने ले गई तो उसने अपना नाम रूरा निवासी रुद्र प्रताप सिंह बताया और यह भी बताया कि वह स्वयं ट्रक चालक नहीं है उस ट्रक का खलासी (कंडक्टर )है। थानाध्यक्ष नजीराबाद कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि ट्रक चलाने वाले आरोपी को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है!

## मंच पर बच्चों के साथ नानियों और दादियों ने भी खूब मचाया धमाल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आधुनिक युग में हर कोई रोजाना की दौड़ भाग में इतना ज्यादा लगा हुआ है कि उसे आने वाली पीढ़ी अपने बच्चों को रिश्तों को निभाया कैसे जाय रिश्तों की अहमियत क्या होती है संस्कार कैसे होने चाहिए यह सब बताने का समय भी नहीं है जिस कारण युवा पीढ़ी इन सब बातों से कोसों दूर है। लेकिन शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी जैपुरिया समूह के डबल पुलिया क्षेत्र स्थित लिटिल वन द जैपुरिया प्री स्कूल में बीते दिन शुक्रवार को ÷हमारे सुनहरे पल÷ नाना नानी, दादा दादी दिवस का आयोजन कर समाज में रिश्ते और संस्कारो की अहमियत क्या होती है उसे समझाने का सफल प्रयास किया गया। लिटिल वन द जैपुरिया प्रीस्कूल में बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ दादा दादी, नाना नानी दिवस मनाया गया इस मौके पर विद्यालय में गीत संगीत तथा नृत्य कला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के दादा दादी, नाना नानी को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा साहनी द्वारा आमंत्रित किये गए विशेष मेहमान एम के मिश्रा ( हेडमास्टर सेठ आनंद राम जैपुरिया) के स्वागत से हुई प्रतिभागी बच्चो ने संगीत व् नृत्य पेश कर सभी का मन मोह लिया बच्चो के सुन्दर प्रदर्शन ने सभी को भाव विभोर कर दिया इतना ही नहीं दादा दादी और नाना नानी ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और उनके योगदान के लिए उन्हें पुरस्कारों से सम्मानित किया गया यह प्यार और सम्मान देख कर वह भाव विभोर हो गए।

### मंच पर नानियों और दादियों ने किया नृत्य

इस आयोजन में सबसे बड़ी खासियत यह भी रही की कार्यक्रम में सम्मिलित हुई नानियों और दादियों ने पुराने जमाने के गानों पर मंच पर आकर नृत्य किया। नाना और दादा भी कहां पीछे रहने वाले थे अपनी जगह पर बैठकर माइक से ही पुराने जमाने के गाने गाने गाते हुए नजर आए और कई सवालों के जवाब भी दिए। जो लोग गाना गा रहे थे और सही जवाब दे रहे थे उन्हें पुरस्कार के रूप में मुंह मीठा करने के लिए एक से एक बेहतरीन चॉकलेट स्कूल मैनेजमेंट की ओर से बतौर पुरस्कार दी जा रही थी।

### ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चे बनेंगे संस्कारी: पवन ग्रोवर

नाना नानी दादी दादी दिवस में अपने नाती पोतों को देख कर कई लोगों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। चर्चित व्यापारी पवन ग्रोवर जो अपनी बेटी आंचल की हत्या हो जाने के बाद अपने नाती अंश का पालन पोषण कर रहे हैं। उनके नाती अंश ने भी आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया था। उन्होंने कार्यक्रम में ही स्कूल मैनेजमेंट की तारीफ करते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों से छात्र छात्राओं का मानसिक रूप से मजबूत विकास होगा और वह पूर्ण रूप से संस्कारी बनेंगे।

### जगह-जगह मौजूद रहे सपाई नहीं रुके अखिलेश

## सपा मुखिया ने मोहम्मद हसीन के घर पहुंच कर दी शादी की बधाई

* क्षेत्र में पहुंचते ही सपा नेत्री ने की अखिलेश की अगवानी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर





बिल्हौर कस्बा निवासी हाफिज़ मोहम्मद हसीन के घर पहुंचे सपा मुखिया ने उन्हें शादी की बधाई दी। विधानसभा क्षेत्र में उनके प्रवेश करते ही क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत के लिए मौजूद सपाइयों को निराशा ही हांथ लगी। सपा मुखिया गाड़ी से ही सभी का आवेदन स्वीकार कर आगे बढ़ते रहे। समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का कानपुर देहात की रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में नैलाकटरा , रसूलाबाद और सुर्सीखेड़ा गांव में विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचने के साथ साथ बिल्हौर कस्बे के लोहिया नगर निवासी युवा सपा नेता हाफिज़ मोहम्मद हसीन की शादी कार्यक्रम में शामिल न हो पाने के कारण उन्हें शादी की बधाई देने के लिए के घर आने के लिए लगभग चार बजे पहुंचना प्रस्तावित था। लगभग 3¬30 घंटे देरी से लगभग 7¬45 बजे बिल्हौर पहुंचे सपा मुखिया के स्वागत के लिए ककवन , डम्मन निवादा, अलियापुर, माखनपुरवा और बिल्हौर में जीटी रोड स्थित सपा केंद्रीय कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उन्हें रोककर उनका स्वागत के लिए मौजूद रही लेकिन समय की अधिकता के चलते सपा मुखिया सिर्फ शीशा खोला और हाथ हिलाते निकल गए हसीन के घर की तरफ सपा मुखिया का काफिला निकल गया। सपा मुखिया के बिल्हौर पहुंचने से लगभग दो घंटे पहले सीधे बिल्हौर पहुचे सपा मुखिया के मोहम्मद हसीन के घर पहुंचते ही मोहम्मद हसीन के साथ साथ वहां पहले से मौजूद सरदार ट्रेलर, नन्हा पूर्व सभासद, विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रचना सिंह, बिल्हौर चेयरमैन इकलाख खां, पूर्व चेयरमैन शादाब खान, युवा नेता बब्लू खान के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सपा मुखिया के द्वारा अपने अजीज साथी मोहम्मद हसीन को शादी की मुबारकबाद दी गई। वहीं इस दौरान उनके घर के बाहर व आसपास मौजूद घरों की छतों से लोग उनके दीदार को आतुर रहे और समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव और आजम खा जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। इस दौरान उनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। एडीसीपी लखन सिंह यादव एसीपी, आईपी सिंह कोतवाल सुरेंद्र सिंह राठी, अरौल थानाध्यक्ष प्रेमचंद कनौजिया, ककवन थानाध्यक्ष शिवमोहन सिंह चौबेपुर और शिवराजपुर थाने का भारी पुलिस मौजूद था एलआईयू एक सिंह सहित पूरी टीम लगी हुई थी चुपके चुपके पर शादी वर्दी में महिला और पुलिस बल मौजूद रहा हर संदिग्ध की तलाशी ली जा रही थी मकान के अंदर घुसने से पहले सुरक्षा गार्ड के आगे किसी भी नेता की ना चली है मकान पर खड़े होकर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल्द बड़ा प्रोग्राम की डेट भेजें हम आएंगे दिन में होंगे सभी से समय निकालकर मिलेंगे। लगभग 50 मिनट हसीन के आवास पर रुकने के उनका काफिला लखनऊ के लिए रवाना होगा। वहीं रसूलाबाद जाने के लिए दोपहर में उनका काफिला विधानसभा क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे से उतरते ही सपा नेत्री रचना सिंह विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ठीक है कमसन गांव में शुभम उर्फ़ दादी ने सैकड़ो ग्रामीणों के साथ रोककर उनका जोरदार स्वागत किया वह 9 मिनट तक वहां रुके और सबसे हाल-चाल जानते रहे बिल्हौर रेलवे फाटक बंद होने की वजह से काफिला रुका वहां पर अधिवक्ता सुनील यादव के समर्थकों में करीब दो सैकड़ो लोगों ने उनसे बातचीत कर समर्थको ने जोरदार स्वागत किया।वहीं कार्यक्रम के मुख्य रूप से हाफिज हसीन, विधायक मुन्ना अल्वी, सपा के क्षेत्रीय जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला, शशिकांत पाल, हाफिज एजाज, बबलू खान, अरशद सिद्दीकी, मो दानिश, शाहिद अंसारी, वकार खान आदि मौजूद रहे।

## प्रशिक्षणार्थियों को अपना उत्पाद बाजार में बेचने संबंधी दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक्सपोर्ट मार्केटिंग एवं प्रलेखीकरण प्रक्रिया आधारित एक सप्ताह के प्रबन्ध विकास कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्यालय, कानपुर परिसर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आई.टी.एस.संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार डी.जी.एफ.टी. कानपुर अमित कुमार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बार में जानकारी देने के साथ प्रशिक्षणार्थियों को अपना उत्पाद बाजार में बेचन संबंधी जानकारी दी गई।

विशिष्ट अतिथि व शहर के प्रसिद्ध निर्यातक संदीप अवस्थी ने प्रतिभागियों से निर्यात संबंधी अपने अनुभव साझा किये। वही लघु उद्योग भारती के लाडली प्रसाद ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

आई.ई.डी.एस.संयुक्त निदेशक, एमएसएमई- विकास एवं सुविधा कार्यालय कानपुर वी.के.मिश्रा ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को अपने उत्पादों को यदि वैश्विक पहचान देनी है तो उन्हें इस योजना के माध्यम से अपने उत्पाद में नवीन डिजाइन एवं गुणवत्ता लानी होगी।कार्यक्रम में सीएसजेएमयू की सहायक डॉ. पूजा सिंह एवं आदित्य प्रताप सिंह द्वारा लिखित पुस्तक आधुनिक भारत में उद्यमिता का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक नीरज कुमार ने एमएसएमई मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्यात के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को बताया। कार्यक्रम में 27 सफल प्रशिक्षणार्थियों प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## चट्टा हटाओ अभियान के तहत 54 जानवरों किया गया जब्त



जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** शहर से चट्टा हटाओ अभियान के तहत महापौर प्रमिला पांडेय के नेतृत्व में नगर निगम का कैटल कैचिंग दस्ता शुक्रवार को नवयुग अस्पताल के सामने रामबाग क्षेत्र में पंहुचा। यहां गली के अंदर तीन बड़े चट्टे संचालित होते मिले। सबसे पहले टीम चट्टा संचालक असलम के चट्टे पहुंची, यहां टीम ने 15 भैंस, 4 गाय और बछड़े पकड़े। इसके बाद सलीम के चट्टे से भी प्रवर्तन टीम ने 6 भैंस पकड़ी। जब महापौर अब्दुल हकीम के चट्टे पर पहुंची तो यहां बड़ी संख्या में गोवंश और मवेशी मिले। इस दौरान टीम ने 19 भैंस, 4 गाय 3 बछड़े पकड़े। टीम ने अभियान के दौरान कुल 54 गोवंश और मवेशियों को पकड़कर जब्त किया। महापौर ने बताया कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद शहर में गंदगी फैला रहे इन सभी अवैध चट्टा संचालकों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। महापौर की तरफ से शनिवार सुबह 11 बजे प्रमिला सभागार मोती झील में एक बैठक बुलाई गई है इस बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समेत सभी 6 जोनों के ष्टस्ह्र को बुलाया गया है। अभियान के दौरान महापौर प्रमिला पांडे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निरंजन, कर्नल आलोक, सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र और आरआई शेख नफीस आदि रहें।

## जैपुरिया में सांस्कृतिक साहित्यिक महोत्सव कॉम्फेस्ट के प्रथम दिवस का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में शुक्रवार को सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, में देश के - सबसे बड़े छात्र आयोजित वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक साहित्यिक महोत्सव कॉम्फेस्ट के प्रथम दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से हुआ। इस तकनीकी सांस्कृतिक साहित्यिक महोत्सव कॉम्फेस्ट में प्रथम दिवस का शुभारंभ - कृष्ण वंदना पर आधारित शास्त्रीय नृत्य से हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि सुश्री त्वरा मिश्रा उप आयुक्त भारतीय राजस्व सेवा, आयकर विभाग, कानपुर एवं सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल कानपुर की पूर्व छात्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा बनर्जी ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक भाषण से समस्त प्रतिभागी दलों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या श्रीमती मधुश्री भौमिक, उप-प्रधानाचार्य गणेश तिवारी, मुख्य अध्यापक महेश कुमार मिश्रा विद्यालय के जी.एम. शैलेन्द्र अग्निहोत्री एवं आई. टी. प्रबंधन प्रमुख आलोक मिश्रा सहित प्रबंध तंत्र के समस्त सदस्य एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के उपरांत विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं। प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं में एथलेटिक अर्थमेटिक, वर्चुअल लैब, लॉस्ट इन रेडिशन, डिड यू जस्ट फेज देट क्रॉस बिट्स, टाइम अप, आई.टी. क्विज, ग्रैफिटी, रोबो वार्स, स्पेल इट राइट, इन्वर्ट ऑक्सफोर्ड, द सीजन बिगिन्स का सफल आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ का भाग लिया।

## जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य की राम कथा का हुआ समापन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में रामाभिराम राम सेवा संस्थान की ओर से पिछले 7 दिनों से चलने वाली जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य की राम कथा का शुक्रवार को अंतिम दिन रहा, कथा के समापन के साथ शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल पार्क में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के उद्घोष के बीच भंडारे का आनंद लिया,राम कथा के हो रहे इस भव्य कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद दिखाई दी। कथा के अंतिम दिन पहुंचे जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि आगे भी जब-जब इस तरह के आयोजन होंगे प्रशासन की सतर्कता पूरी तरह रहेगी। राम कथा के इस कार्यक्रम में एमएलसी अरुण पाठक, विधायक सुरेंद्र मैथानी, हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी आदि कई भाजपा के नेता मौजूद रहे ।

## धोखाधड़ी कर दूसरों का पैसा हड़पने वाले आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर


फिंगर क्लोन बनाकर खाते से रुपए निकालने का आ

* संचालक ने बताया कि 3 अगस्त 2023 को फाड को अंजाम दिया गया था

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के देवसड़ गाँव मे जन सेवा केंद्र में गाँव के दो युवकों पर फिंगर क्लोन बनाकर फ्रॉड करने का आरोप लगा है। मामला देवसड़ गाँव का है जहाँ पर गाँव निवासी नीरज सिंह पुत्र गोपी सिंह जो कि अपने ही गांव में जन सेवा केंद्र चलाते हैं और लोगों को उचित सुविधा देते हैं लेकिन संचालक के साथ गाँव के रहने वाले दो युवकों मुकेश कुमार पुत्र छोटे लाल व आशीष पुत्र नन्हा पा फिंगर फ्राड कर अनोखे त दस-दस हजार रुपये खाते से लिए। संचालक का आरोप युवको ने फिंगर क्लोन बना फाड को अंजाम दिया है कारण उनकी जन सेवा केंद्र डी बन्द कर दी गई है । सं बताया कि 3 अगस्त 2023 को अंजाम दिया गया था शिकायत संचालक ने स प्रभारी सतीश राठौर से की आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की

साढ़ थाना क्षेत्र के देवषड़ गाँव से एक माह पहले दोनो आरोपियों ने जनसेवा केंद्र से ग्राहकों के खाते से फिंगर क्लोन बनाकर दस- दस हजार रुपये हड़पने के आरोप में जेल भेजा गया था आरोपियों की ओर से अदालत में जमानत की अर्जी दाखिल की गई थी जिसकी सुनवाई करते हुए गुरुवार को अदालत ने उसे खारिज कर दिया। सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार कटियार ने बताया कि साढ़ थाना क्षेत्र देवषड़ गाँव के रहने वाले आशीष कुमार व मुकेश कुमार को पुलिस ने आम जनता के लोगों के अंगूठे के निशान का क्लोन बनाकर ठगी कर उनका पैसा निकालने के आरोप में जेल भेजा गया था ।आरोपियों की ओर से अदालत में जमानत की अर्जी दाखिल की गई थी जिसकी सुनवाई करते हुए गुरुवार को माननीय अपर जिला जज पंचम की अदालत ने सुनवाई कर जमानत खारिज कर दिया। जिससे आरोपियों के हौसले पस्त हो गए इस पूरे मामले को जन एक्सप्रेस अखबार ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था ।

अमेठी में गरजे सीएम योगी

# 699.79 करोड़ की लागत से 879 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## गोल्ड मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को तीन करोड़, साथ ही डिप्टी एसपी का पद भी : मुख्यमंत्री

### सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस । अमेठी








प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनपद में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करने के साथ ही 699.79 करोड़ की लागत से 879 परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। इस अवसर पर योगी ने सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अमेठी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में एक लाख ग्यारह हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया की बात देश के खिलाड़ियों के प्रति प्रत्येक युवाओं को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए आवाहन किया था। पूरे देश में खेल की प्रतियोगिताएं बढी थी। विगत तीन-चार वर्षो से हर संसदीय क्षेत्र में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है।

गांव से लेकर न्याय पंचायत स्तर पर, स्कूल से लेकर के कॉलेज स्तर पर और पूरे संसदीय क्षेत्र के एक-एक खिलाड़ी को विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ जोड़ा जा रहा है।पहले चरण में सैकड़ो की संख्या में दूसरे चरण में हजारों की संख्या में और अब अमेठी में एक लाख ग्यारह हजार खिलाड़ियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर खेलो इंडिया को बढ़ावा देने के सपने को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि एशियन गेम्स में 107 भारतीय खिलाड़ियों ने मेडल जीते।जिसमें से 25 फ़ीसदी मेडल उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार तीन-तीन करोड़ की रुपए की धनराशि देने के साथ ही उन्हें डिप्टी एसपी का पद भी देने जा रही है।

उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 80000 युवक मंगल और महिला मंगल दलों को खेल कूद किट प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। जिन्होंने अलग-अलग प्रतियोगिताओं अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीते थे। और नौकरी के लिए इधर-उधर तलाश रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में नौकरी और प्रतिभा की कमी नहीं है।प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में खेलकूद मैदान, प्रत्येक विकास खंड में मिनी स्टेडियम और जनपद स्तर पर एक स्टेडियम के निर्माण के साथ ही गांव-गांव में ओपन जिम बनाने के साथ ही खिलाड़ियों को स्पोर्ट किट भी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेठी आज अपने एक नए रूप में पहचान बना रही है। अमेठी में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होगी। इसके साथ ही लगभग 700 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया गया है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, आंगनबाड़ी, वन स्टाप सेंटर एवं अन्य विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं। जिसका लाभ अमेठी वासियों को मिलेगा।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं।जिनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को दिया जा रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार अमेठी के विकास के लिए कृत संकल्पित है। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के साथ ही अब सांसद सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। जिसके अंतर्गत गांव-गांव के कलाकारों को वैश्विक स्तर पर मंच प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पहला स्पोर्ट यूनिवर्सिटी मेजर ध्यानचंद के नाम से स्थापित कर रही है। जो उत्तर प्रदेश में खेल की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एवं अन्य मंत्रीगणों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत अमृत कलश में मिट्टी व अक्षत का संग्रहण किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी स्मृति इरानी ने सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए सभी खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को अमेठी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया था। जिसमें एक लाख ग्यारह हजार युवाओं ने प्रतिभाग किया।विजेता खिलाड़ियों को आज पुरस्कृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल जगत में गांव-गांव के खिलाड़ियों ने भाग लिया है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्रिकेटर सुरेश रैना, महिला खिलाड़ी पीटी उषा का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास राजनैतिक पेंशन धर्मपाल सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव, राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मयंकेश्वर शरण सिंह, सांसद उत्तर पूर्व दिल्ली मनोज तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेशअग्रहरि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, चौधरी, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, विधायक सलोन अशोक कोरी, सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ल, शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय, जिला अध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिला भाजपा प्रवक्ता चंद्रमोली सिंह,सहित जनप्रतिनिधि, मंडलायुक्त अयोध्या मंडल गौरव दयाल, आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र,पुलिस अधीक्षक डॉ इलमारन जी,मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व भारी संख्या में जन सामान्य मौजूद रहे।

# इंग्लिश मीडियम स्कूल की अध्यापिका की बुखार से हुई मौत

जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी

### आनन फानन में परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

मोहनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बगैर मान्यता प्राप्त पूरे निहाल सिंह मजरे पाकरगांव में हाईस्कूल तक की कक्षाएं संचालित की जा रही थी।उसी विद्यालय में लगभग ढाई वर्ष बतौर अध्यापिका के रूप में अनिल श्रीवास्तव की 22 वर्षीय पुत्री अर्चिता पढ़ाती थी।जो शुक्रवार को बिषम परिस्थितियों में सुबह कमरे में मृत अवस्था में मिली।जानकारी के अनुसार उसने घर में खाना तथा कपड़े आदि धुले फिर अपने कमरे चली गयी। सुलह स्कूल जाने के समय के बाद वह कमरे से आवाज़ देने के बाद नहीं बोली तो परिवार के लोग कमरे पहुचे तो मृत अवस्था में पड़ी मिली। यह जानकारी 9 बजे हुई तो उसे आनन फानन में उसको जलाने की ब्यवस्था में जुट गये। इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप से बात किया तो बताया विद्यालय मान्यता प्राप्त नहीं है। क्योंकि उसके कोई अभिलेख कार्यालय में नहीं जमा है। गौरतलब हो यह बिधालय कक्षा आठ तक इंग्लिश मीडियम तथा हाईस्कूल हिन्दी मीडियम संचालित हो रहा है।थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलने के पश्चात मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन परिवार के लोगो ने बुखार से मौत होने की बात कही।

# बढ़नी काटने गई युवती ट्रेन की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । तिलोई/अमेठी

तहसील तिलोई के जायस थाना क्षेत्र के गंगा राम पुरवा के निवासी स्वर्गीय अर्जुन की 16 वर्षीय पुत्री रूबी घर से जायस बहादुरपुर के बीच गाटर पुल के पास रेलवे पटरी की तरह गाडर कुस की बढ़नी काटने गई थी जो रेलवे पटरी पार कर रही थी कि इसी बीच बहादुरपुर की तरफ से ट्रेन का खाली इंजन आ रहा था। और 16 वर्षीय लड़की उसी ट्रेन इंजन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मौजूद जानवर चरा रहे लोगों के द्वारा जायस पुलिस को सूचना दी गई। वहीं थाना अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इज्जत घर शौचालय ने ले ली दो मासूमों की जान

जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी

ठेकेदारों के माध्यम से बनवाए गए इज्जत घर में हुई कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार की पोल खुल गई।

जहां इज्जत घर की दीवार गिरने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई।बताते चलें कि इन्हौना थानाक्षेत्र के चौधराना मोहल्ले में बीते बृहस्पतिवार की देर शाम दो बच्चे शौचालय के पास खेल रहें थे। तभी शौचालय की घटिया मटेरियल से बनी दीवार भरभरा कर ढह गई। वहीं आसपास के ग्रामीणों एवं परिजनों ने तत्काल गिरी दीवार के मलबे को हटाया लेकिन तब तक दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी।जानकारी के अनुसार इन्हौना कस्बा के चौधराना मोहल्ला निवासी हफीज को दो वर्ष पूर्व में शौच मुक्त गांव के तहत शासन की ओर से इज्जत घर का लाभ मिला था। लेकिन निर्माण कार्य में ठेकेदारों द्वारा कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार के चलते मानक विहीन शौचालय का निर्माण कराया गया था जिसका नतीजा रहा कि शौचालय ने दो मासूम बच्चों की जान ले ली दुर्घटना में कस्बा निवासी हफीज की बेटी आयत 2 वर्ष एवं अपनी नानी के घर आई माही पुत्री गुड्डू उम्र एक वर्ष की मलबे में दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इन्हौना पुलिस ने दोनों मासूम बच्चों के शव पंचनामा किया गया लेकिन वही परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं हुए। सवाल यह है कि आखिर इतनी बड़ी घटना का जिम्मेदार कौन? क्यों शासन व प्रशासन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाता है ? यह एक बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है।

# हिंदुस्तान लीवर कंपनी की दिल्ली से आई टीम की छापेमारी से दुकानदारों में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । सलोन, रायबरेली



जनपद के सलोन कस्बे में स्थानीय पुलिस और हिंदुस्तान लीवर कंपनी के एरिया मैनेजर सुभाष शर्मा व आपरेशन मैनेजर अंसार खान की संयुक्त टीम द्वारा दुकानों पर छापा मारा गया। जिससे क्षेत्रीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया। हिंदुस्तान लीवर कंपनी का नकली सामान बेचने वाले दुकानदारों पर दिल्ली से आई टीम ने मारा छापा। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नकली सामान हुआ भी बरामद किया गया। दुकानदारों द्वारा हिंदुस्तान लीवर कंपनी के डुप्लीकेट प्रोडक्ट की बिक्री की शिकायत पर दिल्ली से आई हुई टीम द्वारा की गई छापेमारी की कार्यवाही। कस्बे के चार दुकानदारों पर छापेमारी के दौरान नकली सामान बरामद किया गया। जिसके बाद कार्यवाही करते हुए सामान को जब्त कर लिया गया।

# मेडिकल कॉलेज और रेलवे स्टेशन में चार सौ लोगों की मिटाई भूख

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

जिले की अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वाधान में निःशुल्क रसोई के अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम के प्रत्येक बृहस्पतिवार को स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय तथा रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क भोजन वितरण का कार्य निरन्तर जारी है। इस बृहस्पतिवार 400 लाभर्थियों को निःशुल्क भोजन की थाली बांटी गई। राज्य मेडिकल परिसर में 300 और रेलवे स्टेशन परिसर में 100 जरूरतमन्दों ने स्वादिष्ट मुफ़्त भोजन से लाभान्वित हुए। संघ के कार्यकर्ताओं ने रसोई में स्वादिष्ट गुणवत्तापूर्ण भोजन के मीनू में अरहर की दाल, सब्जी, रोटी चावल तैयार किया गया था। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के अगुवाई में देर शाम जिला चिकित्सालय के मशहूर फिजीशियन डॉ अनिल कुमार ने मुफ्त भोजन वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा रास्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा प्रत्येक बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजो व उनके तीमारदारों और रेलवे स्टेशन पर भूखे यात्रियों जरूरतमन्दों को मुफ्त खाना खिलाना मानवता के हितार्थ बेमिसाल व सराहनीय कार्य है। इस पुनीत कार्य के प्रमुख सहयोगियों में डॉ जफर खान, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय निगम, शफीक सुल्तानपुरी, अता हुसैन, इस्लाम खान पप्पू, राज कुमार यादव, डॉ शादाब खान, राशिद मास्टर, लईक अहमद, सिकन्दर वर्मा, आसिफ खान, अमानत खान, सराफत खान, मुहम्मद मुज़तबा अंसारी, गुरुप्रीत सिंह, अम्बे यादव, सुफियान खान आदि लोगो ने निःशुल्क भोजन वितरण में अहम सहयोग रहा।

# अव्यवस्था का शिकार बनकर रह गया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्दीराय में अव्यवस्थाओ का बोलबाला है शासन के आदेश के बावजूद भी मरीजो को सरकारी दवाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। केन्द्र पर मरीजों को बेड तक मुहैया नहीं हो पाता मजबूरन मरीज ग्लूकोज की बोतले कुर्सियो पर बैठकर लेटकर लगवा रहे है।

एक तरफ मरीज इस समय चल रहे वायरल फीवर से परेशान है वही केन्द्र के कर्मचारी के अन्दर मानवता गायब है। गत दिनो हमारी टीम केन्द्र पर पहुंची तो एक पुरुष मरीज को बैठने के लिए बनी कुर्सी पर लिटा कर गुलकोज की बोतल लगाया जा रहा था दूसरी तरफ ही एक महिला मरीज को कुर्सी पर बैठा कर बोतल लगाई जा रही थी। ज्ञात रहे कि इस समय केन्द्र पर जिम्मेदारानो की गैर जिम्मेदाराना रवैये से मरीज बाहर से दवा लाने के लिए मजबूर है क्षेत्र के कई मरीजो ने बताया कि उन्हें केन्द्र से सिर्फ बोतल मुहैया हो जाता है दवा तथा इक्जेक्शन बाहर से मगाया जाता है पूछने पर बताया जाता है कि यहाँ नही है।

फिलहाल जिले से प्रत्येक पखवारे में दवाओं की खेप केन्द्र पर भेजी जाती है लेकिन कहाँ जाती शायद किसी को पता नही केन्द्र के डाक्टरो का यह आलम है पर्चे पर अगर तीन दवा केन्द्र की लिखी जाती है तो दो तीन दवा बाहर से जरूर लिख दी जाती है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बार बार स्वास्थ्य महकमो के अफसरो को साफ साफ निर्देश दिया गया है कि अगर बाहर से दवा लिखी गई तो खैर नही लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्दीराय पर शायद स्वास्थ्य मंत्री का आदेश बेअसर सावित है।

### दवा वितरण कक्ष पर नहीं है महिलाओं को दवा लेने की सुविधा

स्वास्थ्य केंद्र पर दवा वितरण कक्ष में दवा लेने के लिए मरीजों की भरी लाइन लगी रहती है महिला मरीज दवा पाने के लिए भीड में धक्का खाकर दवा पा रही है महिला मरीजों के लिए केंद्र पर अलग से दवा वितरण के लिए कोई भी कक्ष नहीं बनाया गया है दवा कक्ष में फार्मासिस्ट के अलावा अप्रशिक्षित ट्रेनिग पर चल रहे छात्र ही दवा का वितरण कर रहे हैं।

### क्षेत्र का यह केन्द्र राम भरोसे पर चल रहा है



इस बावत केन्द्र प्रभारी डा. राजेश से जानकारी की गई तो उन्होने बताया केन्द्र पर जो दवा मौजूद है उसी में मरीजो का इलाज किया जाता है बाहर की दवा नहीं लिखी जाती है।

### एक्सरे की नही है सुविधा

केन्द्र पर पूर्व में तो एक्सरे कक्ष बना था बोर्ड लगा बाकायदा यहां कर्मचारी की नियुक्ति हुई थी लेकिन इस समय केन्द्र से एक्सरे कक्ष गायब है नियुक्त कर्मचारी का स्थान्तरण हो गया यही सवाल जाहिर है कि जब केन्द्र पर एक्सरे मशीन ही उपलब्ध नही तो कर्मचारी की नियुक्ति कैसे हो गई क्या दिखावे के लिए पूर्व में एक्सरे कक्ष बनाया गया था। इस केन्द्र पर प्राय: मरीज की संख्या भारी भरकम देखी जा सकती है पहले तो चार बेड नीचे लगे थे अब मात्र दो बेड ही एक छोटे से रूम में सेट करके मरीज को भर्ती किया जाता है शेष रूम दूसरे तल पर है जिसमे बेड पर मरीज को भर्ती की सुविधा है लेकिन यही सोचने का विन्दु है कि केन्द्र पर बेड होते हुए भी मरीजो को कुर्सी पर बैठाकर क्यों बोतल चढाया जा रहा है।

# कॉलेज के पूर्व प्राचार्य निशाने पर, हत्या? की मिली धमकी

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड की आंच अभी थमी नहीं थी कि नारायण परिवार का नया कारनामा सामने आया है। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ धीरेंद्र बहादुर सिंह को हत्या की धमकी मिली है। हैरान परेशान प्राचार्य ने डीएम के जनता दर्शन में पहुंचकर सीडीओ से मदद की गुहार लगाई है। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सन् 2003 में बैनामा बृजेश नारायण उर्फ़ सरदार पुत्र महेश नारायण से खरीदा था। यह जमीन नगर कोतवाली के नारायणपुर मोहल्ले में खरीदी गई थी। सत्र 2009-10 में अपने प्लाट पर बाउंड्री वॉल कराया था। रंगदारी नहीं देने पर बैनामा लिखने वाले पक्ष ने बाउंड्री ढहा दी थी। जिस पर नगर कोतवाली में वर्ष 2022 में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी। 7 अक्टूबर को लेखपाल के साथ जब प्राचार्य अपने प्लाट पर पहुंचे तो बैनामा लिखने वालों ने जान से मार डालने की धमकी देते हुए भगा दिया। जिस पर 7 अक्टूबर को बृजेश नारायण सिंह, अंकुर सिंह और सौहार्द सिंह के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पीड़ित प्राचार्य का कहना है कि उनसे ?5 लाख की रंगदारी मांगी जा रही है। रिटायर्ड प्राचार्य ने डीएम के जनता दर्शन में पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक को प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है। सीडीओ ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर कब्जा दिलाने का निर्देश एसडीएम सदर को दिया है।

# रायबरेली टेन्ट एसोसिएशन ने राजन मिश्रा 'सेनानी' को दी श्रद्धांजलि



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

शुक्रवार को रायबरेली टेन्ट एसोसिएशन द्वारा स्थानीय सूर्या होटल में वरिष्ठ टेन्ट व्यवसायी दिवंगत राजन मिश्रा 'सेनानी' का श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धाँजलि सभा में वरिष्ठ व्यवसायी राजन मिश्रा के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया गया। रायबरेली टेन्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनमोहन कपूर ने कहा स्व0 मिश्रा व्यापारियों के सुख-दुःख में सदैव कन्धे से कन्धा मिलाकर साथ चलते थे, उनके निधन से टेन्ट व्यापारियों की अपूर्णनीय क्षति हुई है। रायबरेली टेन्ट एसोसिएशन दुःख की इस घड़ी उनके परिवार के साथ है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कहा कि राजन मिश्रा 'सेनानी' के रूप में व्यापारियों ने अपना एक मजबूत स्तम्भ खो दिया। अपने कार्य एवं व्यवहार के कारण राजन मिश्रा व्यापारियों एवं आम जनमानस के दिलों में सदैव अमर रहेंगे।

उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि राजन मिश्रा व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए विख्यात थे। गरीब युवक-युवतियों की शादी कराने के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रमों में सदैव बढ़-चढ़कर भागीदारी करते थे। वरिष्ठ व्यापारी नेता पपिन्दर सिंह सलूजा ने कहा कि राजन मिश्रा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये, राजन मिश्रा की कमी हमेशा खलेगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से सुरेश सिंह दानी, रतन सिंह सलूजा, सुरेश कुमार गुप्ता, रवि श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, शिब्बू पाण्डेय, पंकज शुक्ला, रोहित साहू, कम्मन खाँ, मनोज त्रिवेदी, आशुतोष निर्मल, धीरेन्द्र दीक्षित, तपस माली, विनय गुप्ता, पूजा लाइट, सतीश सिंह, महेन्दर अग्रवाल, त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, राजू पाल आदि लोग रहे।

# जनपद स्तरीय पराली प्रबंधन, रबी उत्पादकता, तिलहन मेला गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेसन फार इन-सीटू मैनेजमेंट आफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय पराली प्रबंधन, रबी उत्पादकता, तिलहन मेला गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर में आयोजित किया गया, जिसमें उप कृषि निदेशक द्वारा विभाग में चल रही है। समस्त योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई। उपजिलाधिकारी सदर द्वारा किसानों को पराली न जलाने हेतु जागरूक किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 आर0के0 कनौजिया द्वारा किसानों को खेतों में पराली जाने से होने वाली हानियों और पराली को डी-कम्पोजर का प्रयोग कर सड़ाकर खाद बनाने से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। डा0 आर0पी0 सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसानों को समसामयिक जानकारी दी गई। डा0 एस0वी0 सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

डा0 संजय सिंह द्वारा किसानों को किस प्रकार कम लागत में अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते है की जानकारी दी गई। प्रगतिशील कृषक राम गोपाल सिंह चंदेल वि0ख0 ऊंचाहार द्वारा डैगन फूड की खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसान भाई अपने खेतों में ड्रैगन फूड की खेती करके अधिक मुनाफा कमा सकते हैं इसी प्रकार और फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष सतीश कुमार द्वारा कृषि ड्रोन के बारे में किसानों को जानकारी दी गई और उसका डिमांस्ट्रेशन धान के खेत में कर के दिखाया गया। उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी एवं वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मिनी किट का वितरण किया गया। किसानों को पराली प्रबंधन करने हेतु प्रचार वाहन भी रवाना किया गया जो जनपद के सभी विकास खंडों में भ्रमण कर किसानों को पराली न जलाने हेतु जागरूक करेगा। अन्त में जिला कृषि अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मेले का समापन किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने किया वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शहर के महानंदपुर में वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन किया। इस केंद्र के बन जाने से पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर विधिक, आश्रय, भोजन, चिकित्सा, परामर्श तथा पुलिस सुविधा उपलब्ध होगी। प्रभारी मंत्री ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उसी के मद्देनजर वन स्टॉप सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि बहुत सी महिलाओं को सामाजिक और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। इन वन स्टॉप सेंट्रो पर उन्हें न केवल सुरक्षा प्राप्त होगी बल्कि कानूनी सहायता भी प्राप्त हो सकेगी। महिलाओं से जुड़े अपराधों को लेकर सरकार बहुत ही गंभीर है। प्रदेश सरकार चाहती है कि महिलाओं से संबंधित अपराधों में कमी आए और उन्हें त्वरित न्याय मिल सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 282 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर आज लगेंगें आयुष्मान मेले

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिले में आयुष्मान भवः अभियान का आगाज 17 सितम्बर को किया गया था। इसी के तहत प्रत्येक शनिवार को जिले के 282 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर, जबकि रविवार को जिले के 19 सीएचसी पर आयुष्मान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने दी। इस शनिवार के मेले में संचारी रोगों की स्क्रिनिंग पर जोर होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सीएचसी में आयुष्मान भव रविवारीय स्वास्थ्य मेले लगाए जा रहे हैं। इन सीएचसी पर रविवार को आयोजित मेले में चक्रानुक्रम में स्त्री रोग, बाल रोग, सर्जन, नेत्र और ईएनटी विशेषज्ञों की सेवाएं दी जा रही हैं। सीएमओ ने बताया कि आयुष्मान मेलों का स्वास्थ्य और पोषण की दृष्टि से काफी महत्व है। इसमें शनिवारीय मेले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लगाए जा रहे हैं। प्रथम शनिवार को उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। दूसरे शनिवार को टीबी, मलेरिया, डेंगू, कुष्ठ, फाइलेरिया जैसे संचारी रोगों के मरीजों की स्क्रीनिंग हो रही है। तीसरे शनिवार को गर्भावस्था जांच, नियमित टीकाकरण व पोषण संबंधी सेवाएं दी जाएंगी। चौथे शनिवार को नेत्र देखभाल संबंधी सेवा घर के नजदीक ही दी जाएंगी।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# दोनों डिप्टी सीएम को काम नहीं करने दे रहे हैं मुख्यमंत्री, हम बता रहे हैं मंत्रियों का दर्द : अखिलेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दोनों उप मुख्यमंत्रियों को मुख्यमंत्री काम नहीं करने दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हर तरफ अत्याचार व अन्याय है, जिसकी समीक्षा सरकार के करने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, क्योंकि अब असली समीक्षा आने वाले चुनाव में जनता करेगी। अखिलेश यादव प्रदेश पार्टी मुख्यालय पर कश्यप, निषाद, बिंद और मछुआ समाज के कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के अपनी एक्स (पहले ट्वीटर) हैंडल पर नाम से पहले सर्वेंट जोड़े जाने संबंधी सवाल पर अखिलेश ने कहा कि पहले यह देख लिया जाए कि यह एक्स हैंडल बृजेश पाठक खुद चला रहे हैं या कोई और। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम सही मायने में पब्लिक सर्वेंट (सरकारी नौकर) बन कर दिखाएं। आज स्थिति यह है कि उनके मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप हो चुकी हैं। अखिलेश ने कहा कि सही बात तो यह है कि इस सरकार में किसी भी मंत्री पर काम नहीं है। मुख्यमंत्री किसी को काम नहीं दे रहे है। अखिलेश ने कहा कि हम तो मंत्रियों का ही दर्द रख रहे हैं और इससे वे अंदर ही अंदर खुश भी होंगे। उन्होंने जमीनी विवाद में देवरिया में हुई हत्याओं के लिए सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा भाजपा के ही भीतर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते इस मामले को हवा दी गई। भाजपा का आंतरिक सर्वे हुआ, जिसमें किसी के टिकट कटने की बात आई तो दूसरे दावेदार ने यह मुद्दा उठाने में अपना हित समझा। बुंदेलखंड में पीएम ने मिसाइल बनाए जाने की बात कही थी, कम से कम दीवाली पर सुतली बम ही बना दें।

### बिंद-कश्यप समाज को तो नहीं मिला नियुक्ति पत्र

अखिलेश ने कहा कि सीएम नियुक्ति के प्रमाणपत्र बांट रहे हैं, लेकिन बिंद, मछुआ और कश्यप समाज के एक भी व्यक्ति को यह नहीं मिला।

### भाजपा दे सकती है जातीय जनगणना का आश्वासन

अखिलेश ने कहा कि उम्मीद है कि वर्ष 2024 का चुनाव आते-आते भाजपा भी जातीय जनगणना का आश्वासन दे सकती है।

### भूपेंद्र चौधरी ने अखिलेश के बयान को निंदनीय बताया

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर दिए बयान को निंदनीय बताया है। चौधरी ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता के लिए यह कोई नई बात नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में ब्रजेश पाठक यूपी के वरिष्ठ नेता हैं। वह पिछली सरकार में मंत्री भी रहे हैं। इससे पहले सांसद भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतने प्रतिष्ठित व्यक्ति के लिए राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके व्यक्ति का ऐसा व्यवहार अशोभनीय और निंदनीय है।

### प्रदेश में धान खरीद नहीं

अखिलेश ने कहा कि यूपी में न तो आलू खरीदा गया और न ही धान खरीद हो रही है। यह सरकार उद्योगपतियों की है। गोरखपुर में नशीले पदार्थ पकड़े जाने पर कहा कि आखिर यह कहां भेजा जा रहा था। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के पर्दाफाश अभियान पर कहा कि पर्दाफाश तो बीजेपी के कामों का होना चाहिए। इस्रायल में युद्ध पर कहा कि हम समाजवादी युद्ध के पक्ष में नहीं है।

# पशुचर की सुरक्षित जमीन पर भू माफियाओं का कब्जा बरकरार

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार जहाँ पूरे प्रदेश में एंटी भूमाफिया अभियान चलाकर भूमाफियाओं पर नकेल कसने का काम कर रही है।वहीं दूसरी तरफ कुछ दबंग भूमाफिया अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।शासन के मंसूबों पर पानी फेरने व प्रशासन के अभियान को धता बताकर कुछ दबंग सरकारी व पशुचर की जमीन पर कब्जा कर अपना वर्चस्व कायम किए हैं।पूरा मामला लखनऊ के मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के सिसवारा पंचायत में खसरा नंबर 38 जो लगभग 15बीघा है जिस पर सिसवारा गांव के कुछ भू माफिया कब्जा कर खेती किसानी कर रहे है और क्षेत्र में पशुओं को चरने के लिए कोई जगह नही है सिसवारा गांव निवासियों ने मलिहाबाद उपजिलाधिकारी से गुहार लगाई है की भू माफियाओं से सुरक्षित पशुचर की जमीन खाली करवा कर भू

* भू माफियाओं के सामने बौना साबित हो रहा प्रशासन



माफियाओं के खिलाफ उचित कार्यवाही करे।इसी प्रकार से मामला उमरावल पंचायत का है जहाँ दबंग भूमाफियाओं ने पशुचर की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है।उमरावल में पशुचर भूमि जिसकी गाटा संख्या 1152/0.531हे 1153/0.228हे व 1156/0635 हे है इसी प्रकार ग्राम नरायनपुर में गाटा संख्या 12/0.068 हे 310/0196हे खलिहान तथा तथा गाटा संख्या 9स 1137/0.089 हे 1171/0.063 हे तालाब की जमीन है जो सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई है इसपर दबंगों ने मकान बनवा लिया है।वहीं गाटा संख्या 11/0.068हे व 68/0.028 हे जिसपर दबंग काबिज होकर कृषि का कार्य कर रहे हैं।आलम यह है कि शिकायतकर्ता कमलेश कुमार रावत ने कई बार तहसील मलिहाबाद में लिखित प्रार्थना पत्र दिया परन्तु दबंगों के आगे बेबस प्रशासन ने अभी तक कार्यवाही के नाम पर सिर्फ शून्य का संकेत दिया है।सरकारी भूसम्पत्ति पर दुकान व मकान बनवाकर अपना वर्चस्व कायम रखने में समर्थ दबंगों के विरुद्ध अभी तक राजस्व विभाग ने कोई रिपोर्ट तक आलाधिकारियों को नहीं भेजी है।

# यूपी में बीते पांच साल में बेरोजगारी दर हुई आधी से भी कम 2017-18 में थी दर 6.4 प्रतिशत, अब रह गई 2.6 प्रतिशत



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश ने रोजगार के क्षेत्र अभूतपूर्व प्रगति की है। आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी थी, जो वर्ष 2022-23 में घटकर 3.4 फीसदी रह गई। वहीं, यूपी में बेरोजगारी दर वर्ष 2017-18 में 6.4 फीसदी थी, जो वर्ष 2022-23 में घटकर 2.6 फीसदी हो गई। आंकड़ों के मुताबिक सरकार के मिशन रोजगार अभियान का असर दिख रहा है। साढ़े छह वर्ष में प्रदेश सरकार ने छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ा है। प्रदेश में निजी क्षेत्र में भी निवेश बढ़ा है और नई नौकरियां व रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। माना जा रहा है कि इन प्रयासों से केवल पांच साल में बेरोजगारी दर में 3.8 फीसदी की कमी आई है। सीएम योगी लगातार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं।

### इन विभागों को मिले हैं नियुक्ति पत्र

- पुलिस विभाग में लगभग डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां दी गईं
- जुलाई-अगस्त में 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र
- अक्तूबर में 394 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र
- लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्य को नियुक्ति पत्र
- 9 जून को 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र
- 10 जून को एसजीपीजीआई में नवचयनित 1442 स्टॉफ नर्सों की नियुक्ति
- 17 जून को 102 उद्यमी मित्रों की नियुक्ति व 232 करोड़ प्रोत्साहन राशि
- 6 जुलाई को पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 1148 पदों पर नियुक्ति पत्र
- 8 जुलाई को कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 227 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र
- 13 जुलाई को 199 समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की नियुक्ति
- 311 कनिष्ठ सहायकों समेत कुल 510 लोगों को नियुक्ति पत्र
- 15 जुलाई को अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 400 नवचयनित को पत्र
- 18 जुलाई को नवचयनित 1573 एएनएम को नियुक्ति पत्र
- 20 जुलाई को 700 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

# आगामी सम्मेलन व अभियानों को लेकर भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक







जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय की बैठक में जनप्रतिनिधियों जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों मोर्चा अध्यक्षों के साथ आगामी कार्यक्रमों नारी वंदन एवं अनुसूचित सम्मेलन हेतु बैठक की गई जिसमें लखनऊ के जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने अध्यक्षता की इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने नारी वंदन अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी एवं अनुसूचित जनजाति आगामी एक भव्य सम्मेलन लखनऊ में पूरे अवध क्षेत्र के सभी 15 जिलों का होना सुनिश्चित हुआ इसकी जानकारी दी। जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को होने वाले सम्मेलनों में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही इस अवसर पर अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्वेता सिंह अवध क्षेत्र के मंत्री विकास सिंह बीकेटी के विधायक योगेश शुक्ला मोहनलालगंज के विधायक अमरेश रावत मलिहाबाद की विधायिका जय देवी कौशल जिले के सभी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परिवहन निगम जल्द शुरू करेगा 350 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम द्वारा 100 नग स्टैण्डर्ड वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को क्रय करने के लिए व 250 नग स्टैण्डर्ड वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों को जीसीसी मॉडल पर सीईएसएल के माध्यम से अनुबंध करने के लिए परिवहन निगम बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है। बसों को भारत सरकार पीएमई बस सेवा के अंतर्गत कनवर्जेन्स एनर्जी सर्विसेज लि द्वारा अनुबंध पर लेने की कार्यवाही की जायेगी। जल्द ही बोर्ड द्वारा इस पर निर्णय लिया जायेगा। इन बसों के बस बेड़े में शामिल हो जाने से प्रदेश के लोगों को अच्छी और स्वास्थ्य के अनुकूल इलेक्ट्रिक बसें चलने के लिए उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक बसों को चलाया जाना हरित पर्यावरण के लिहाज से जरूरी है।परिवहन मंत्री ने बताया कि 30 जून, 2028 तक 05 हजार इलेक्ट्रिक बसों को परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किये जाना प्रस्तावित है। एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों में संचालन हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग के निर्देशानुसार इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक बसों का ही संचालन किया जाना है।

# अधिक से अधिक महिला श्रमिकों का होगा पंजीकरण

* योगी सरकार ने महिला श्रमिकों को कार्य के समान अवसर प्रदान कराने के दिए निर्देश
* महिलाओं के लिए कार्य स्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कराने का भी आदेश
* प्रदेश भर में श्रमिकों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक करने के लिए लगाए जायेंगे कैंप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सीएम योगी द्वारा मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत से पूर्व योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अधिक से अधिक महिला श्रमिकों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनके परिवार को आजीविका भी सुनिश्चित की जा सके। यही नहीं, महिलाओं को कार्य के समान अवसर प्रदान कराते हुए कार्य स्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बापू भवन में विभाग के प्रमुख क्रियाकलापों पर प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने सराहनीय कार्य किए हैं, इन्हें आगे भी जारी रखा जाए। प्रदेश में जगह-जगह कैम्प लगाकर महिला श्रमिकों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया जाए, ताकि श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने के साथ ही दुर्घटना रहित, सुरक्षित औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण द्वारा श्रमिकों की नियमित कौशल वृद्धि सुनिश्चित करते हुए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

### अटल आवासीय विद्यालयों के अगले सत्र की तैयारी

उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत के संचालित आवासीय विद्यालयों का सतत निरीक्षण किया जाए और विद्यालयों के संचालन में यदि कोई कमी दिखाई देती है, तो उसे शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि अगले सत्र की तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए, ताकि बाद में कोई समस्या न आए। उन्होंने कहा कि श्रमिक विकास कार्यों की आधारशिला हैं, इसलिए उनका आर्थिक एवं सामाजिक हितलाभ सर्वोपरि है। संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सुनिश्चित हित लाभ अधिकारों को संरक्षित रखा जाए और औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

### श्रमिकों के हितों के लिए विभाग ने उठाए कई कदम

बैठक में प्रमुख सचिव श्रम, अनिल कुमार ने कहा कि औद्योगिक नगरों में कारखानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए आवास की व्यवस्था और विभिन्न श्रमिक अधिनियमों से सम्बन्धित कार्यों को ऑनलाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि व्यापार जगत की सुगमता हेतु अधिकांश सेवाओं को ऑटोमेटेड किया गया है।श्रमिकों एवं सेवायोजकों के मध्य विवादों के न्यायिक समाधान के लिए 20 श्रम न्यायालय तथा 06 औद्योगिक न्यायाधिकरण स्थापित किए गए हैं। ई-श्रम पोर्टल में उत्तर प्रदेश के 8.31 करोड़ असंगठित कर्मकारों का पंजीयन किया गया। व्यापारियों और स्व-नियोजित व्यक्तियों के लिए पेंशन योजना में 12,584 पंजीयन के साथ देश में प्रथम स्थान पर और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में 6.71 लाख से अधिक पंजीयन के साथ दूसरे स्थान पर है। प्रदेश के उ0प्र0 कर्मचारी राज्य बीमा योजना से 41 जिले आच्छादित हैं। अब तक 28.68 लाख बीमाकृत व्यक्ति पंजीकृत हैं।

### उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विश्वविद्यालय परिषद की तैयार होगी नियमावली : डॉ महेंद्र देव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। शिक्षा निदेशक माध्यमिक, सभापति राज्य मुक्त विद्यालय परिषद, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में बुधवार को विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ में राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के अधिनियम, 2008 के संबंध में बैठक आहूत की गयी ।सभापति डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि बैठक में अपर शिक्षा निदेशक, पत्राचार शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज,निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद द्वारा पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश,उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के अधिनियम 2008 पर विस्तारपूर्व प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें बोर्ड के उपस्थित सदस्यों द्वारा आम सहमति से यह निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद की नियमावली तैयार की जाय तथा साथ ही साथ चरणबद्ध तरीके से विभिन्न समितियों के गठन आदि एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्य किया जाय तथा बोर्ड की आगामी बैठक के लिये विचार-विमर्श किया गया ।बैठक में बोर्ड के सदस्य ,प्रतिनिधि, सभापति,अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद, गर्ल्स व पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के विशेषज्ञों एवं सहायकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

आगामी दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा चलाई जा रहीं निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | वाया | आवृति/ चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07651 | जालना | छपरा जं. | वाराणसी जं. | बुधवार | 27.09.23 | 18.10.23 से 29.11.23 तक |
| 07652 | छपरा जं. | जालना | वाराणसी जं. | शुक्रवार | 29.09.23 | 20.10.23 से 01.12.23 तक |
| 02575 | हैदराबाद | गोरखपुर जं. | लखनऊ सिटी | शुक्रवार | 29.09.23 | 24.11.23 तक |
| 02576 | गोरखपुर जं. | हैदराबाद | लखनऊ सिटी | रविवार | 01.10.23 | 26.11.23 तक |

नोटः- शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3195/2023

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ


# औद्योगिक विकास मंत्री ने की मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने जब से उद्योग विभाग की जिम्मेदारी सम्भाली है, राजकीय मुद्रणालय का आधुनिकीकरण और विभिन्न विभागों के अधिक से अधिक राजकीय समग्री का मुद्रण गवर्नमेंट प्रेस में ही हो यह उनकी प्राथमिकता रही है। जिसे धरातल पर लाते हुए लखनऊ के ऐशबाग में स्थित राजकीय मुद्रणालय के आधुनिकीकरण की योजना बनाई गई है, जिस पर 250 करोड़ रूपए खर्च होगा। पिकअप भवन सभागार में मंत्री नन्दी की अध्यक्षता में बैठक में राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग के अधिकारियों ने राजकीय मुद्रणालय लखनऊ के आधुनिकीकरण का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया, जिसे मंत्री नन्दी ने मंत्री परिषद में भेजने के निर्देश दिए।मंत्री नन्दी ने आज पिकअप भवन सभागार में मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग के कार्यों एवं आधुनिकीकरण योजना की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने मंत्री नन्दी को बताया कि राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग की वेबसाइट को अपडेट कर दिया गया है, जिसमें विभाग से सम्बंधित सारी जानकारी उपलब्ध है। वहीं कच्चे माल की इन्वेन्ट्री आदि के डिजिटिलाइजेशन की जिम्मेदारी यूपीडेस्को को सौंपी गई है, जो जल्द ही कार्य शुरू करेगा। अधिकारियों ने बताया कि विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती की जाए, इसकी प्रक्रिया चल रही है। कार्मिक एवं वित्त विभाग की सहमति के बाद प्रस्ताव को मंत्री परिषद में भेजा जाएगा।अधिकारियों ने बताया कि राजकीय मुद्रणालय ऐशबाग लखनऊ में माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज से सम्बंधित सादी उत्तर पुस्तिकाएं, उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद, विभागीय परीक्षाओं से सम्बंधित उत्तर पुस्तिकाएं, आयुष विभाग की होमियोपैथिक परीक्षा से सम्बंधित सभी उत्तर पुस्तिकाएं, 15 जनपदों से सम्बंधित विभिन्न विभागों पुलिस, राजस्व, चकबंदी, भूलेख, कृषि इत्यादि से सम्बंधित समस्त प्रपत्रों का मुद्रण कार्य तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा, विधान परिषद के सत्र से सम्बंधित एजेण्डा, विधायिका व अन्य मुद्रित सामग्रियों का मुद्रण कार्य, राजभवन सचिवालय से सम्बंधित मुद्रण कार्य, राज्यपाल के लेटर हेड आदि का मुद्रण कार्य, भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन से सम्बंधित मतपत्रों, प्रपत्रों एवं स्टेशनरी आदि का मुद्रण कार्य, उत्तर प्रदेश सचिवालय से सम्बंधित कार्य किए जाते हैं, लेकिन क्षमता कम होने के कारण सभी विभागों की जरूरतें निर्धारित समय में पूरी नहीं हो पाती हैं।

### प्रदेश में संचालित स्कूल एवं कालेजों में चलाया जाएगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शुक्रवार को निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2024 में युवा वर्ग के मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावलियों में शामिल किए जाने के लिए चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान के संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई ।बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग से अपेक्षा की गई की विभाग के अंतर्गत संचालित स्कूल-कॉलेज में1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु व्यापक अभियान चलाया जाए।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

| कार्य का नाम | स्टेशन सूची | अर्नेस्ट मनी | कार्य अवधि | आवेदन प्रपत्र का मूल्य | स्थान का नाम व पता जहाँ से आवेदन प्रपत्र प्राप्त किये जायेगे | आवेदन जमा करने का समय एवं तिथि तथा आवेदन खुलने की तिथि एवं समय | रेलवे की वेबसाइट का नाम जिसमें पूर्ण आवेदन का प्रपत्र देखा व डाउन लोड किया जा सकें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लखनऊ मण्डल के 03 विभिन्न स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग, एजेन्ट (STBA) का आवंटन | सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। | रू. 2000/- NGS-06 (दो हजार केवल NGS-06) वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उ0रे0, लखनऊ के पक्ष में देय। | NSG-06- (03 वर्ष) | रू. 1180/- (रू. 1000 + 18%GST = 1180/- ) | आवेदन, आवेदन बाक्स नं0-5 जो कार्यालय के मुख्य द्वार पर आर0पी0एफ0 कार्यालय के बगल में स्थित है, डाले जायेंगे। | आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय 16.10.2023 को 11:00 बजे से 17.11.2023 समय 14:00 बजे तक आवेदन खुलने की तिथि एवं समय 17.11.2023 को 15.00 बजे | www.nr.indianrailways.gov.in आवेदन का प्रपत्र से प्राप्त किय जा सकते है। |

Notice No. C/145-02-2023/Oct/STBA Dated : .10.2023 3186/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेमोग्राफी हमारी विशेषता व ताकत

**विकसित देश बनने की आकांक्षा कायम रखते हुए अपनी विकास प्रक्रिया को हरित भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का प्रयास किया है। आज भारत वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में है। सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय बायो फ्यूल गठबंधन जैसे नीतिगत फैसले लिए गए हैं जिन्हें व्यापक वैश्विक समर्थन मिला है। हमारी संसद में भी पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर लगातार चर्चा हुई है। इसी संवाद के माध्यम से राजनीतिक मतभेदों से परे नवीकरणीय ऊर्जा के लिए नीति निर्माण पर देश में आम सहमति का निर्माण हुआ है।**

*भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन की अपूर्व सफलता और वैश्विक मुद्दों के समाधान की दिशा में भारत की अग्रणी भूमिका की समूची दुनिया में प्रशंसा हुई है। यह गौरव का विषय है कि इस सम्मेलन का समापन भी हमारी वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की अवधारणा को मजबूत करने वाले साझा घोषणा पत्र से हुआ। विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा और प्रभाव का अनुमान इसी से हो जाता है कि संवेदनशील मुद्ददों पर भी सबकी सहमति बनी है। जी-20 शिखर सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में भारत के लिए गर्व और सम्मान का एक विषय यह भी है कि भारत की संसद को जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों का सम्मेलन 'पी-20' की मेजबानी का मौका मिला है। दिल्ली में 13 व 14 अक्टूबर को हो रहे इस सम्मेलन में जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के अतिरिक्त आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भी सम्मिलित होंगे। संसद किसी भी देश की सर्वोच्च विधायी निकाय होती है जिसके माध्यम से ही जनप्रतिनिधि, जनआकांक्षाओं व अपेक्षाओं को सदनों में रखते हैं और वे ही कानूनों व नीतियों का निर्माण करते हैं। भारत, दुनिया की उन प्राचीन सभ्यताओं में से हैं जहां बहुरंगी विविधता और जिसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। भारत में लोकतंत्र की सदियों पुरानी अवधारणा है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी सभा, समिति व संसद जैसी सहभागी संस्थाओं का उल्लेख है। इसलिए लोकतंत्र हमारी सोच में, हमारी जीवन शैली में है। भारत ने अपनी 75 वर्षों की लोकतान्त्रिक यात्रा में साबित किया है कि हमारी डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेमोग्राफी हमारी विशेषता भी है और हमारी ताकत भी है। लोकतंत्र की शक्ति से हमने समय समय पर आने वाली चुनौतियों का सामना कर समाज के सभी वर्गों के बीच सामंजस्य बनाया है और सबका सामाजिक व आर्थिक विकास सुनिश्चित किया है। यह कहना होगा कि जनकेन्द्रित विकास, समावेशी विकास हमारी लोकतान्त्रिक यात्रा के केंद्र में रहा है। लोकतंत्र की जननी भारत में पी -20 सम्मेलन के आयोजन का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि जी -20 में वैश्विक मुद्दों पर सर्वसम्मति मानवता के साझे भविष्य से जुडी हैं। हमारी संसदों में भी जनप्रतिनिधि इन्हीं मुद्दों पर व्यापक चर्चा के बाद एक सामूहिक दृष्टिकोण बनाते हैं। इससे चुनौतियों के सामूहिक समाधान निकालने में हमें सहायता मिलती है। इसलिए पी 20 सम्मेलन में भी भारत की संसद, वैश्विक स्तर पर सभी देशों की संसदों को साथ लेकर विश्व और मानवता के समक्ष महत्वपूर्ण समसामयिक मुद्दों के समाधान के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास करेगी। 9वें पी-20 सम्मेलन में मूल रूप से पर्यावरण के लिए जीवनशैली, सतत विकास लक्ष्य, जलवायु परिवर्तन, महिला नेतृत्व में विकास तथा मानवता के साझे भविष्य से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। सतत विकास लक्ष्यों ने विश्व में समग्र मानव विकास की संकल्पना को साकार करने के प्रयासों को निश्चित ही गति प्रदान की है। जैसे-जैसे हम वर्ष 2030 के करीब पहुंच रहे हैं, इस पहल के तहत हासिल उपलब्धियों का आकलन करना और इन्हें साकार करने के प्रयासों में तेजी लाना और महत्वपूर्ण हो जाता है। सतत विकास के इन लक्ष्यों में कई ऐसे हैं जिनका असर देशों की सीमाओं तक ही नहीं बल्कि सार्वभौमिक होता है। जरूरत इस बात की है कि इन मुद्दों पर देशों की संसदों में चर्चा व संवाद हो और सभी विरोधाभासों को समाप्त कर आम राय बने। राष्ट्रों की संप्रभुता बनाए रखते हुए इन मुद्दों पर देशों के बीच नीतिगत सहमति भी विकसित होनी चाहिए।*

### एक्सप्रेस आलेख

**कोरोना महामारी के दौरान विदेश में रह रहे भारतीयों को देश लाने के लिए पांच मई 2020 को एक नौसैनिक अभियान 'ऑपरेशन समुद्र सेतु' सामने आया था, जिसमें कि 3,992 भारतीय नागरिकों को देश वापस लाया गया। ऑपरेशन वंदे भारत 2021 की शुरुआत में चलाया गया। इसमें उन भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी हुई जो दुनियाभर में कोरोना महामारी शुरू होने के बाद विदेश में फंसे हुए थे। 30 अप्रैल 2021 तक, ऑपरेशन के विभिन्न चरणों के माध्यम से लगभग 60 लाख भारतीयों को वापस लाया गया। ऑपरेशन देवी शक्ति को अभी दो साल पूर्व 2021 में पूर्णता प्रदान की गई जिसमें अफगानिस्तान से सैकड़ों भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था।**



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# विदेशी धरती पर संकट में फंसे भारतीय नागरिकों के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता

**भारत ने युद्धग्रस्त लीबिया में फंसे अपने नागरिकों को बचाने के लिए 2011 में 'ऑपरेशन होमकमिंग' शुरू किया और 15,400 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी कराई गई। 2015 में ऑपरेशन राहत उन परिस्थिति में आरंभ हुआ जब यमन में गृह युद्ध शुरू हो गया था। भारत ने समुद्र के रास्ते अपने नागरिकों को निकालने का विकल्प चुना।**

दुनिया में कहीं भी संकट आया हो, भारत सरकार ने अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस स्वदेश लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है और इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए इजरायल में फंसे हजारों भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश वापस लाने के लिये ऑपरेशन 'अजय' हम सभी के सामने है। केंद्र की मोदी सरकार यह कार्य ऐसे संकटकालीन समय में कर रही है जब हमास के आतंकवादियों ने इजरायल में घुस कर आम नागरिकों, यहां तक कि बच्चों को भी हैवानियत के साथ कत्ल किया है। देखा जाए तो इजरायल में करीब 18 हजार भारतीय नागरिक काम या पढ़ाई के सिलसिले में रह रहे हैं। यहां रहने वाले भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा देखभाल करने वालों के रूप में काम करता है, लेकिन वहां लगभग एक हजार छात्र, कई आईटी पेशेवर और हीरा व्यापारी भी हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने का सिलसिला मोदी सरकार ने शुरू किया है। मौजूदा हालत में भारतीय लोगों की सहायता के लिए इमरजेंसी नंबर जारी हुए हैं और भारतीय नागरिकों का भारत लौटना भी शुरू हो गया है। भारत लौटने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही है, जैसे कि अब वे सभी चिंताओं से मुक्त हो गए हैं । लैंड होते ही यात्रियों ने भारत माता की जय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के भी नारे भी लगाए। भारत लौटी रांची की विनिता, उत्तराखण्ड के आरती जोशी, आयुष मेहरा हों या मनोज कुमार, स्वाति पटेल एवं अन्य भारतीय, सभी आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भारत सरकार द्वारा उनकी फिक्र किए जाने के लिए हर्षित हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने यह स्पष्ट कहा भी है, हमारी सरकार किसी भी भारतीय को कभी पीछे नहीं छोड़ेगी। हमारी सरकार, प्रधानमंत्री उनकी सुरक्षा के लिए, उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे यहां तक कहते हैं कि हम विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, विदेश मंत्रालय की टीम, एयर इंडिया के चालक दल के भी आभारी हैं जिन्होंने हमारे बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ घर वापस लाया और उनके प्रियजनों के पास वापस पहुंचाया। वस्तुतः यह पहला अवसर नहीं है जब किसी विदेशी धरती से भारत अपने नागरिकों को संकटकालीन समय में सुरक्षित स्वदेश लेकर आया है। इससे पहले भी कई बड़े ऑपरेशन



**ऑपरेशन गंगा 2022 है जिसके बारे में हम विस्तार से चर्चा कर ही चुके हैं और ऑपरेशन कावेरी इस साल अप्रैल में सूडान में सेना और अर्ध सैनिकों के बीच जारी संघर्ष के बीच भारत ने हिंसाग्रस्त देश से अपने लोगों की निकासी के लिए चलाया।**

सफलता पूर्वक कर चुका है। भारत ने हमेशा अपने एक-एक नागरिक के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यूक्रेन-रूस युद्ध के समय भी हमने देखा, वॉर छिड़ने के तुरंत बाद, पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन गंगा' नामक एक बहु-आयामी निकासी अभियान शुरू किया था । यूक्रेन में कीव, ल्वीव, चेर्निहिव से भारतीयों का आना आरंभ हुआ, फिर इस निकासी प्रक्रिया को तेज करने के लिए, विदेश मंत्रालय ने पोलैंड में वॉरसा, शेहिनी-मेडिका और क्राकोविएक सीमा पार, हंगरी में जाहोनी, किप टायसा सीमा पार, स्लोवाक गणराज्य में विस्ने नेमेके सीमा पार और रोमानिया में सुसेवा सीमा पार पर अपनी टीमें तैनात कर दी थीं, ताकि किसी भी भारतीय को स्वदेश लाने में कोई दिक्कत न आए। संकटग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को 'ऑपरेशन कावेरी' चलाकर सुरक्षित भारत लाया गया । यहां से आए भारतीयों ने तो स्पष्ट बताया कि सूडान में सबसे पहले भारत ही अपने नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए पहुंचा था। वहां स्थिति काफी खतरनाक थी मोदी सरकार से इस बचाव अभियान को भी बड़ी ही तेजी के साथ चलाया था । इससे पहले अफगानिस्तान में चले गृहयुद्ध को भी याद किया जा सकता है, जब तालीबानियों ने आम लोगों को अपना निशाना बनाया, तब भी भारतीय वायुसेना और एयर इंडिया के विमान लगातार अफगानिस्तान से भारतीयों को लेकर स्वदेश आते रहे। निश्चित ही तालिबानी आतंकियों के बीच से भारतीयों को सुरक्षित ले आना कोई छोटी बात नहीं थी । जब अफगानिस्तान से सीधे भारत आना संभव नहीं हो रहा था, तब भी अपनी इच्छा शक्ति की दम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ताजिकिस्तान, कतर के रास्ते या अन्य रास्तों से काबुल से भारतीयों को दिल्ली एवं देश के अन्य भागों में सुरक्षित पहुंचा रही थी । इसे आप मोदी राज में भारत सरकार की शक्तिशाली विदेश नीति भी कह सकते हैं, जिसमें हम टोगो जेल में बंद पांच भारतीयों को सुरक्षित रिहा करवा पाने भी सफल रहे।भारत सरकार 2015 में यमन में फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाई थी। वह अपने आप में एक मिसाल है। भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा से इन्हें पहले जिबूती ले जाया गया, वहां से इन्हें भारत वापस लाया गया। उस समय यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना ने सैन्य कार्रवाई शुरू की थी, जिसमें हजारों भारतीय फंस गए थे। आप देखिए, यूक्रेन में फंसे ग्यारह सौ भारतीय हों, लीबिया में फंसे रहे तीन हजार सात सौ पचास भारतीय या फिर इराक में सात हजार दो सौ भारतीय नागरिक हों।

### एक्सप्रेस कविता

*ज्ञान है तो शान है ज्ञान बढ़ाओ देश का गौरव और आन बान शान जोर शोर से बढ़ाओ। ज्ञान है तो विज्ञान है विज्ञान है तो ब्रह्मांड है और ब्रह्मांड है तो सत्य है । सत्य के आगे मिथ्या, अंधविश्वास आडंबर कट्टरपंथ सब निरर्थक है। जब ज्ञान और विज्ञान का प्रभाव आधा है तब ही अंधविश्वास, कट्टरपंथ, संप्रदायवाद, देश के विकास के लिए, उन्नति के लिए सबसे बड़ी बाधा है। मेरे देशवासियों ज्ञान विज्ञान को बढ़ाओ शिक्षा को जगाओ अंधविश्वास को कट्टरता को इस देश की धरती से कोसों दूर भगाओ। शिक्षा और ज्ञान का प्रकाश चहुँ ओर बढ़ाओ। गांव में साक्षरता का दीप जलाओ। आओ संग संग आओ, अंधविश्वास के आडंबर, कट्टरता को को मिटाओ, हे मित्रवर आओ ज्ञान के प्रकाश का दीप जलाओ।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**संसार को छोड़ने से परमात्मा नहीं मिलता, परंतु परमात्मा के मिलने से दुनिया अपने आप छूट जाती है**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 23:24 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 16:23 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | ऐन्द्र, 10:24 |
| सूर्योदयः | 06:21 |
| सूर्यास्तः | 17:52 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 09:14-10:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:30 |

## जन एक्सप्रेस

**बदला बदला रुप है !**

*बदल गए अचानक ।*
*ज्ञान रहे है बांट ।।*
*बदला बदला रुप है ।*
*बंद हो गई ठाट ?*
*लगते कभी कूदने ।*
*और कभी खामोश ।।*
*है किसकी रणनीति ?*
*कहें किसका दोष ।।*
*ये कैसा व्यवहार ।*
*करने को उद्धार ।।*
*लगता चल कर इसी राह ।*
*है आनी बहार ?*
*किया कभी अपमान ।*
*कभी करते प्यार ।।*
*कर सकते प्रवेश ।*
*शायद नए द्वार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड्स खाने से कैसे बढ़ जाती है फूड क्रेविंग? नई स्टडी में हुआ खुलासा



**अल्ट्रा** प्रोसेस्ड फूड सेहत के लिए कई तरीकों से नुकसानदायक होते हैं। इन्हें खाना मेंटल हेल्थ को प्रभावित करने के साथ ही आपके शारीरिक स्टैमिना को भी बिगाड़ सकते हैं। हाल ही में ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड जैसे बिस्किट, सीरियल्स, चिकन नगेट्स के अलावां कुछ फ्रोजन फूड्स खाने से बार-बार भूख लगने की क्रेविंग उठ सकती है।

**अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने से भूख कैसे कम होती है?:** स्टडी करने वाले शोधकर्ताओं के मुताबिक अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड जैसे आईसक्रीम, नमकीन, कैंडी और बिस्किट जैसे खाद्य पदार्थ न केवल बार-बार भूख लगने की प्रक्रिया को बढ़ा रहे हैं, बल्कि सेहत को अन्य तरीकों से नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने की आदत भी सिगरेट और शराब पीने से कम नहीं है। इसपर जारी हुए एक आंकड़े के मुताबिक 12 प्रतिशत बच्चे और 14 फीसदी बड़े लोग अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने की लत का शिकार हैं। दरअसल, ऐसे खाद्यय पदार्थों में पाए जाने वाले कैमिकल या अन्य चीजें थोड़े समय के लिए ब्रेन में डोपामाइन हार्मोन को एक्टिव या फिर रिलीज करते हैं, जिससे आपको अच्छा महसूस होता है और बार-बार खाने का मन करता है।

**क्या है अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड?:** अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड जंक या फिर फ्रोजन फूड की ही तरह होते हैं। इनमें कैमिकल्स और आर्टीफिशियल तत्व मिलाए जाते हैं, जिससे इन खाद्य पदार्थों के स्वाद को बढ़ाया जा सके। अल?ट्रा प्रोसेस?ड फूड्स के सोर्सिस में कैंडी, कोल्ड्रिंक्स, हॉटडॉग, नमकीन, आइसक्रीम के साथ-साथ आर्टीफिशियल स्वीटनर, बिस्किट और केक आदि जैसी चीजें आती हैं।

**अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने के नुकसानः** अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाना सेहत के लिए कई तरीकों से नुकसानदायक साबित हो सकता है। यह शरीर में वसा की मात्रा को बढ़ाता है, जिससे आप मोटापे का शिकार हो सकते हैं। इसे ज्यादा मात्रा में खाने से कई बार कोलन या फिर पेट का कैंसर होने की भी आशंका रहती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाना दिल की सेहत को भी नुकसान पहुंचा सकती है। इससे हार्ट अटैक या स्ट्रोक आने की भी आशंका रहती है। ऐसी चीजें खाना आपको हाइपरटेंशन या फिर हाई ब्लड प्रेशर का शिकार भी बना सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष



प्रमोद भार्गव

# आसान नहीं मुख्यमंत्री शिवराज का श्राद्ध

**ऐसे मामा, भैया और बेटे का श्राद्ध फिलहाल आसान नहीं है। बहरहाल मानकर चलिए यदि भाजपा मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव में बहुमत प्राप्त कर लेती है तो इसका श्रेय किसी केंद्रीय या राज्यस्तरीय नेतृत्व को नहीं बल्कि शिवराज को ही जाएगा?**

**विधानसभा** चुनाव के महासंग्राम की शुरुआत होते ही कांग्रेस एवं भाजपा में श्राद्ध को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। दरअसल सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गंगा नदी के किनारे निश्चिंत व निर्लिप्त बैठे हुए एक चित्र जारी हुआ था। इसमें शिवराज चुनाव की चिंता और मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से मुक्त नजर आ रहे थे। वास्तव में वे ऋषिकेश में स्थित परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानंद मुनि के आश्रम में समय बिताने पहुंचे थे। वे यहां गंगा दर्शन कर गंगा आरती में शामिल हुए और संतों का आशीर्वाद लिया। इस पल चित्र सोशल मीडिया पर किसी ने डालकर लिख दिया, 'मामा का श्राद्ध, श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट।' इसे कांग्रेस की हरकत बताते हुए शिवराज ने कहा कि सनातन धर्म को अपशब्द कहने वाली कांग्रेस सत्ता की भूखी है। जबकि कांग्रेस को अपनी कुंठित सोच और कुसंस्कारों का श्राद्ध करने की जरूरत है। मैं मर भी जाऊंगा तो राख के ढेर से फीनिक्स पक्षी की तरह फिर से पैदा हो जाऊंगा, जनता की सेवा के लिए।' हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शालीनता बरतते हुए कहा कि 'शिवराज जी ईश्वर आपको दीर्घायु दे। मेरी समझ में नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे

**18 से 25 साल के युवाओं की कतार भी इस उम्मीद में उनके पीछे खड़ी है कि उन्हें रोजगार शिवराज ही देंगे। बुर्जुग, पुरुष एवं महिलाएं उन्हें पुत्रवत मानते हैं। क्योंकि लाखों वृद्धों को तीर्थ दर्शन कराने का काम इसी श्रवण कुमार ने किया है। न केवल हिंदुओं का बल्कि जैन, बौद्ध, सिख और इस्लाम धर्मावलंबियों को भी शिवराज ने अपने कार्यकाल में निशुल्क तीर्थ यात्राएं कराई हैं।**

कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है ? श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।' मिथकों में फीनिक्स को एक मायावी पक्षी माना जाता है। अरब, ईरानी, मिश्र और भारतीय दंत-कथाओं में ऐसे विलक्षण पंछी का उल्लेख मिलता है। धारणा है कि इसका जीवन चक्र 500 से 1000 वर्ष का होता है। उम्र पूरी होने पर वह जल जाता है और फिर अपनी ही राख से पुनः जीवन प्राप्त कर लेता है। यह अवधारणा भारतीय दर्शन के पुनर्जन्म से मेल खाती है। श्रीमद् भगवत गीता के इस दर्शन को दुनिया के अनेक वैज्ञानिक भी अब यह मानने लगे हैं। दरअसल पदार्थगत रूपांतरण को ही पुनर्जन्म माना जाता है। पदार्थ और ऊर्जा दोनों ही परस्पर परिवर्तनशील है। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती है, परंतु रूपांतरित होकर अदृश्य हो जाती है। इसीलिए डीएनए यानी महा रसायन मृत्यु के बाद भी संस्कारों के रूप में अदृश्य अवस्था में उपस्थित रहता है और नए जन्म के रूप में पुनः अस्तित्व में आ जाता है। इसीलिए सनातन दर्शन मृत्यु के साथ मनुष्य का पुर्णतः अंत नहीं मानता है। बल्कि मृत्यु के माध्यम से आत्मा को शरीर से अलग होकर वायुमंडल में विचरण करना मानता है। यही आत्मा मनुष्य के जीवित रहते हुए भी स्वप्न अवस्था में शरीर से अलग होकर भ्रमण करती है, लेकिन शरीर से उसका अंतर्संबंध बना रहता है। बीमारी की स्थिति में भी आत्मा और शरीर का अलगाव बना रहता है। परंतु मृत्यु के बाद आत्मा शरीर से पृथक हो जाती है। ऋग्वेद में कहा भी गया है कि 'जीवात्मा अमर है और प्रत्यक्षतः नाशवान है।' इसे ही और अधिक विस्तार से गीता में उल्लेखित करते हुए कहा है, 'आत्मा किसी भी काल में न तो जन्मती है और न ही मरती है। जिस तरह से मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्याग कर नए वस्त्र धारण कर लेता है, उसी अनुरूप जीवात्मा मृत शरीर को त्याग कर नए शरीर में प्रवेश कर जाती है।' इसलिए हमें बिना पढ़ी-लिखी या अल्पशिक्षित होने के बावजूद अनेक ऐसी प्रतिभाएं देखने में आती हैं, जिनके ज्ञान को देखकर आश्चर्य होता है। दरअसल वे पूर्व जन्म के संचित ज्ञान का ही प्रतिफल होती हैं। इसीलिए कहा जा सकता है कि जीवात्मा वर्तमान जन्म के संचित संस्कारों को साथ लेकर ही अगला जन्म लेती हैं। यहां यह भी रेखांकित किया जाना जरूरी है कि जींस (डीएनए) में पूर्व जन्म यह पैतृक संस्कार मौजूद रहते हैं। इसी वेश से निर्मित नूतन संरचना के चेतन अर्थात प्रकाशकीय भाग को सनातन दर्शन में 'प्राण' कहते हैं। वर्तमान वैज्ञानिक तो जीवन मृत्यु के रहस्य को आज समझ रहे है, किंतु हमारे ऋशि-मुनियों ने तो हजारों साल पहले ही शरीर और आत्मा के इस विज्ञान को समझकर विभिन्न संस्कारों से जोड़ दिया था, जिससे रक्त संबंधों की अक्षुण्णता जन्म-जन्मांतर स्मृति पटल पर अंकित रहे। फीनिक्स पक्षी के जल-मर कर जी उठना इसी भारतीय दर्शन का प्रतीक है। अर्थात शिवराज सिंह मध्य प्रदेश के एक ऐसे नेता बन चुके हैं, जिन पर 1 करोड़ 31 लाख लाड़ली बहनाओं का आशीर्वाद है। वह शिवराज ने सगे भाई की झलक देखती हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्वास्थ्य कैम्प व जागरूकता अभियान लगातार जारी

* गंदगी, भरे पानी से सावधान रहने को दी सलाह

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**




तहसील क्षेत्र में इन दिनों वायरल,बुखार,डेंगू,टायफाइड, मलेरिया इत्यादि की सूचनाएं जगह-जगह से आ रही है।जिसके फलस्वरूप बढ़ रहे संक्रमण से चिंतित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी द्वारा अधीक्षक मयंक मिश्रा के दिशा निर्देश पर क्षेत्र में लगातार स्वास्थ्य कैम्प व स्वास्थ्य जागरूता कार्यक्रम स्वास्थ्य टीम द्वारा जारी है।जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों सहित अब तक 30 से अधिक स्वास्थ्य कैम्पों को किया जा चुका है।तथा सात अक्टूबर से लगातार नगर के के पच्चीसों वार्डो में क्रमवार कैम्प जारी है।जिसके अंतर्गत आज नगर क्षेत्र में दो कैम्प व ग्रामीण क्षेत्र में एक कैम्प किया गया।वार्ड नं 18 बाजार खुर्द श्री नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में कुल 41 जांचे की गई,जिसने डेंगू की 5 व मलेरिया की 18,टायफॉइड की 20 जांचे की गई।तथा 80 लोगो को दवाई वितरित की गई।जिसमे से एक बच्चे की जांच टायफॉइड पॉजिटिव निकली,शेष सभी जांचे निगेटिव रही।कैम्प में डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, अचल सिंह,अनुपम तिवारी,इमरान,शिवम कुमार इत्यादि रहे।तथा मोहल्ला रामलीला में कुल 53 जांचे की गई।जिसमें 15 टायफॉइड,5 ड़ेंगू की जांचे की गई व कुल 58 लोगो को दवाई वितरित की गई।जिसमे सभी जांचे निगेटिव रही।कैम्प में डॉ धर्मेंद्र वर्मा टीम सहित मौजूद रहे।वही ग्राम नकेदा स्वाथ्य कैम्प में डा सोनी यादव टीम सहित मौजूद रही।स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक मयंक मिश्रा ने बताया सभी 25 वार्ड रोग मुक्त हो इसके लिए विशेष रूप से जागरूकता अभियान व स्वास्थ्य कैम्प प्रतिदिन जारी है।वही सवास्थ्य केन्द्र द्वारा नगर के प्रत्येक वार्ड में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा एंटीलार्वा व वलीचिंग पाउडर वार्ड के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है।लोगो को दूषित जल व गंदगी से दूर रहना चाहिए क्योंकि टायफाईड का प्रमुख कारण दूषित जल व आस-पास एकत्रित गंदगी है,जिससे बचने की आवश्यकता है।वही आकाश सैनी ने कहा सर्वप्रथम अपने आस-पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें,शरीर को ढक कर रखें,जलभराव जैसी स्थित ना होने दे।मच्छरों से निजात के लिए मच्छर नासक अगरबत्ती व मच्छर लोशन या मच्छरदानी का इस्तेमाल अवश्य करें।अनुपम गुप्ता सभासद ने कहा बुखार इत्यादि आने पर अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या अच्छे डॉक्टर से सलाह लेकर ही दवाई ले, झोलाछाप डॉक्टरों ने चक्कर मे ना पड़े।

# विश्व दृष्टि दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



नेत्र बसंत कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के अंतर्गत डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल व साइट सेवर्स स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ,सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में विश्व दृष्टि दिवस डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में विभिन्न आयोजन किए गए ग्रे। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ मजहर के द्वारा उपस्थित सीओपी छात्र छात्राओं के साथ मरीजों के साथ विश्व दृष्टि दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया।आँखों में होने वाली समस्याओं पर भी अपने विचार रखे। डॉ मजहर ने बताया कि हम आंखों में होने वाली समस्याओं को अनदेखा कर देते हैं जिससे समस्याएं बढ़ जाती है।हमको छोटी-छोटी समस्याओं को नजर अंदाज नहीं करना है। हमें नेत्र रोगों के प्रति जानकारी व उसके बचाव के बारे में जानना है और उस जानकारी को अपने तक ना रख कर समुदाय में व अपनो से जुड़े लोगों को भी जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि हम अपने विजन सेंटर पर विश्व दृष्टि दिवस पर महिला पुरुष को साइट सेवर्स इंडिया की तरफ से मुफ्त चश्मा प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम के अनुसार सारे कार्यक्रम किये गए?। संस्था ने पुलिस , भट्ठा मजदूरों , महिलाओं, प्राइवेट कंपनी जी सर्जिवेयर के कर्मचारियों के नेत्र जांच की गई उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को व्यक्ति विशेष के जीवन में आंखों की रोशनी का महत्व समझाया।उन्होंने बताया कि विश्व में अगर सर्वश्रेष्ठ प्रकाश है तो वह नेत्रों का प्रकाश है। इस प्रकाश के बिना दुनिया के सभी रंग फीके हैं इसलिए हम आज शपथ लें की आंखों में होने वाली किसी प्रकार की भी समस्याओं को नजरअंदाज नही करेंगे। इसका समुचित समाधान तुरंत करायेंगे। डॉ उत्सव ने बताया की डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के द्वारा संचालित नेत्र जाँच केन्द्रों ,स्कूलों में , समुदाय में विशेष कर महिलाओं के साथ जागरूकता बैठके व घर घर जांच के द्वारा नेत्र रोगों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। छात्राओं के साथ स्कूलों में कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें 450 छात्र और छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।जिन बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ विश्व दृष्टि दिवस पर कला बनाई उनको प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ संदीप, डॉ सोनाली, ने अपने विचार व्यक्त किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सड़क दुर्घटना में चार घायल

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शुक्रवार को अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया गया था ।प्राप्त जानकारी के अनुसार हैदराबाद गांव निवासी जैतून निशा पत्नी सरफुद्दीन, पीलीभीत जिले के अकबरगंज निवासी पवन कुमार पुत्र सुभाष चंद्र, आगरा जिले के थाना फतेहपुर सीकरी के पाली करवाल निवासी डिंकू पुत्र रघुवीर सिंह और मैलानी थाना क्षेत्र निवासी आरती देवी पत्नी संदीप कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया था। डॉक्टरों ने पवन कुमार और डिंकू को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बिजुआ-खीरी।** शुक्रवार की सुबह भीरा थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली कि भीरा थाना क्षेत्र के पकरिया सललिहा गांव के पवन कुमार पुत्र भूलन दास उम्र करीब 25 वर्ष मुड़ियाहेम सिंह चौराहे से करीब 100 मीटर के पास खड़ा है जिसके पास अवैध असलहा भी है।



सूचना पर बिजुआ चौकी के तेजतर्रार चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक चेतन तोमर,उपनिरीक्षक राजेन्द्र पांडेय,हेड कॉन्स्टेबल कुलदीप कुमार, सिपाही मोहित कुमार पहुंच गए पुलिस को देखते ही पवन कुमार भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने दौड़ाकर मुड़ियाहेम सिंह चौराहे के पास गिरफ्तार कर लिया। जिसकी तलासी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध कट्टा तथा 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करके माननीय न्यायालय के समक्ष पेस किया जहा से माननीय न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव,दो दिन से था लापता

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** थाना क्षेत्र के छुद्दूपुरवा मजरा सरेंहजू गांव के बाहर तालाब में गुरुवार की सुबह युवक का शव उतराता मिला। युवक मंगलवार की सुबह मछली पकड़ने निकला था। कोतवाली क्षेत्र के छुद्दूपुरवा मजरा सरेंहजू निवासी राजू (28) मजदूरी करता था। मंगलवार की सुबह राजू घर से मछली पकड़ने के लिए निकला और वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस बीच गुरुवार की सुबह लोगों ने उसका शव गांव के दक्षिण दिशा में स्थित तालाब में उतराता हुआ देखा। परिजन मौके पर पहुंचे। शव की पहचान करने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। लोगों का अनुमान है कि मछली पकड़ने के दौरान राजू का पैर फिसलने से तालाब में चला गया होगा। उसके बाद डूबकर उसकी मौत हो गई। राजू के दो बच्चे हैं। हादसे को लेकर परिजनों का रो-रोकर हाल खराब है। कोतवाल क्राइम इख्तियार हुसैन ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### विद्युत उपभोक्ता फोरम बना पर नहीं हुआ शिकायतों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए उपखंड कार्यालय व अधिशासी अभियंता कार्यालय पर गठित किए गए उपभोक्ता फोरम सिर्फ फाइलों में ही दौड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं की समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। वह विभाग चक्कर काट रहे हैं। बिजली विभाग की ओर से उपभोक्ताओं की समस्या के निस्तारण के लिए उपभोक्ता फोरम का गठन किया गया था। जिसमें विभागीय अधिकारी के साथ उपभोक्ता, समाज सेवी, अधिवक्ता आदि को शामिल किया गया था। इस फोरम में उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाना था। इसके लिए उपखंड अधिकारी कार्यालय स्तर पर और अधिशासी अभियंता कार्यालय स्तर पर दो माह पूर्व उपभोक्ता फोरम का गठन किया गया था। इसकी नियमित बैठक में उपभोक्ताओं की समस्या का निदान किया जाना था। मगर विभाग में गठित उपभोक्ता फोरम की एक भी बैठक नहीं हुई और न ही समस्या का निस्तारण किया गया। विभाग में उपभोक्ताओं सके 165 शिकायतें लंबित हैं। जिनका समाधान किया जाना है। समस्या का समाधान न होने से उपभोक्ता विभाग के चक्कर काट रहे हैं। अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार ढोलका ने बताया कि शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। जिस स्तर की शिकायत होती है। उस स्तर के फोरम से शिकायत का निस्तारण कराया जा रहा है।

# ग्राम चौपाल में लोगों की सुनी गई समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । बिजुआ-खीरी**



ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर कलां में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल की अध्यक्षता ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत रामनगर कलां प्रताप सिंह राणा ने की।ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम के लोगों ने कार्य योजना की मांग की जहा पर अभी तक इंटर लॉकिंग का निर्माण नही हुआ है वहाँ निर्माण कार्य कराया जाये। व ग्राम पंचायत भवन (मिनी सचिवालय) के लिए इन्वेटर बैट्री खरीदने का प्रस्ताव किया गया। वही कुछ लोगो ने आपत्ति जताई कि गांव में आंगनवाड़ी केंद्र नही लगाया जाते है। वही काफी समय से बच्चों को पौष्टिक आहार भी वितरण नहीं किया जाता है। उसी बीच कृषि विभाग से पवन कुमार ने गांव के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए बताया जिन किसानों ने ई- के वाईसी अभी तक नही करवाया है। वे सभी किसानों को ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य है। इस मौके पे पंचायत मित्र दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान महेश सिंह, ग्राम पंचायत सदस्य शिवचंद्र सिंह,पुष्पेन्द्र सिंह पंचायत सहायक रामजी राना,पंकज कुमार, जागेश्वर, सेवाराम, के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्वक्षता अभियान को पलीता लगा रहे हैं नगला प्रधान

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

देश के यशस्वी प्रधान मंत्री एम सूबे के मुख्यमंत्री स्वक्षता मिशन के लिए लाखों रूपए का बजट खर्च कर रहे हैं वहीं पलिया विकासखंड के ग्राम सभा नगला में स्थित धार्मिक स्थल के निकट सामने गंदगी का अंबार लगा रहता है।जिससे करवट बदलते मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रमित बिमरिया ने पैर पसारने शुरू कर दिया है इसके साथ ही विषैले कीड़े मकोड़े एवम मच्छरो का प्रकोप जारी है। जिसके कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।



# बुखार की चपेट में आने से महिला एक बच्ची की इलाज के दौरान हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

कस्बा में फैले बुखार के चलते एक महिला और एक बच्ची को बुखार आने पर इलाज के दौरानऔर मौत हो जाने से स्थिति भयावह होती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग कैंप लगाकर जांच करने का आंकड़ा प्रस्तुत करने में जुटा है। लोग दहशत के साए में जीने को मजबूर है। कस्बा के मोहल्ला रोशन नगर निवासी मुन्नन कुरैशी की पुत्री गुलफ्शा 15 वर्ष को बुधवार को अचानक तेज बुखार आने पर परिजन गरीबों के चलते कस्बे में ही हल्का-फुल्का इलाज कराते रहे इसी बीच शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। उधर मोहल्ला कोट निवासी हसीव की पत्नी फरहीन 25 वर्ष मंगलवार को अचानक तेज बुखार आने पर इलाज के लिए मोहम्मदी भर्ती कराया जहां जांच के दौरान मलेरिया संक्रमण पाए जाने पर उसे शाहजहांपुर प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जिसकी इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के पास कोई लेखा-जोखा नहीं है।कस्बा में बजबजाती नालियां और जगह-जगह लगे कूड़े की ढेर तमाम नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई और स्वच्छ जल की लड़खड़ाती व्यवस्था सरकारी दावों की पोल खोल रही है। सीएचसी अधीक्षक अश्वनी वर्मा के अनुसार कस्बा मे डोर टू डोर रोगियों की पहचान के लिए टीमें लगाई गई हैं। हालात पर नजर रखी जा रही है।

# आगामी त्यौहार के दृष्टिगत कानून व शांति व्यवस्था हेतु मस्जिद में जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा में हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**



निघासन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आगामी त्यौहार के दृष्टिगत कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्र अधिकारी निघासन राजेश कुमार ने आम जन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने हेतु निघासन क्षेत्र के विभिन्न मस्जिद में तेजतर्रार क्षेत्रधिकारी निघासन राजेश कुमार अपनी पुलिस फोर्स के साथ कड़ी सुरक्षा में नूरी मस्जिद व जामा मस्जिद में जूमे की नमाज बड़ी शान्ती पूर्वक अदा की गयी, आपको बता दें आगामी त्यौहार को लेकर निघासन पुलिस अलर्ट दिख रही है जहा निघासन नगर पंचायत में पड़ने वाली नूरी मस्जिद व जामा मस्जिद में जूमे की नमाज क्षेत्रधिकारी निघासन राजेश कुमार की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शान्ती पूर्वक अदा की गयी, क्षेत्रधिकारी राजेश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि किसी अफवाह के चक्कर में न पड़े क्षेत्र में शान्ती पूर्वक सभी लोगों को रहने की अपील की, इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार,एस आई आशीष सेहरावत,कान्सटेबल दिनेश कुमार,लवकुश,व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पलिया उपजिलाधिकारी कार्तिके सिंह ने गाय के बच्चे को उठाया गोद में



**जन एक्सप्रेस । पलियाकलां खीरी**

मझगई गौशाला का उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने दौरा कर जांची व्यवस्थाएं।गौशाला में 421 पशु मौजूद बताए गए और गायों के खाने के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा होने की बात खंड विकास अधिकारी संगीता यादव ने बताई और शेड का निर्माण भी कराया जाएगा उसके उपरांत पशुओं की टैकिंग हेतु पशु चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया। पलिया उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह का गौशाला निरीक्षण के दौरान गाय के बच्चे को गोद में उठाने का फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कार्तिकेय सिंह से बात करने पर बताया मुझे पशुओं के छोटे बच्चों से बचपन से ही बहुत लगाओ है गौशाला निरीक्षण के समय मेरी नजर एक गाय के बच्चे पर पड़ते ही मैं अपने आप को रोक न सका और गाय के बच्चे को गोद मे उठा लिया।

# कस्बा बरवर खीरी की जानिब से तालीमी बेदारी व इसलाहे मुआशरह के उनवान से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**



मदरसा सैय्यदना अनस बिन मलिक (रज़ि) कस्बा बरवर खीरी की जानिब से तालीमी बेदारी व इस्लाहे मुआशरह के उनवान से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्ला साहब (कानपुर) मौलाना अफजालुर्रहमान साहब (हरदोई)और मौलाना इस्लामुल हक़ असजद मियां साहब (मोहम्मदी)जिन्हो ने अखलाकी, उसूलों और तालीम की तरक्की और उसकी अहमियत पर खयालात का इजहार फरमाया और लोगों को तालीम के लिए जागरूक किया इस प्रोग्राम का आगाज़ कारी शहाबुद्दीन साहब की तिलावत से हुआ और मोहम्मदी से तशरीफ लाए मौलवी सफवान साहब ने नाते पाक पेश की।और निजामत के फरायज कारी जमाल साहब बरवरी ने अंजाम दिए इस मुबारक मौके पर मौलाना ज़यिाउल हक़ हाफिज मोहम्मद अफज़ाल मौलाना अनीस मौलाना अब्दुल कादिर कारी इजहार कारी एहसान हाफिज वसी अहमद हाफिज लुकमान हाफिज दानिश हाफिज सूफियान कारी आसिफ़ जनाब अहमद जनाब मोहम्मद इरफान मुख्तार अहमद मोहम्मद रियाज़ मोहम्मद उबैदुल्ला मोहम्मद इरशाद इरशादुल हक मोहम्मद मुस्तकीम मोहम्मद उसैद वसीक पेथालोजी शकील इलेक्ट्रॉनिक समसुद्दीन कुरैशी फूल मियां यदि लोग मौजूद रहे।

# पुवायां में बुखार से चार लोगों ने दम तोड़ा, तिलहर-मिर्जापुर में डेंगू से दो मरीजों की मौत

**जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर**

शाहजहांपुर जिले में वायरल बुखार, मलेरिया और डेंगू के चलते हालात बिगड़ते जा रहे हैं। पुवायां में बुखार से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं डेंगू से तिलहर में युवक और मिर्जापुर में महिला की मौत हो गई। इसके अलावा वायरल बुखार के चलते मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में बेड को लेकर मारामारी मची है। एक बेड पर दो-दो मरीजों का उपचार किया जा रहा है। वहीं ओपीडी में हर दिन 1500 से अधिक नए मरीज पहुंच रहे हैं। पुवायां के गांव नाहिल में बुखार से दो और गांव टेहरी में एक बच्चे की मौत हो गई है। धारा में भी एक युवक की मौत बुखार से हुई है। नाहिल निवासी रामलखन की पत्नी 38 वर्षीय शिल्पी को दो दिन से बुखार आ रहा था। गांव के ही एक झोलाछाप से उनका इलाज चल रहा था। बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई। इसके अलावा गांव के ही रामदत्त मिश्र की पत्नी 45 वर्षीय ममता देवी को तीन दिन से बुखार आ रहा था। उनको पुवायां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को परिजन ममता देवी को इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे। रास्ते में उनकी मौत हो गई। उधर, गांव टेहरी निवासी धीरेंद्र तिवारी के नौ वर्षीय पुत्र जय तिवारी को पांच दिन से बुखार आ रहा था। जय का शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बुधवार को जय तिवारी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। धीरेंद्र तिवारी भी बुखार से पीड़ित हैं और वह भी शाहजहांपुर के निजी अस्पताल में भर्ती हैं। एक अन्य मामले में गांव धारा निवासी पुत्तूलाल के 22 वर्षीय पुत्र सूरज को तीन दिन पूर्व बुखार आया था। गांव के ही झोलाछाप से सूरज का इलाज कराया गया। फायदा नहीं होने पर गांव नवाबपुर गंगा के एक बंगाली डॉक्टर से इलाज कराया गया।

# नौ दिवसीय 'नवरात्रि रास गरबा' में होगी डांडिया की धूम

* एडीए और एडीएफ के भव्य आयोजन में 9 दिन 9 कॉलेजों की होंगी विशेष प्रस्तुति
* शहर की सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक संस्थाओं की रहेगी भागीदारी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




### इस कॉलेजों की रहेगी सहभागिता

- डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल - 15 अक्टूबर
- ऑल सेंट्स स्कूल -16 अक्टूबर
- सेंट एंड्रयूज स्कूल - 17 अक्टूबर
- गायत्री पब्लिक स्कूल -18 अक्टूबर
- कर्नल ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल -19 अक्टूबर
- प्रील्यूड पब्लिक स्कूल - 20 अक्टूबर
- होली पब्लिक स्कूल - 21 अक्टूबर
- शिवालिक पब्लिक स्कूल - 22 अक्टूबर
- सचदेवा मिलेनियम स्कूल - 23 अक्टूबर

आगरा विकास प्राधिकरण की पहल पर इनक्रेडिबल ताज कंसर्ट के अंतर्गत आगरा डवलपमेंट फॉउंडेशन द्वारा 'नवरात्रि रास गरबा' के द्वितीय संस्करण का नौ दिवसीय आयोजन 15 से 23 अक्टूबर तक ताज नगरी फेस-2 जोनल पार्क स्थित एमफी थियेटर पर किया जा रहा है। शुक्रवार को इस आयोजन का पोस्टर विमोचन होटल फेयरफील्ड बाय मैरिएट में किया गया। इस मौके पर आयोजकों द्वारा 'नवरात्रि रास गरबा' में किस तरह शहर एक सूत्र में बंधा नज़र आएगा इस उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। आगरा विकास प्राधिकरण की सचिव गरिमा सिंह ने कहा कि आगरा की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की उद्देश्य के साथ 'नवरात्रि रास गरबा' नौ दिवसीय आयोजन किया जा रहा है, इस आयोजन के लिए जोनल पार्क को ख़ास रूप से सजाया जा रहा है। इस मौके पर आगरा डवलपमेंट फॉउंडेशन के अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि 9 दिन 9 कालेज विशेष प्रस्तुति देंगे साथ ही शहर की सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक संस्थाओं की सहभागिता के जरिये पूरे शहर को एक सूत्र में बांधने का कार्य यह आयोजन करने जा रहा है। अशोक ग्रुप की चेयरमैन डा.रंजना बंसल ने कहा कि डांडिया और गरबा करते जोड़े आयोजन को भव्य बनाएंगे जिसके लिए पारम्परिक भेष भूषा में लहगा और कुर्ता पजामा ड्रेस कोड रखा गया है, आयोजन स्थल जोनल पार्क को इसके लिए ख़ास रूप से सजाया जा रहा है। अप्सा के अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि गरबा का यह आयोजन सिर्फ नृत्य कला ही नहीं है हमें हमारी आध्यत्मिक विरासत से भी जोड़ता है। हमने अप्सा से जुड़े सभी कॉलजों के टीचर्स और पेरेंट्स से हमने इस आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर एडीए के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पूरन कुमार, सेंट एंड्रयूज स्कूल के डॉ. गिरधर शर्मा, डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. सीबी जदली, गायत्री पब्लिक स्कूल प्रद्युम्न चतुर्वेदी, होली पब्लिक स्कूल के शम्मी तौमर, कर्नल ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल के कर्नल अपूर्व त्यागी, ऑल सेंट्स स्कूल के त्रिलोक सिंह राणा, सचदेवा मिलेनियम स्कूल के आर.के. सचदेवा, इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के अजय शर्मा, ब्रजेश शर्मा, अविनाश वर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# साप्ताहिक पुलिस परेड की एसपी ने ली सलामी

* पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । महोबा



पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई व टोलीवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़, परेड ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए, पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत साप्ताहिक शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाइन महोबा में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों से शस्त्र अभ्यास कराया गया। इस दौरान शस्त्र हैण्डलिंग का प्रशिक्षण देते हुए शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई किए जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस लाइन, महोबा परिसर का भ्रमण कर कार्यालय भोजनालय, बैरक व शौचालय का साफ सफाई के दृष्टिगत किया निरीक्षण। स्वयं भोजन ग्रहण कर परखी भोजन की गुणवत्ता। निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर निर्माणकार्य में पूर्ण गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में रजिस्टर पेशी के दौरान विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम कर सम्बन्धित कर्मी को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने तथा निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के दिए निर्देश। इस दौरान क्षेत्राधिकारी उमेश चन्द्र, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## कैंडल मार्च निकाल दी गई श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर देवरिया।** सलेमपुर में रुद्रपुर के फतेहपुर गांव में सत्यप्रकाश दूबे और उनके परिवार के चार सदस्यों की हत्या पर बृहस्पतिवार की देर शाम रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च नगर के गांधी चौक से रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान रवि ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज के माथे पर कलंक हैं। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में भर्ती अनमोल के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई।

राष्ट्रीय कवियत्री सम्मेलन में देशभक्ति की बयार बही

# राष्ट्रीय कवियत्री सम्मेलन में महिलाओं ने बांधा शमां

जन एक्सप्रेस । मथुरा/फरह

पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव समारोह में गुरुवार रात्रि राष्ट्रीय कवियत्री सम्मेलन में ओज और वीर रस से परिपूर्ण कवियत्रियों के काव्य पाठ ने श्रोताओं को तालियों की गड़गड़ाहट के लिए मजबूर कर दिया। श्रोता जोश में भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्माष्टमी का मौके पर दूसरे दिन रात्रि को मुख्य पंडाल में कवि सम्मेलन में लखनऊ की कविता तिवारी द्वारा माँ शारदा की वंदना सारी धरा तुम्हारे ही गीत गा रही है, ऐसा लगा तु मधुरिम वीणा बजा रही है। के साथ शुरू हुआ। कवियत्री मनु वैशाली ने कृष्ण..कृष्ण एक सत्य..काव्य पाठ कर भगवान कृष्ण को दर्शन का विषय बताया। काशी से युवा कवियत्री प्रियंका राय ने हां मै नारी हैं हूं..सुनाकर महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। नागपुर की श्रद्धा शौर्य की कविता आतंकी गुर्गों पर भारी, एक अकेला भगवाधारी सुनाकर शौर्य ने वाही-वाही लूटी और श्रोता ताली बजाने पर विवश हो गए। नैनीताल की गौरी मिश्रा की प्रेम रस की कविता मुड़के देखा मुझे तो संवर जाऊंगी, प्रेम की एक चुभन से निखर जाऊंगी। वाही- वाही लूटी। बलजीत कौर ने हास्य व्यंग से सभी को गुदगुदाया। तुषा शर्मा मेरठ के मुक्तक जो दिल की बात अब तक तुझे कहने से डरती हूं.. ने श्रोताओं को ताली बजाने को मजबूर कर दिया। निधि निशंक विदिशा की ओज पूर्ण कविताओं ने युवाओं में जोश भर दिया। ममता शर्मा आदि के सभी ने सराहा। कीर्ति काले दिल्ली ने संचालन किया। भोर होने तक काव्य के समन्दर में श्रोता डुबकी लगाते रहे। इससे पूर्व पं0 दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट के सम्मुख समिति पदाधिकारियों और कवित्रियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। सभी कवित्रियों का समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में महेंद्र शर्मा क्षेत्र प्रचारक, कवि संयोजन सचिन दीक्षित, संयोजक जगमोहन पाठक, राजेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक, मंत्री मनीष अग्रवाल, नरेन्द्र पाठक,विभाग प्रचारक अरुण पांचजन्य, महावीर शर्मा, शिवकुमार, चेयरमैन शालिग्राम बटिया, मुकेश शर्मा प्रचार प्रमुख, राम पाठक, शशिकांत, ब्रज मोहन गौड़, लाल सिंह, राजदर्श पचौरी, मोनू तिवारी राजेंद्र प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार संगठन की बैठक 15 को

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** पत्रकारिता के समक्ष आई चुनौतियों को लेकर आगामी रविवार 15 अक्टूबर दिन के 12 बजे से भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ की आवश्यक बैठक गोरखपुर के वार्ड नम्बर 26 झारखंडी महादेव के आरएसएम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गई है जिसमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया एवं सोशल मीडिया के पत्रकार भाग लेंगे और पत्रकारिता के समक्ष आसन्न चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संगठन के गोरखपुर जिलाध्यक्ष केसी चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के संस्थापक चेयरमैन माननीय सरदार दिलावर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के गोरखपुर मंडल के अध्यक्ष डाक्टर सतीश चंद्र शुक्ला विशेष रूप से भाग लेंगे।

# 15 लाख के गांजे सहित तीन तस्कर बंदी

जन एक्सप्रेस । महोबा



जिले के निकटवर्ती मध्यप्रदेश के जनपद छतरपुर से व्यापक पैमाने पर हो रही गांजे की तस्करी का थाना श्रीनगर पुलिस ने भण्डाफोड़ करते हुए तीन अर्न्तराप्रांतीय गांजा तस्करो को उस समय दबोच लिया जब मध्यप्रदेश के रास्ते होते हुए जिले की सीमा मे लगभग 15 किलो मीटर प्रवेश कर चुके तस्करों को बंदी बनाकर जेल भेजा है।

थाना श्रीनगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिजहरी स्थित राजपूत ढाबे के पास से संदिग्ध अवस्था मे तेजी के साथ गांजा से भरी बोलेरों निकल रही थी। संदेह होने पर थाना श्रीनगर पुलिस और स्वॉट टीम ने पीछा कर बोलेरो गाड़ी को रोका और गाड़ी की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की बोरियो मे भरा 53 किलो 200 ग्राम गांजा जिसकी बाजारू कीमत लगभग 15 लाख रूपये बताई जा रही है। गांजा सहित तीन गांजा तस्करों को बंदी बनाने मे सफलता हासिल की है, पुलिस ने बताया कि बंदी बनाये गये गांजा तस्कर जगदीश पुत्र पूरनलाल उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम सौरा रोड़ पंचमुखी मंदिर वार्ड क्र0 2 छतरपुर म0प्र0 तथा मनोज पुत्र राजेन्द्र प्रसाद रावत उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ीमलहरा वार्ड क0 10 जिला छतरपुर और भरत पुत्र मथुरा प्रसाद सेन उम्र 33 वर्ष वार्ड क्र0 8 निवासी गढ़ीमलहरा जिला छतरपुर म0प्र0 बताये गये है। पुलिस ने बताया कि उक्त गांजा तस्कर लम्बे समय पुलिस के चकमा देकर रूट बदल- बदलकर जिले के कस्बा कुलपहाड़, पनवाड़ी, बेलाताल, चरखारी महोबा जिले के अन्य ग्रामीण अंचलो पर गांजे की सप्लाई कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर उक्त गाड़ी की निगरानी रखी जा रही थी, सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बोलेरो गाड़ी सहित तीनो तस्करों को ग्राज सिजहरी स्थित राजपूत ढाबा के पास से बंदी बना लिया तथा बंदी बनाये गये तस्करों के विरूद्ध ई एक्ट के तहत विभिन्न धाराओ मे मुकद्मा पंजीकृत कर जेल भेजा है तथा बोलेरो गाड़ी को सीज कर दिया है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री अकबर अली



जन एक्सप्रेस । उरई

जिले के कद्दावर नेता रहे पूर्व मंत्री स्व.अकबर अली की तीसरी पुण्यतिथि पर अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार एवं अपराध नियंत्रण के पदाधिकारियों ने शहर के राठ रोड स्थित सूफ़ी बुजुर्ग सरकार बेरी वाले बाबा की मजार पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पूर्व मंत्री की बेटी कौसर जहाँ ने उनकी स्मृति में मजार पर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण किया। श्रद्धांजलि सभा में पहुंची अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.स्वयंप्रभा दुबे ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व.अकबर अली बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बाबूजी आजीवन केवल गरीबों मजलूमों की लड़ाई लड़ते रहे। बसपा नेता चाँद शाह ने कहा कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय बाबू जी का डंका उरई जालौन ही नहीं पूरे प्रदेश में बजता रहा है। सभा की अध्यक्षता बरिष्ठ समाजसेवी एवं संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयनारायण चंसौलिया व संचालन जाबेद अंसारी ने किया। इस मौके पर प्रीति गुप्ता, रचना श्रीवास्तव, विश्वप्रभा त्रिपाठी, प्रभात तिवारी, बैभव दुबे, विनोद खरे, जया श्रीवास्तव, नीरज अवस्थी, अरुणा दीक्षित, पुष्पांजलि सिंह, पायल यादव, आलोक खरे, हैदर शाह, ख़ादिम नाजिर बाबा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## होर्डिंग पर पोस्ट लिखने के मामले में समर्थकों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के कई स्थानों पर पूर्व ब्लाक प्रमुख के समर्थन में समर्थकों द्वारा स्लोगन लगी हुई होर्डिंग लगवाई गई थी। मामले में शांतिभंग करने व पोस्ट पर स्लोगन लगाकर अन्य समाज के लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देने के आरोप में 6 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया गया है। पूर्व ब्लाक प्रमुख को सत्ता पक्ष नेता के इशारे पर षड्यंत्र के तहत जेल भेजा गया था। यह आरोप लगाकर विप्र समाज के लोगों ने गुरुवार को महापंचायत आयोजित की थी। इसी को लेकर शहर के कई स्थानों पर पूर्व ब्लाक प्रमुख के समर्थन में स्लोगन लगी हुई होर्डिंग लगाई गई थी। जिसको लेकर कोतवाली पुलिस व नगर पालिका कर्मियों के सहयोग से कई जगहों पर लगी होर्डिंग हटवा रही थी। तभी पूर्व ब्लाक प्रमुख के समर्थकों से पुलिस की तीखी बहस हो गई थी। जिस पर एसआई विनोद कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विप्र समाज के अभिषेक दीक्षित समेत पांच नामजद और अन्य अज्ञात समर्थकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों पर होर्डिंग लगाकर लोक शांतिभंग करने व पोस्ट पर स्लोगन लगाकर अन्य समाज के लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देने का आरोप है।

# किसानो की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । उरई



समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर के नेतृत्व में शुक्रवार को किसानो की समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश लोग किसान है। उनके पास जीवन यापन के लिए खेती के अलावा कोई आय साधन नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानो के खेतों में पलेवा का समय चल रहा है। लेकिन लाइट कटौती अत्यधिक होने के कारण पलेवा नहीं हो पा रहा व बरसों से नहरो की सफाई नहीं हुई इनको साफ कराया जाए। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि गांव में जो आवारा पशु है, उनको तत्काल गौशालाओं में बंद किया जाए। क्योंकि आने वाले समय में यह फसलों को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी केन्द्रो में किसानों के लिए बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा सरकारी नलकूपों मे लगे खराब ट्रांसफार्मर को बदला जाए एवं विद्युत चेकिंग के नाम पर लोगों को अनावश्यक परेशान ना किया जाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी मांग करती है कि जल्द से जल्द किसने की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, आनंद यादव, सुरेंद्र बजरिया, महेंद्र कठेरिया, विजय निस्वा, दीपू त्रिपाठी, संजय द्विवेदी, जमालुद्दीन, अजहर बेग, तेजपाल सिंह यादव, शिवेंद्र यादव, शीलू गौतम, अभिषेक यादव, जीनू कोरी, जयदीप यादव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद है।

## ऑटो का अचानक टूटा साकर, बाल बाल बचे बच्चे

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अजनारी रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला के सामने शुक्रवार की दोपहर सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के 9 और हाईस्कूल के छात्राएं ऑटो में बैठकर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक ऑटो का आगे का साकर टूट गया।जिससे वह वहीं सड़क पर रुक गया और ऑटो में सवार बच्चे एक दूसरे के ऊपर गिर गए। ऑटो की स्पीड ज्यादा न होने के चलते कोई भी बच्चे को चोट नहीं आई और सभी बच्चे ऑटो के बाहर निकल आए। ऑटो खराब होने से वहां पर यातायात जाम हो गया। तकरीबन आधा घंटे बाद जब वहां से लोगों ने ऑटो को हटाया। तब कहीं जाकर यातायात सुचारू रूप से चालू हो गया।

# दंपति का जनाजा उठने से मोहल्ले में छाया मातम

जन एक्सप्रेस । जालौन

नगर के मोहल्ला गणेशजी में पति की बीमारी के चलते मौत हो गई। तो वहीं पति का शव देख पत्नी ने सदमे में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक साथ हुई दम्पति की मौत की खबर से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। नगर के मोहल्ला गणेशजी निवासी उमेश चौरसिया 58 वर्ष काफी समय से बीमार चल रहा था। जिसका इलाज चल रहा था और गुरुवार देर रात उसकी बीमारी की वजह से मौत हो गई। जिसे शुक्रवार सुबह जब पत्नी कविता चौरसिया 55 वर्ष ने मृत देखा तो वह हताश हो गई और घर के ही बरामदे में जाकर उसने चादर का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे दम घुटने से उसकी भी मौत हो गई। इस दौरान जब दंपति के पुत्र अर्पित व सागर सोकर उठे तो कमरे में मृत पिता और बरामदे में साड़ी से लटके मां के शव को देखकर उनके होश उड़ गए और उनमें चीख पुकार शुरू हो गई।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023 की संख्या में वृद्धि

आगामी दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियां नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी :-

04610/04609 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-वाराणसी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04610 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04609 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | — |
| 23:55 | — | वाराणसी | — | 06:20 |

चलने के दिन : 04610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 16.10.2023 (सोमवार) एवं 20.10.2023 (शुक्रवार) को तथा 04609 वाराणसी से दिनांक 18.10.2023 (बुधवार) एवं 22.10.2023 (रविवार) को।
ठहराव : शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट छावनी, जलंधर छावनी, लुधियाना, अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ और सुलतानपुर स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता. एवं शयनयान

01431/01432 पुणे-गोरखपुर-पुणे सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01431 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01432 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 16:15 | पुणे | 06:25 | — |
| 15:38 | 15:40 | लखनऊ | 04:00 | 04:10 |
| 21:00 | — | गोरखपुर | — | 23:25 |

चलने के दिन : 01431 पुणे से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 20.10.2023 से 01.12.2023 तक तथा 01432 गोरखपुर से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 21.10.2023 से 02.12.2023 तक।
ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापूर, कोपरगांव, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, खंडवा, इटारसी जंक्शन, भोपाल जंक्शन, बीना जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जंक्शन, मनकापुर जंक्शन, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
3204/2023
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पुलिया से टकराकर पलटी ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली, दबकर चालक की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

आटा थाना क्षेत्र में इटोरा के पास गांव के बाहर पुलिया से टकराकर ट्रॉली सहित पलट गया। जिसमें नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना देने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला कानपुर देहात के भोगनीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रहगुआ निवासी ओमी पांडे 22 वर्ष ईंट भट्ठे पर ट्रैक्टर ड्राइवर था। जब वह गुरुवार रात को ट्रेक्टर ट्राली पर भट्टे से ईंटा लादकर इटोरा जा रहा था। इस दौरान गांव के बाहर पुलिया से ट्रैक्टर टकराकर ट्रॉली सहित पलट गया। जिसके नीचे दबने से चालक ओमी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों में हड़कंप मच गया।उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह ट्रैक्टर नीचे दबे चालक के शव को बाहर निकाला। वहीं मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों में मामा टिंकू त्रिवेदी ने बताया कि पिता जगदीश नारायण पांडे की पहले ही मौत हो चुकी है।

## डीएम ने निर्माणाधीन सड़क की परखी गुणवत्ता, जिम्मेदारों को लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस । जालौन



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोक निर्माण विभाग द्वारा क्रिटिकल गैप से बनाई जा रही कोंच बस स्टैंड से लेकर पीली कोठी तक निर्माणाधीन सड़क का औचक निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा कोच बस स्टैंड से लेकर पीली कोठी तक बनाई जा रही 1.8 किलोमीटर सड़क का जिलाधिकारी ने पैदल मार्च करते हुए सड़क की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने ने सड़क की गुणवत्ता खराब होने पर संबंधित अधिकारियों पर जमकर फटकार लगाई। साथ ही ससमय पुनः गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को हिदायत देते हुए कहा कि सड़क निर्माण में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही गिट्टी की साइज और रेशियो की जांच कराते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्ता विहीन सड़क बनाने को लेकर संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि सड़क के काम की गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# आरबीपीएस में जिला शतरंज चैम्पियनशिप का रंगारंग आगाज

जन एक्सप्रेस । कुलपहाड़/महोबा



शतरंज एक ऐसा खेल है जो खिलाडी के दिमाग को तराशता है उनको रणनीतिकार एवं प्रतिस्पर्धी बनाता है। शतरंज का एक अच्छा खिलाडी प्रतिद्वंदी के दिमाग को भांपकर अपनी चाल चलता है। उक्त वक्तव्य डिस्ट्रिक्ट चैस चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि तहसीलदार कुलपहाड़ दिवाकर मिश्रा ने व्यक्त किए। उन्होंने खिलाडियों का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को खेलों से जरूर जुडना चाहिए खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास करते हैं एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हैं।

जिला शतरंज संघ के समन्वयक राकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के लिए शतरंज एक संभावनाओं वाला खेल है। भारतीय खिलाडी जिस तरह शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं उससे इस खेल में अब सभी की रुचि बढ गई है। ब्रह्मानंद महाविद्यालय के पूर्व प्रिंसिपल डा. लक्ष्मीनारायन अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में जिले में राज्य स्तर की प्रतियोगिता कराने से शतरंज के प्रति बच्चों का रुझान बढेगा। इसके पूर्व मुख्य अतिथि तहसीलदार दिवाकर मिश्रा एवं लक्ष्मीनारायन ने दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। तरन शर्मा ने मेरे ढोलना गाने पर आकर्षक कत्थक नृत्य एवं अर्पिता सोनी ने झुमका गिरा रे गाने पर नृत्य की प्रस्तुति दी। पावनी गुप्ता, राशि उपाध्याय, हिमालवी शक्ति व नित्या गोयल में स्वागत गीत शुभ आरम्भ एवं निष्ठा गोयल, प्रियम नाहर, रौनक ने सिलसिला ये चाहत का गीत पर प्रस्तुति दी।

डिस्ट्रिक्ट चैस चैम्पियनशिप के पहले दिन प्रथम चरण में 115 मैच खेले गए। नाकआउट आधार पर खेले गए पहले राउंड के बाद दूसरे राउंड में 58 मुकाबले हुए। तीसरे राउंड में पहुंचे 58 खिलाडियों में सेंट जोसफ महोबा के देवांश, अगस्त्य, सत्यम, शुभ सोनी, कृष्णराज, सूर्यांश राजपूत, इंडस वैली से अक्षित, केन्द्रीय विद्यालय से पथिक, पार्थ गुप्ता, उत्कर्ष सिंह, सेंट जोसफ एकेडमी कुलपहाड से मो. अरहान नफीस एवं वेदांत तीसरे राउंड में पहुंचे। रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल के 46 छात्र तीसरे राउंड में पहुंचे इनमें अथर्व निरंजन, आराध्या राजपूत, मान्या रावत, मृगांक, मो. रेहान, कपिल राजपूत एवं तबाना दानिश, मयंक कुशवाहा, श्रेयस गुप्ता, देवांग सोनी, युवान यादव, अंशिका पाठक आदि छात्र शामिल हैं।

जिला शतरंज संघ के महासचिव अमित अग्रवाल के अनुसार शनिवार को प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले खेले जाएंगे एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होता है: राजेश यादव

जन एक्सप्रेस । भटनी/देवरिया

श्री नागा बाबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव ने कहा कि खेल से मानसिक तथा शारीरिक दोनों का विकास होता है खेल से आपसी मेल भाव भी बढ़ता है ऐसे में खेल जरूरी है।

ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मोतीपुर टिकैत विजेता तथा कुर्मोटा घुरी उपविजेता प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग में मोतीपुर टिकैत विजेता तथा डेमुसा उपविजेता तो जूनियर बालिका वर्ग में कुमौटा घुरी विजेता तो मोतीपुर टिकैत उप विजेता जूनियर बालक वर्ग में मोतीपुर टिकैत विजेता तथा कुर्मोटा घुरी उपविजेता रही। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एशोसिएशन के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र तिवारी, सुरेश यादव, राजेश सिंह, श्रीनिवास यादव, व्यायाम शिक्षक रामदरश यादव, छेदीलाल यादव, संजय तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, अविनाश तिवारी, ब्यास पांडे, रामसेवक शर्मा, सुनीता देवी, रजनीश तिवारी, सत्येंद्र यादव, राजेश सिंह, अभय यादव, चंद्रशेखर गुप्ता, राघवेंद्र पाल, नीतीश दीक्षित, मनोज गुप्ता, कौशलेंद्र मिश्र, रामधारी राम, दिनेश यादव, राकेश तिवारी, अविनाश यादव, अनिल भास्कर सोनू, सच्चिदानंद, नरेंद्र सिंह, अर्चना शुक्ला, विवेकानंद प्रसाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

योगी सरकार द्वारा अयोध्या धाम का तेज गति से कर रहा है कायाकल्प

# दिसबर-2023 तक पूर्ण करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

प्रदेश की योगी सरकार श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भव्य उद्घाटन से पहले अयोध्या के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक मठ-मंदिरों, आश्रमों, भवनों एवं कुंडों आदि को उनकी ऐतिहासिक वास्तुकलाओं को संजोने-संवारने का कार्य चरणवद्ध तरीके कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है इसी क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन की बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत अयोध्या धाम तथा अयोध्या को जोड़ने वाले मार्गों के चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। अयोध्या धाम तक हवाई यात्रा की सुविधा हेतु अयोध्या धाम में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है, जिसका संचालन चालू कैलेंडर वर्ष में ही प्रारम्भ कर दिया जायेगा।



### पौराणिक स्थलों पर कार्य आरंभ हो चुका है

जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में दंतधावनकुण्ड, सीताकुण्ड, विद्या देवी कुण्ड, गिरिजा कुण्ड, लक्ष्मी सागर कुण्ड, विभीषण कुण्ड, महर्षि वामदेव कुण्ड व आश्रम, जन्मेजय कुण्ड, दशरथ कुण्ड, दुग्धेश्वर कुण्ड (सीताकुण्ड), नन्दीग्राम भरतकुण्ड आदि पौराणिक स्थलों पर कार्य आरंभ भी हो चुका है। अयोध्या धाम में स्थित सूर्यकुण्ड, हनुमान कुण्ड, स्वर्णखनि कुण्ड एवं गणेश कुंड में कार्य पूर्ण भी हो चुका है, इन स्थलों पर सभा स्थल, छतरी, टायलेट, म्यूरलवाल, घाट एवं प्लेटफार्म, आटोवाटर फिल्टैशन, बेंच, डस्टबिन, रैलिंग, साइनिज, लाइटिंग और पेयजल व्यवस्था आदि कार्य किया गया है, इन्ही कुंडों के तर्ज पर अन्य कुंडों को भी संजोने संवारने का कार्य चरण वद्ध रूप में किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उक्त कार्यो की कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर दिलीप कुमार गोंड को उक्त समस्त कार्यो को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि माह दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कार्यो में गुणवत्ता एवं फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिया जाय।

### योगी सरकार द्वारा निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए 84.24 करोड़ स्वीकृत

इसी क्रम में शासन द्वारा स्वीकृत 84.24 करोड़ की लागत से 84 कोसी, 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्गों के समीप/किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा पौराणिक कुण्डों, आश्रमों आदि के पर्यटक विकास/निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि 14 कोसी मार्ग के किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा लक्ष्मीसागर कुंड, वैतरणी कुंड, निर्मल कुंड, गिरजा कुंड, विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर एवं विभीषण कुंड के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास का कार्य किया जाना है। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे/समीप स्थित पर्यटन स्थलों यथा सुग्रीव किला, अशर्फी भवन, छोटी देवकाली, नागेश्वर नाथ मंदिर, श्रेश्वर नाथ मंदिर, मुंडा शिवालय, दन्तधावन कुंड, प्रहलाद कुंड, जानकी कुण्ड, मोनी बाबा आश्रम, कौशल्या घाट, विद्या देवी कुंड, सीता कुंड, दशरथ कुंड के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास कार्य किया जाना है। इसी प्रकार जनपद अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों/कुंडों एवं आश्रमों यथा दुधेश्वर कुण्ड (सीताकुंड),महर्षि वामदेव आश्रम, जन्मेजय कुंड, नरकुंड, महर्षि वेद व्यास गेट गौराघाट, महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब, त्रिपुरारी कुंड, दशरथ समाधि स्थल, नंदीग्राम भरतकुंड, श्रवण कुमार आश्रम, आस्तिक आश्रम, ऋषि च्यवन आश्रम, मेधा ऋषि आश्रम, श्री बंधु बाबा आश्रम व महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास कार्य किया जाना है।

### रेलवे स्टेशनों का उच्चीकरण कर यात्री सुविधाओं का विकास भी तेजी से किया जा रहा

इसी के साथ ही अयोध्या धाम तक उच्च स्तरीय रेल यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेलवे स्टेशनों का उच्चीकरण कर यात्री सुविधाओं का विकास भी तेजी से किया जा रहा है। अयोध्या धाम की प्राचीनतम, पौराणिकता को संरक्षित रखते हुये चरणबद्ध तरीके से अयोध्या के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक मठ-मंदिरों, आश्रमों, भवनों एवं कुंडों आदि को उनकी ऐतिहासिक वास्तुकलाओं को संजोने-संवारने का कार्य चरणवद्ध तरीके से किया जा रहा है।

# दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए घाटों की मार्किंग का कार्य शुरू

✱ नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने घाटों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



मुख्यमंत्री योगी की मंशा अनुरूप प्रशासन द्वारा भव्य दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए राम की पैड़ी एवं चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों की मार्किंग का कार्य शुरू कर दिया गया। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, पूर्व दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा एवं अन्य शिक्षकों ने भौतिक सर्वेक्षण कर घाटों का नाप जोख शुरू कराया। इसके अतिरिक्त दोनों स्थलों के पांच भंडार गृह का भी निरीक्षण किया जिसमें दीपोत्सव से संबंधित सामग्री रखी जायेगी। उसकी साफ-सफाई एवं बिजली व्यवस्था दुरस्त रखने का संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। 25 हजार वालंटियर्स तैनात किए जायेंगे। 21 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करेंगे। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के समन्वय से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 11 नवम्बर को दीपोत्सव भव्य बनाया जायेगा। राम की पैड़ी एवं चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों का भौतिक सर्वेक्षण के साथ कर्मियों द्वारा मार्किंग को शुरू करने के लिए नाप जोख का कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी घाटों के मार्किंग का जिम्मा विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव मो0 सहील को दिया गया है। इनकी देखरेख में विश्वविद्यालय के कर्मी मार्किंग का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लिए जायेंगे। नोडल अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को कुलपति द्वारा गठित 21 समितियों के माध्यम से अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों स्थलों के घाटों पर विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं इण्टर कालेज के 25 हजार वालंटियर्स तैनात किए जायेंगे। इनकी मदद से 21 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

# 'भाजपा सरकार विकास एवं कानून के मामले में पूर्ण रूप से फेल हो चुकी है'

जन एक्सप्रेस। मयाबाजार/अयोध्या

बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय कैडर बैठक ग्राम पंचायत रकौरा में सुग्रीव गौड़ के घर पर बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए अयोध्या मंडल के प्रभारी रामविलास भास्कर ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश व प्रदेश में कानून का राज स्थापित कर सकती है आज केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार विकास एवं कानून के मामले में पूर्ण रूप से फेल हो चुकी है आज देश में संविधान को कमजोर करने की साजिश कुछ राजनीतिक दल के लोग कर रहे हैं देश को मजबूत बनाए रखने के लिए संविधान का मजबूत रहना बहुत ही आवश्यक है इसके लिए बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करना होगा जिससे आने वाले समय में बहुजन समाज पार्टी देश की सत्ता में शामिल हो सके।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहा कि समाज के लोगों का हित बहुजन समाज पार्टी में ही सुरक्षित है क्योंकि बहुजन समाज पार्टी की स्थापना के बाद लोकसभा विधानसभा पंचायत चुनाव में सर्वाधिक राजनीतिक भागीदारी बहुजन समाज पार्टी ने पिछड़े वर्ग को दिया।

यही नहीं जब-जब प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी प्रत्येक शासन काल में पिछड़े वर्ग को राजनीतिक भागीदारी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार देने का कार्य किया है आज उत्तर प्रदेश में छात्र नौजवान किसान बेरोजगार अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है क्योंकि महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर बड़ा है इसके खातमें के लिए बहुजन समाज पार्टी का मजबूत होना आवश्यक है।

# खिदिरपुर ग्राम पंचायत में आयोजित हुई जन चौपाल

जन एक्सप्रेस। बीकापुर/अयोध्या

विकासखंड क्षेत्र के 2 ग्राम पंचायतों पाली पूरब और खिदिरपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया।

पाली पूरब ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान नम्रता सिंह की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित हुई। चौपाल में मौजूद खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव और एडिओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय द्वारा चौपाल में मौजूद लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया गया। पंचायत भवन पर पहुंचने के लिए ठीक से रास्ता न होने पर खंड विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। और रास्ता बनवाने के लिए कहा गया। ग्राम चौपाल में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय जर्जर भवन का कायाकल्प कराए जाने का मुद्दा ग्रामीणों द्वारा उठाया गया। इस दौरान जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड, आवास, पेंशन, जल निकासी की नाली सहित अन्य समस्याओं से संबंधित 17 शिकायतें आई। अधिकारियों द्वारा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

ग्राम चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों ने अपना आवेदन भी दिया। ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन भी किया गया। जरूरतमंदों को मिल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। ग्राम चौपाल में राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, निशुल्क बोरिंग, वृद्धा,



विकलांग, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित गांव में चल रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई।

इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी यास्मीन बानो, प्रधान प्रतिनिधि बजरंग सिंह, पंचायत सहायक सुरेंद्र यादव, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही। जबकि खिदिरपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल ग्राम प्रधान फूला देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ग्राम चौपाल में पंचायत सचिव राजेश चौधरी, पंचायत सहायक रानू गौतम, रोजगार सेवक निशा यादव, जितेंद्र कुमार आंगनबाड़ी कर्मी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्राम चौपाल में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का संदेश पढ़कर सुनाया गया। विकास कार्यों और मनरेगा कार्य की समीक्षा की गई। और लोगों की जन समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

# आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आयोजित हुई सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक, डीएम ने दिए विभिन्न निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



इस महीने से कई त्यौहार मनाए जाएंगे। जिसको लेकर प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ चुका है। कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे, साथ ही त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराया जा सके। इसके लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षो के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बैठक में आए दुर्गा पूजा कमेटी एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारी से वार्ता करते हुए उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम,सीओ एवं थानाध्यक्ष दुर्गा पूजा पंडाल, रामलीला आयोजन स्थल, मूर्ति विसर्जन स्थल, जुलूस मार्ग आदि का भ्रमण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी आवश्यक इंतजाम पूर्ण करा लें। दुर्गा पूजा पंडाल में पुलिस एवं चौकीदार की ड्यूटी के साथ- साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाए। रात्रि के समय पुलिस बल चौकन्ना रहते हुए पूरी मुस्तैदी के ड्यूटी करेंगे। पूजा पंडाल में फायर एवं इलेक्ट्रिक सेफ्टी का विशेष ध्यान रखा जाएगा। विद्युत एवं अग्निशमन के अधिकारी यह निरीक्षण कर ले की आयोजको द्वारा फायर एवं इलेक्ट्रिक सेफ्टी की परमिशन लिया जाना सुनिश्चित किया जाए। जुलूस मार्ग का रास्ते पर जलभराव आदि को नगर निकाय एवं पीडब्ल्यूडी से सही कर लिया जाए।

मूर्ति विसर्जन के लिए घाट पर साफ सफाई, विद्युत आदि की व्यवस्था नगर निकाय एवं पंचायत द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। मूर्ति विसर्जन के दौरान आयोजकों से वार्ता करते हुए समय निर्धारित कर किया जाए जिससे कि मार्ग एवम घाट पर अधिक भीड़ एकत्रित न हो।वहीं जुलूस के दौरान अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयोजन व जुलूस के दौरान अति तेज ध्वनि में डीजे आदि पर कड़ाई से रोक लगाई जाएगी। त्योहारों को दौरान ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए पुख्ता प्लानिंग की जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कड़े निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द्ध बिगड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी विधिक कारवाही के की जाएगी। त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। इसमें इंटेलिजेंस संस्था की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। इंटेलिजेंस संस्था सक्रिय रहते हुए इनपुट आदि प्राप्त करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट को फॉरवर्ड ना करें तथा तत्काल इसकी सूचना अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दें।

### डीएम की जनपद वासियों से अपील

जिलाधिकारी ने आम जनमानस से अपील किया कि आगामी शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में जाने वाले श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग कदापि ना करें,दर्शन को छोटी गाड़ियों का प्रयोग करें। उन्होंने एसडीएम, क्षेत्राधिकार एवं आरटीओ को ट्रैक्टर ट्रॉली का प्रयोग सवारीयात्रा के लिए किए जाने पर प्रवर्तन की कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग सवारी गाड़ी की तरह न की जाने के लिए जागरूकता अभियान ग्राम स्तर पर चलाया जाए। साथ ही उन्होंने सभी जनपदवासियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी एवं सांप्रदायिक सौहार्द्ध बनाए रखते हुए खुशियों के साथ त्यौहार मनाया जाने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकार, समस्त थानाध्यक्ष, विभिन्न स्थानों से आए गणमान्य व्यक्ति व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय माध्यमिक खेल प्रतियोगिता का विधायक पलटू राम ने किया समापन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम मे विगत तीन दिनों से चल रही 25वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक रैली का शुक्रवार को मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम विधायक, तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला तथा जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम की मौजूदगी में सकुशल समापन किया गया। क्रीड़ा रैली मे ओवर आल चैंपियन ए जी हाशमी इंटर कॉलेज सहदुलानगर ने चंपियनशिप पर कब्ज़ा जमाया। वहीं सांसांस्कृतिक कार्यकर्मो मे रामशंकर भारतीय विद्यालय मथुरा ने दबदबा बनाया।

जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित किया जा रहे हैं तीन दिवसीय एथलेटिक्स क्रीडा तथा सांस्कृतिक रैली का समापन सदन विधायक पर तो राम विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला तथा जिला विद्यालय निरीक्षा गोविंदराम द्वारा किया गया तीन दिवसीय एथलेटिक्स रैली मे 100,



200, 400, 600, 800, 1500, 3000 व 50000 मीटर की दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद त्रिकूद, भाला फेंक, गोला फेंक, तारगोला फेंक, चक्का फेंक प्रतियोगिता बालक बालिका वर्ग मे अलग-अलग आयोजित हुआ। एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में एजी हाशमी इंटर कॉलेज सहदुलानगर 165 अंकों के साथ ओवर आल चैंपियन बना। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत गायन, वादन, प्रहसन, अंताक्षरी, सोलो व नाटक सहित कई विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता मे एजी हाशमी इंटरकालेज बालिका वर्ग वहीं रामशंकर भारतीय इंटर कॉलेज बालक वर्ग मे चैंपियन रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ 11अक्टूबर को जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने किया था। समापन के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम एवं विशिष्ट अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल रहे। अतिथि के स्वागत मे सरदार बल्लभ भाई इंटर कॉलेज गालिबपुर की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, वहीं एम पी पी इंटरकॉलेज के आशीष ने एक राधा कृष्ण नृत्य से समा बाँध दिया। मुख्य अतिथि ने बच्चो को पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र मे आज अपार संभावनायें हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को सलाह दी कि हार को भूलते हुए जीत की तैयारी आज से शुरू कर दें।

## अग्निशमन केंद्र पर बच्चों को आग बुझाने की दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स डिजनी वर्ल्ड स्कूल के बच्चों को शुक्रवार को शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत अग्नि समन केंद्र का भ्रमण कराया गया। जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को अग्नि निवारण सप्ताह के अंतर्गत सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 1 व कक्षा 2 के बच्चों ने स्थानीय अग्निशमन केंद्र में आयोजित एक विशेष अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अग्नि संबंधित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सतर्क और तैयार बनाना था। इस अवसर पर अग्निशमन अधिकारी अंकित कुमार और उनके सहयोगी सोनू कुमार ने बच्चों को बताया कि आग लगने पर हमे सबसे पहले 112 पर डायल करना होता है और उस स्थान का पता बताना होता है जहां पर आग लगी है। उसके बाद अग्निशमन केंद्र अपना कार्य सुचारू रूप से करते हुए आग पर काबू पाता है। अग्निशमन अधिकारी ने आगे बताया कि किस तरह हम छोटी आग और बड़ी आग पर काबू कर सकते हैं। अग्निशमन केंद्र के सोनू कुमार ने फायर इस्टिंग्विशर की मदद से छोटी आग को बुझा कर एक प्रदर्शन भी किया। बाद में दमकल की गाड़ी से पानी का बौछार करके बड़ी आग लगाकर बुझाने का एक और प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण के अवसर पर बच्चों के अतिरिक्त स्कूल की अध्यापिका अंजली सिंह, निधि श्रीवास्तव, सुगंधा श्रीवास्तव, गजाला खान और विनीत श्रीवास्तव मौजूद थे।

# शारदीय नवरात्र के अवसर पर आज से आयोजित होगा मिशन शक्ति फेज़-4 अभियान

जन एक्सप्रेस। बहराइच

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्वन हेतु आगामी शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-04) का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से 14 अक्टूबर को लोक भवन लखनऊ से किया जायेगा। मिशन शक्ति फेज़-4 अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सम्बन्धित क्षेत्र की विशिष्ट महिलाओं, महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। मिशन शक्ति के विशेष अभियान अन्तर्गत 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर चार पहिया और दो पहिया वाहनों से जनजागरुकता हेतु महिला सशक्तिकरण रैली निकाली जाएगी। जिसमें 112, पी.आर.वी. वाहन तथा एम्बुलेंस भी सम्मिलित रहेंगी। एक वाहन पी.ए. सिस्टम के साथ होगा, जिससे मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित गीत/जिंगल प्रसारित होंगे। इस अवसर पर मिशन शक्ति अभियान, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि अन्य भारत सरकार या राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण, रोजगार या सुरक्षा से सम्बन्धित मिशन/योजनाओं का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। अभियान अन्तर्गत 16 अक्टूबर को मिशन शक्ति से सम्बन्धित गृह, बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, नगर विकास, युवा कल्याण, राजस्व, संस्कृति एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित विभागीय कार्य योजना के अनुरूप कार्यक्रम सम्पादित किये जाएंगे। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत सप्ताह में एक दिन प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्ड में ग्राम प्रधानों व सभासदों के सहयोग से बीट पुलिस अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, बीसी सखी, लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में आमजन को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत मिहींपुरवा में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस। मिहींपुरवा /बहराइच

मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानो पर अमृत कलश यात्रा निकल गई। जिसके मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर तथा ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा व भाजपा नेता आलोक जिंदल रहे। कलश यात्रा पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर स्वागत किया।

यह कलश यात्रा मिहींपुरवा बाजार के विभिन्न मार्गों में ढोल नगाड़े व देश भक्ती के गीतों के साथ होते हुये पुन- तहसील परिसर व ब्लाक परिसर पहुंची। नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया एवं सभासदो की ओर से कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की गयी।



तहसील परिसर में यात्रा का स्वागत उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार ने किया एवं ब्लाक परिसर में यात्रा का स्वागत खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह की ओर से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सरोज सोनकर ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्देश्य उन वीर सपूतो की स्मृति हेतु आयोजित किया जा रहा है। जिन्होने देश हित में अपने प्राणो की आहुति दी है। आजाद हुये सत्तर वर्ष बीत चुके हैं। लेकिन जब से मोदी देश के प्रधानमंत्री बने है। तबसे देश के वीर सपूतो को विशेष सम्मान दिया जाने लगा है। उन्होने कहा कि हम लोग संकल्प लें कि अपने देश को विश्व में नम्बर एक पर पहुंचाना है तथा सभी लोग अपने अपने बच्चों को प्रतिदिन एक महापुरुष की कहानी अवश्य सुनायें। जिससे बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का विकास हो। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा ने कहा कि 2014 के बाद से जब से देश के प्रधानमंत्री मोदी बने है। तब से हर तरह की आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगा है। नही तो इससे पहले देश में इज़राईल जैसे हालात थे। इस मौके पर भाजपा नेता आलोक जिंदल, पूर्व प्रमुख श्रवण मदेशिया, संतोष श्रीवास्तव, प्रधान रमेश मौर्या ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अमृत कलश यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया, भाजपा कार्यकर्ता व काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज बोर्ड हाईस्कूल अंक पत्र, प्रमाण पत्र रोल नं0- 212649660- सन् 2021 एवं इण्टर मीडिएट अंकपत्र, प्रमाणपत्र- रोलनं0- 2237297904- सन् 2023 कहीं गुम हो गया है।

– साधना गुप्ता
पुत्री श्री द्वारिका प्रसाद गुप्ता
निवासी- नई बाजार पड़ाव तुलसीपुर
जनपद- बलरामपुर (उ0प्र0)।

# त्योहारों के दौर में बिना सूचना के अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाना हम छोटे व्यापारियों के पेट पर लात मारना : नंदकिशोर कश्यप

* उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के लघु उद्योग एवं श्रेणी पटरी कार्यकर्ताओं ने राज्य मंत्री एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शुक्रवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के लघु उद्योग एवं रेडी पटरी से जुड़े सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बिना सूचना के चल रहे अतिक्रमण के संबंध में किया विरोध प्रदर्शन।

बताते चलें कि शुक्रवार को सुबह लघु उद्योग एवं रेडी पटरी के कार्यकर्ता शहर विधायक एवं राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के कार्यालय पर पहुंचे और बिना सूचना के चल रहें। अतिक्रमण के संबंध में व्यापारियों ने ज्ञापन कार्यालय प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव को दिया। रेडी पटरी के कार्यकर्ताओं का कहना था दिवाली का त्यौहार करीब आ गया है। और ऐसे में अतिक्रमण चलाया जाना पूर्णतः अनुचित है। जहां एक और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना लोन देकर छोटे व्यापारियों को रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन और नगर पालिका हम जैसे छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है या तो हम सब व्यापारियों को स्थाई जगह दी जाए उसके बाद यहां से हटाया जाए या हम सब व्यापारियों का पूर्ण तरह से लोन को माफ किया जाए इस तरह की कार्रवाई हम जैसे व्यापारियों की कमर तोड़ कर रख देगी वैसे ही मार्केट में 5 महीने से बहुत ज्यादा मंदी की मार झेल रहे हैं।

ऐसे में कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब त्यौहार पर यह कार्रवाई करना पूरी तरह से गलत है। 2 दिन पहले



नगरपालिका में व्यापारियों की एक बैठक एसडीएम एवं सिटी मजिस्ट्रेट पालिका अध्यक्ष के साथ हुई थी जिसमें स्पष्ट रूप से कहा था कि किसी प्रकार की कोई भी अतिक्रमण जैसी कार्रवाई अभी नहीं की जाएगी और अगले ही दिन 12:00 बजे से गैस चौराहे से अतिक्रमण कारवाई शुरू कर दी जाती है और कई एक व्यापारियों के चालान भी कर दिए जाते हैं। बिना किसी सूचना के हम व्यापारियों ने हमेशा प्रशासन का साथ दिया है। प्रशासन को भी हमारा सबका ध्यान रखते हुए इस कार्रवाई को अभी रोक देना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने आज राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को संबोधित ज्ञापन कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा को दिय। इसी के साथ कार्यकर्ताओं ने दूरभाष पर राज्य मंत्री श्री गंगवार ने सभी को आश्वासन दिया कि अब किसी प्रकार की कोई अतिक्रमण कारवाई नहीं की जाएगी। इसके पश्चात एक ज्ञापन जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में लघु उद्योग एवं रेडी पटरी के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर कश्यप, युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, जिला महामंत्री मनोज पांडे, महेश शर्मा, सुनील शर्मा, राहुल राठौर, गुड्डू कश्यप, जुबेर अंसारी, सद्दाम अंसारी, छोटे भाई, चिमनलाल, विश्व सिंह, नईम अंसारी, राजकुमार, हनी जूस वाले सहित सैकड़ो रेडी पटरी के व्यापारी बंधु उपस्थित रहें।

# समिति का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को दिल्ली पहुंचकर सांसद वरुण गांधी से मिल समस्याओं से कराया अवगत

* 32 दिन से किया जा रहे धरना प्रदर्शन के बीच संसद से मिल समाधान की मांग की

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




पूरनपुर के चंदिया हजारा में शारदा नदी पर प्रस्तावित चैनेलाइजेशन कार्य के लिए ग्रामीणों द्वारा 32 दिन से किए जा रहे हैं धरना प्रदर्शन के बीच चंदिया हजारा क्षेत्र बचाव संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को दिल्ली में सांसद वरुण गांधी से मिला और उन्हें बिंदुवार क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की। मामले की गंभीरता को समझते हुए सांसद वरुण गांधी ने भारत सरकार के पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सचिव श्रीमती लीना नंदन से बात की और प्रत्येक समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र निराकरण किए जाने का आग्रह किया। सांसद ने केंद्रीय सचिव को तीन अलग-अलग पत्र भी लिखे। सांसद के निर्देश पर उनके निजी सचिव व पीए प्रतिनिधि मंडल को साथ ले जाकर पर्यावरण वन सचिव से और उनको पत्र सौंपे। केंद्रीय पर्यावरण वन सचिव को लिखे पत्र में सांसद वरुण गांधी ने कहा कि पिछले कई महीनो से चैनेलाइजेशन कार्य शुरू करने के लिए शीघ्र अनुमोदन हेतु अलग अलग स्तर पर पत्र भेज कर आग्रह किया जाता रहा है लेकिन अभी तक अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है। जिम्मेदार अधिकारियों ने यदि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया होता तो क्षेत्र की जनता को धरना प्रदर्शन पर नहीं उतरना पड़ता। एक महा से ज्यादा समय से क्षेत्र के लोग धरने पर बैठे हैं। उन्होंने स्वयं भी धरना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं को समझा है। सांसद ने पत्र में कहा कि शारदा नदी की हर साल आने वाली बाढ़ बड़े पैमाने पर विनाश करती है। कटान रोकने के लिए यह बहुत जरूरी है कि पुख्ता कार्ययोजना बनाकर शीघ्र इस पर काम किया जाए। अनुमोदन में देरी होने और फिर उसके बाद बरसात आजाने पर नदी किनारे बसे लोग लाभ से वंचित रह जायेंगे और उन्हें फिर दैवीय आपदा का सामना करना पड़ेगा।

इसके अलावा सांसद ने दूसरे पत्र में कहा कि टाइगर रिजर्व एरिया में सीमाओं पर तार फेंसिंग न होने से आए दिन वहां जंगली जानवरों का सीमाओं से बाहर कर लोगों पर हमला करना आम बात हो गई जिससे लगातार जनहानि हो रही है जिसे तत्काल रोकने हेतु सीमाओं पर तार फेंसिंग कराया जाना बहुत आवश्यक है। तीसरे पत्र में सांसद ने कहा कि तहसील कली नगर क्षेत्र में ग्राम कीरतपुर से लाहौरी पुल होते हुए ग्राम पचपेड़ा (चूका बाजार) तक कच्ची सड़क जो बराही रेंज के अंतर्गत आती है, वन विभाग द्वारा एनओसी न दिए जाने से इसका निर्माण लटका हुआ। सड़क बहुत खराब स्थिति में होने के कारण क्षेत्रीय लोगों को बहुत परेशानी हो रही। जनहित में सड़क को बनाए जाने हेतु शीघ्र एनओसी उपलब्ध कराए जाने का सांसद ने आग्रह किया है। पर्यावरण सचिव ने सांसद व उनके द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि शीघ्र होने वाली नेशनल बोर्ड की बैठक में इसे प्राथिमकता स रखकर समस्याओं का समाधान कराएंगी। वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की सचिव श्रीमती लीना नंदन से मिलने वालों में सांसद सचिव कमलकांत, पीए सागर शाह, चंदिया हजारा क्षेत्र बचाव संघर्ष समिति के पदाधिकारी वासुदेव प्रधान, मनोज कुमार राय, प्रवीर सरकार, बलजिंदर सिंह बिल्लू, गौरंग मंडल, उमेश कुमार आदि शामिल थे।

# निर्मल प्रजापति के फ्यूचर व्हीकल मॉडल के चयनित होने पर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । राजकुमार




पीलीभीत। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ में विगत दिनों पूर्व 10 अक्टूबर को किया गया। जिसमें प्रदर्शन के लिए राज्य के 18 मंडलों से सर्वश्रेष्ठ 3-3 मॉडल्स का चयन फ़रवरी में किया गया था। बरेली मंडल से चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत के कक्षा 12 के छात्र निर्मल प्रजापति के फ्यूचर व्हीकल मॉडल को चयनित किया गया था। निर्मल ने राज्य स्तर पर अपने मॉडल को प्रदर्शित किया और अपने फ्यूचर व्हीकल की विभिन्न विशेषताओं से लोगों का मन मोह लिया, निर्मल के इस मॉडल में भविष्य के वाहनों की टेक्नोलॉजी की झलक दिखाई गयी है। यह वाहन अल्कोहल के प्रयोग के कारण दुर्घटना, अन्य किसी हानिकारक गैस, आग से वाहन को सुरक्षित रखेगा, आजकल कई दुर्घटनाएं ड्राईवर को नींद के झोंके आ जाने के कारण हो जाती है। कैमरा व पाइथन प्रोग्रामिंग से ड्राईवर की मोनिटरिंग चलती रहेगी नींद आने या ओवरटाइम ड्राइविंग से वाहन को कण्ट्रोल करेगी और अलर्ट देगी। पीछे से आने वाले वाहनों के संकेत ना सुन पाने की स्थिति में वाहन की स्टीयरिंग में एलईडी व वाइब्रेशन से अलर्ट किया जायेगा। छात्र ने बताया कि तकनीक का प्रयोग कर आने वाली चुँनौतियों के अनुसार सुरक्षित और सुगम यह फ्यूचर व्हीकल होगा। उसने अपना यह मॉडल विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में ए0टी0एल0 इंचार्ज लोकेश सिंह के निर्देशन में तैयार किया हैं। जिसमें अल्कोहल सेंसर, ऑइ ब्लिंक सेंसर, वाइब्रेशन मोटर आदि का प्रयोग किया है।प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उ.प्र. द्वारा छात्रों के मॉडल्स का अवलोकन किया व सराहा, निर्मल के फ्यूचर व्हीकल व अन्य श्रेष्ठ मॉडल्स को पुरस्कृत भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रभान शर्मा ने छात्र और निर्देशन देने वाले शिक्षक लोकेश सिंह व निर्मल शर्मा को बधाई दी व भविष्य में और उच्च उपलब्धियों की कामना की।

## भगवान राम की थी दो बड़ी बहनें देवी शांता एवं देवी कूकवी जिन्हें नहीं मिला अयोध्या राम जन्म भूमि में हिस्सा : बृजेश

पीलीभीत। विद्वान राम कथा वक्ता पंडित बृजेश पाठक ने कहा है भगवान राम की थी दो बड़ी बहनें देवी शांता एवं देवी कूकवी जिन्हें नहीं मिला अयोध्या राम जन्म भूमि में हिस्सा ब्राह्मण, गौ माता, देवता तथा संत, महात्माओं के हित के लिए अखिल ब्रह्मांड रंगमंच के नायक अयोध्या नरेश मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी महाराज ने अवतार लिया। रामायण माहात्म्य बाणी द्वारा वर्णन करने की किसी व्यक्ति में समर्थ नहीं है क्योंकि यह एक परम रहस्यमय ग्रंथ है पूज्य पाद गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस केवल एक धर्म ग्रंथ नहीं है बल्कि यह एक महाकाव्य है जिसमें सभी वेदों का सार संग्रह किया गया है।

# गरीबों के हक पर डाका डाल रहा है कोटेदार कंधई लाल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

हजारा(पूरनपुर)। विकास खंड पूरनपुर के ट्रांस शारदा क्षेत्र में ग्राम पंचायत कबीरगंज में जहां राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम व प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत गरीब जनता के लिए आये हुए खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में कबीरगंज का कोटेदार राशन वितरण करने के दौरान जमकर घटतौली कर गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का काम कर रहा है।वृहस्पतिवार को कबीरगंज में



सरकारी गल्ले की दुकान पर काफी संख्या में राशन लेने आए राशनकार्ड धारकों ने कोटेदार कंधई लाल पर राशन में घटतौली करने का तथा



पिछले एक से दो महीनों का राशन नहीं देने का आरोप लगाया है।इस दौरान राशन कार्ड धारकों ने सरकारी दुकान से मिले राशन का पत्रकारों तथा कोटेदार की मौजूदगी में दूसरे काटें पर जाकर वजन किया गया तो एक से दो किलो राशन कम निकला इस पर खुद कोटेदार ने बेहिचक आन कैमरा राशन कम देने की बात को कबूला है।बता दें कि कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने कबीरगंज कोटेदार की घटतौली करने की तथा राशन नहीं देने की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी।जिस पर संज्ञान लेते हुए हुए अधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को जांच टीम ने पहुंच कर जांच की थी और लेखपाल नरेश चंद को अपनी मौजूदगी में गुरुवार को राशन वितरण कराने के लिए आदेशित किया था।लेकिन लेखपाल की मौजूदगी में ही कोटेदार राशन वितरण करने में घटतौली कर रहा था।सूबे की योगी सरकार की जीरो टालरेंस नीति की जिम्मेदारों की मिलीभगत से किस तरह से धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं और सरकारी सिस्टम की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ गरीब जनता को नहीं मिल पा रहा है।जनपद का ट्रांस शारदा क्षेत्र भ्रष्टाचार का गढ़ बनता जा रहा है।

# राजस्वकर्मियों के सहयोग से दबंगों द्वारा बेशकीमती जमीन कब्जा करने के लगे आरोप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




उत्तर प्रदेश के जौनपुर के शाहगंज तहसील के राजस्व कर्मियों दबंगों की मिलीभगत से जमीन कब्जाने का आरोप लगे हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के कौड़िया गॉव निवासी हीरालाल विश्वकर्मा ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि शाहगंज तहशील के राजस्व कर्मियों की शह पर उसकी बेशकीमती जमीन विपक्षीगण कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों एंव सत्तारूढ़ नेताओं के दबाव के चलते अधिकारी उसकी सुनवाई नही कर रहे हैं।

### सत्तारूढ़ पार्टी के एक नेता का स्वजातीय का पक्ष लेनें का आरोप

पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी के सजातीय छताई कला गॉव निवासी उसके विपक्षी देवेन्द्रनाथ सिंह आदि का स्वजातीय होने के चलते पक्ष लेकर प्रशासनिक दबाव बना रहे हैं।

### स्थगन आदेश व न्यायालय में विधाराधीन मुकदमा होने के बावजूद कब्जा करने का प्रयास

उक्त मामले में पीड़ित की मानें तो न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन हैं इसके साथ ही स्थगन आदेश भी है। उसके बावजूद विपक्षियों द्वारा दबंगों राजस्व कर्मियों के शह पर उसकी जमीन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### असलहाधारी लोगों द्वारा कब्जा करने का किया गया प्रयास



जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित का आरोप है कि 14 सितंबर को विपक्षी द्वारा सैकड़ो लोगों के साथ जेसीबी की मदद से उस्की जमीन कब्जा करने का प्रयास किया गया। असलहे से लैस लोगों की मौजूदगी में जेसीबी से पचासो पेड़ उखाड़ दिए गये। जिसके बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया बाकि लोग भाग गए थे। जिसके बाद पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई करके आरोपियों को छोड़ दिया था।

### देवरिया कांड दोहराने की धमकी

पीड़ित ने आरोपियों पर जौनपुर में भी देवरिया कांड दोहराने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। हालांकि पीड़ित की शिकायत को सज्ञान में लेते हुए जौनपुर के जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने के साथ ही जॉंच अवैध हस्तक्षेप को हटाने के आदेश दिए हैं।

# विश्व दृष्टि दिवस पर लोगों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के अंतर्गत राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष कार्यक्रम के अंतर्गत 24वां विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। जिला अस्पताल समेत जनपद की समस्त सीएचसी-पीएचसी पर नेत्र रोग विशेषज्ञों की उपस्थिति में जागरूकता गोष्ठी व नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के नेत्र रोग विभाग में तैनात सीनियर रेसिडेंट डा.विकास अग्रवाल ने रोगियों को जागरूक करते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम लव योर आईज एट वर्क प्लेस (कार्यस्थल पर अपने नेत्रों से प्यार करें) है। उन्होंने रोगियों को आंखों में होने वाली समस्याओं व उनसे बचाव के बारे में जागरूक किया। सीएमओ डा.आलोक कुमार ने बताया कि इस वर्ष विश्व दृष्टि दिवस 2023 का लक्ष्य वर्ष भर चलने वाले अभियान में नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों के नेत्र स्वास्थ्य प्राथमिकताओं को मानक अभ्यास के रूप में अपनाने और नेत्र स्वास्थ्य की आदतों को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहित करना है। नोडल अधिकारी व एसीएमओ डा.हरिदत्त नेमी ने कहा कि इस कार्यक्रम से लाखों कर्मचारियों की भलाई, सुरक्षा और उत्पादकता को लाभ होगा तथा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कारखानों के फर्मो से लेकर कार्यालय भवन, स्टॉफ रूम और स्टूडियो तक सभी के लिये आंखों की देखभाल, उपलब्ध, सुलभ और सस्ती हो।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लेखपाल पर हमले में गिरफ्तारी न होने पर संघ ने दिया धरना

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। बदलापुर तहसील परिसर में गुरुवार को राजस्व कर्मी यशपाल के ऊपर हुए प्राण घातक हमले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर संघ ने धरना प्रदर्शन किया। वहीं प्रदर्शन के दौरान संघ के अध्यक्ष लालचंद पाण्डेय ने कहा कि जब तक आरोपियों के गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक लेखपाल संघ धरना प्रदर्शन जारी रखने को बाध्य होगा। जानकारी के अनुसार तहसील बदलापुर के कार्यरत लेखपाल यशपाल उच्च न्यायालय के मुकदमें में तहसीलदार द्वारा गठित राजस्व टीम व पुलिस बल के साथ पैमाइश करके वापस लौट रहे थे। उसी समय उक्त शुभम् आशीष व कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। जहां गंभीर रूप से घायल हो गए हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं नामजद तहरीर के आधार पर बदलापुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। लेकिन गुरुवार तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर लेखपाल संघ ने धरना प्रदर्शन कर दिया। वहीं प्रशासन से मांग करते हुए शीघ्र ही गिरफ्तार करने की मांग किया है। देखना है कि बदलापुर पुलिस कब तक अपने काम को अंजाम देती है।




### एम्बुलेंस की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कौडिया गांव के समीप एम्बुलेंस की चपेट में आने से सड़क पार कर रहे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के कौडिया गांव निवासी 75 वर्षीय रामकुमार गौतम पुत्र राम अधीन शुक्रवार की दोपहर घर से कुछ दूरी पर कौडिया गांव के प्रयागराज मार्ग स्थित लक्ष्मी टावर के समीप सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार एम्बुलेंस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उक्त घायल की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने एम्बुलेंस व चालक दोनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र के मुम्बई का एम्बुलेंस बस्ती में मरीज छोड़ वापस लौट रहा था।

### अंगूरी देवी विद्यालय क्रिकेट में विजेता घोषित हुआ

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। जनपद के गांधी स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अन्य विद्यालयों की क्रिकेट टीम न होने के कारण अंगूरी देवी बालिका विद्या मंदिर इंटर इंटर कालेज की टीम को विजेता घोषित कर दिया गया।

# प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को वितरित किया गया टैबलेट

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खुटहन ब्लाक मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों में टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बृजेश कुमार यादव रहे। मुख्यअतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा यह जो नई पहल की गई है यह एक क्रांतिकारी कदम है जो उत्तर प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में नई दृष्टिकोण लाने की दिशा में है। यह टैबलेट आप सभी शिक्षकों को विभिन्न शैक्षणिक और विद्यार्थी संपर्क में रहने में मददगार होगा, टैबलेट के जरिए अध्यापकों के माध्यम से छात्र अच्छी सी अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो सकेगा। शिक्षा और भविष्य के लिए एक व्यापक संभावना हो सकती है। उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अब आप सभी को पहले जिस रूप में देखा जाता था उस रूप में नहीं दिखाई देते हैं आप सभी के विचारों का भी कार्यकाल हो गया है जब आप सभी शिक्षा को ऊंचाई की बुलंदियों तक ले जाएंगे तो बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता गांव व जिले का नाम होगा देश प्रदेश का नाम होगा। खण्ड शिक्षाधिकारी अधिकारी शशांक कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट जनप्रतिनिधि के माध्यम से दिया जाना है जिसके लिए ब्लॉक मुख्यालय की सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया खण्ड शिक्षा अधिकारी ने टैबलेट की उपयोगिता में बताते हुए कहा कि बच्चों को चंद्रयान जैसे देश को गौरवान्वित करने वाला पल, डिजिटल पढ़ाई व डिजिटल इंडिया के तहत सभी पाठ्यक्रम को टैबलेट में दिखाने में मदद होगा। यह पूर्ण रूप से बच्चों के लिए उपयोगी होगा। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा ऐसा कार्यक्रम जो उनके लिए हितकर होगा, ऐसा कार्यक्रम भी दिखाएं जाने में सुविधाजनक होगा। बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा आदित्यनाथ योगी के आदेश पर टैबलेट पर प्राथमिक विद्यालय पर दो टैबलेट दिया जाना है योगी सरकार के आदेश है जिससे बच्चों को डिजिटल पठन-पाठन का कार्य टैबलेट के माध्यम से किया जा सके। रियल टाइम डाटा उपलब्ध करा सकेंगे। टैबलेट मिलने के बाद उपस्थित मिड-डे मील सहित अन्य जानकारी की के बारे में माध्यमिक शिक्षा ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी।

### धान क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के खिलाफ किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। क्रांतिकारी विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने सरकारी धान क्रय केंद्रों पर नामी बात कर किसानों का ध्यान ना खरीदे जाने सहित उनकी कई समस्याओं को लेकर मंडी परिषर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को अपना ज्ञापन भेजा। धान खरीद में एमएसपी लागू करने को मंडी बीसलपुर में किया प्रदर्शन बीसलपुर किसानों का धान सरकारी मूल्य में खरीद करने, नमी बताकर धान वापस न करने, खरीद करने में अधिक समय तक धान किसानों को न रोकने, जल्द धान खरीद का भुगतान करने, गत वर्षो जो धान खरीद एजेंसी एवं उनके एजेंट खराब कार्य प्रणाली रही है उनसे धान की खरीद न करने, एक सप्ताह में जब किसान बड़ी संख्या में धान मंडियों में बिक्री को लेकर आएगा तो उनको समुचित उचित सुविधाएं प्रदान करने को किसान नेता एवं प्रांतीय संरक्षक क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश देव स्वरूप पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता बीसलपुर मंडी पहुंचे जहां उन्होंने धान किसानों की समस्याओं के समाधान को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा कि यदि धान किसानों को धान बिक्री करने में गत वर्ष की तरह परेशानी आई तो बड़ा आंदोलन होगा।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बनने जा रहा है सबसे मजबूत देश : बीपी सरोज

* केराकत ब्लॉक में कलश संग्रहीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



देश की राजधानी दिल्ली में अमर बीर सपूतों की याद मे बनने वाले अमृत वाटिका में केराकत क्षेत्र की प्रत्येक गाँव से एकत्रित की गयी मिट्टी भी मिलेगी। जिसे देखकर हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस करेंगे। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के शासन काल में शहीदों को जो सम्मान मिल रहा है वह आज तक कभी नहीं मिला। उक्त बातें शुक्रवार को केराकत क्षेत्र पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश भक्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मछलीशहर सांसद बीपी सरोज ने अपने संबोधन में कही।उन्होंने कहा की केराकत में कुछ लोग धरना देने का काम करते हैं।धरना देने से काम नही चलता हैं।आप धरना देते रह जाओगे एक भी ट्रेन नही रुकवा पाओगे।आप लोग हमे अपना जन प्रतिनिधि अपना सेवक चुना है तो सेवक किस दिन काम आयेगा। अगर आप लोग की कोई मांगे है तो लिखकर कर हम तक पहुंचाने का कार्य करे। केराकत में दो ट्रेन रुकवाने का काम किया हुँ और दो ट्रेनों का ठहराव जल्द ही होने वाला है और ट्रेनों की मांग करेंगे तो चार और ट्रेन रुकवाने का कार्य करूँगा। आप लोग भाई चारा बनाकर काम करिये गुटबाजी मत करिये। हमारी सरकार काम करना चाहती हैं और काम करेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सबसे मजबूत देश बनने जा रहा है।वह दिन दूर नही जब देश विश्वगुरु कहलायेगा। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने क्षेत्र पंचायत परिसर में पीपल के वृक्ष का पौधारोपण कर कार्यक्रम में लगे स्टाल का निरीक्षण कर 71 गाँव से आयी कलश से मिट्टी निकाल कलश में डालने के साथ ही नन्हे बच्चो का अंग प्रासन्न तथा गर्भवती महिलाओं को फल वितरण किये कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह ने की इस अवसर पर बीडीओ नंदलाल कुमार यादव, ब्लॉक प्रमुख सरोज देवी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरिता सिंह, अजय सिंह, जयेश यादव, आसिफ अंसारी, छितौना प्रधानपति फौजी सुबास यादव समेत क्षेत्र से आये तमाम महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# गैंगरेप पीड़िता की बहन की संदिग्ध हालात में मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* घर से 50 मीटर दूर तलाब के पास मिला शव
* परिजनों ने कागजों में पुलिस सुरक्षा मिलने का लगाया आरोप

मौरावां थानाक्षेत्र के एक गांव में सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता की दो साल की बहन का शव घर से करीब 50 मीटर दूर तालाब में पड़ा मिलने की घटना में दो डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका की मां ने चौबीस घंटे दरवाजे पुलिस न रुकने का आरोप लगाया है। थानाक्षेत्र के एक गांव में मां बनने वाली सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के घर के बाहर गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे सभी बच्चे खेल रहे थे। तभी खेलने के दौरान उसकी (2) साल की बहन घर के पास बने तालाब किनारे पहुंच गई थी। इससे उसकी डूबने से मौत हो गई थी। सोशल मीडिया पर हत्या कर शव फेके जाने की खबर वायरल होते हुए पुलिस हरकत में आई थी। थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंच जांच की थी। मृतका की मां ने आरोप लगाया था कि वह शहर दुष्कर्म पीड़िता बेटी की घटना में पेशी पर गई थी। घर में बच्चे थे। किसी ने बेटी को मारकर तालाब में फेंका है। शुक्रवार को दो डॉक्टरों के पैनल में शामिल पैथोलॉजिस्ट डॉ. अनुराग कुमार और डॉ. कौशलेंद्र प्रकाश ने शव का पोस्टमार्टम किया। जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। मृतका की मां ने बताया कि पुलिस कागजों पर तैनात है। घर के बाहर चौबीस घंटे नहीं रुकती। थानाध्यक्ष भवन सिंह मौर्य ने बताया कि पुलिस के न रुकने की बात गलत है। चौबीस घंटे पुलिस की तैनाती रहती है। कोई भी परेशान नहीं करता है।

## धार्मिक आयोजनों में डीजे नौटंकी, डांस पर रोक

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

सिटी मजिस्ट्रेट ने धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान डीजे, नौटंकी, डांस पार्टी पर प्रतिबंध लगाकर गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सर्तकता बरतने का निर्देश दिया है। अगर बिना परमिशन के कोई भी आयोजक डीजे, नौटंकी, डांस कराता है, तब उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने का आदेश दिया है। क्योंकि पूर्व में नवरात्र के बीच ही दुर्गा पूजा, उसके बाद दशहरा, जागरण, कीर्तन के अलावा मांगलिक कायक्रमों में नौटंकी, डांस पार्टी का आयोजन के दौरान हिंसा हो चुकी है। ऐसी हिंसा रोकने के लिये डीजे, नौटंकी, डांस पर रोक लगाया गया है।

# फेसबुक हुआ प्यार, युवक ने शादी से किया इंकार, युवती ने लगा ली फांसी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बारासगवर थानाक्षेत्र के दौदापुर गांव निवासी युवती से युवक की फेसबुक पर दोस्ती हो गई। जानकारी होने पर परिजनों ने शादी तय कर दी। लेकिन युवक ने शादी से इंकार कर दिया तो युवती फंदे पर लटका गई। इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि बारासगवार के दौदापुर गांव निवासी पिता सुरेश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी श्वेता की फेसबुक पर शमशाबाद तहसील फतेहाबाद जिला आगरा निवासी युवक से दोस्ती ही गई। इस दौरान दोनों में काफी दिनों तक बातचीत होती रही। युवक लगातार बेटी से दूसरी जगह शादी करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। जानकारी होने पर पिता ने बेटी की शादी युवक से तय कर नवरात्र में वरीक्षा व्यवहार, गोद भराई कार्यक्रम की बात कही थी। छह दिन पहले युवक ने बेटी से शादी करने से इनकार कर दिया था। सदमे में आकर बेटी 10 अक्तूबर मंगलवार को घर के कमरे में रस्सी से लटक गई थी। घर में मौजूद लोगों ने श्वेता को तत्काल फंदे से उतारकर कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गुरुवार देरात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि तहरीर आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बीघापुर कोतवाली अंतर्गत रायबरेली रेल मार्ग पर कुल्हा हाल्ट के निकट एक 35 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक के बगल में पड़ा मिला। मृतक के गले में कटने का निशान होने के चलते ग्रामीणों में हत्या कर शव ट्रेन से फेंके जाने की चर्चा है। गेट मैन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि कुल्हा हाल्ट के गेट मैन राजेश कुमार ने शुक्रवार सुबह लगभग 6:30 बजे सूचना दी कि उन्नाव रायबरेली रेल रुट पर पोल संख्या 155 /6 के निकट रेलवे ट्रैक के किनारे एक 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव के आसपास के लोगों से पूंछतांछ की ,परंतु उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई ।एसओ ने बताया कि युवक ट्रेन से गिर गया होगा । मृतक नीली जींस व सफेद शर्ट पहने हुए था । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है ।

### संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। आसीवन थाना क्षेत्र के परसौरा गांव निवासी विजयपाल पुत्र स्व, धनीराम(37) गांव के ही तेज कुमार व मतोले के साथ सुबह बांगरमऊ मे स्थित सीमेंट के पोल बनाने की फैक्ट्री मे मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। वहां काम करते समय अचानक उसकी हालत बिगड़ गई जिससे साथियों ने आनन-फानन में बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर हालत में सुधार होते न देख साथियो ने सीएचसी से ले जाकर निजी चिकित्सक को दिखाया वहां पर भी हालत में सुधार होते न देख साथी आनन-फानन में मियॉगंज सीएचसी में लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने उसे देखकर मृत घोषित कर दिया चिकित्सक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम कराने के लिए जिला अस्पताल भेजने लगी लेकिन मृतक की पत्नी चांदनी ने पोस्टमार्टम कराने से साफ मना कर दिया पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करके मृतक विजयपाल का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक का एक बेटा दिव्यांश दो वर्ष व पत्नी चांदनी सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल था।

### सभासद व पालिका कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। वार्ड 13 के सभासद विशाल त्रिपाठी बिल्लू के पिता शिव प्रसाद त्रिवाठी उर्फ शिव बाबा का गुरुवार देर रात निधन हो गया। मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कराया गया। जहां नगर के गणमान्य लोगों के अलावा, पालिका के सभासद और पालिका कर्मी मौजूद रहे। वहीं सभासद के पिता के निधन पर नगर पालिका गंगाघाट में शोक सभा का आयोजन हुआ। जिसमें पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, सभासद व पालिका कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

### जल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन डालने का कार्य चालू

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। ऋषि नगर पंप हाउस की बोरिंग फेल होने के कारण पिछले एक माह से दो वार्डों के करीब पांच हजार की आबादी को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्रीय सभासद पानी का टैंकर मंगाकर जलापूर्ति करा रहे हैं। इधर क्षेत्र की बाधित जलापूर्ति शुरू कराने के लिए ईओ मुकेश मिश्रा और अध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने पालिका के पंप हाउस की पाइप लाइन से ऋषि नगर पंप हाउस की पाइप लाइन से सप्लाई शुरू कराने के लिये जेसीबी से खुदाई कराकर पाइप लाइन डलवाने का कार्य कराने के निर्देश दिये। जिस पर शुक्रवार को करीब पाइप लाइन डालने का कार्य कराया गया। शुक्रवार को पालिका कार्यालय के बाहर मेन लाइन से डाली गई पाइप लाइन का कनेक्शन जोड़ने का काम किया गया। चकवॉल खोलने में मजदूरों के भी पसीने छूट गये। ठेकेदार ने बताया कि काफी पुरानी पाइप लाइन पड़ी है।

# बंशी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई समाप्त

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




बंशी कालेज ऑफ एजूकेशन, बिठूर, कानपुर नगर में अन्तरमहाविद्यालयी द्वितीय दिवस महिला वर्ग की वॉलीवाल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें बंशी कालेज ऑफ एजूकेशन, बिठूर, कानपुर, अर्मापुर पी0जी0 कालेज अर्मापुर कानपुर, महिला महाविद्यालय किदवई नगर कानपुर, जुहारीदेवी गर्ल्स पी0जी0 कालेज कानपुर, वी0एस0एस0डी0 कालेज तथा सी0एस0जे0एम0यू0 कैम्पस आदि टीमों ने भाग लिया। महाविद्यालय में आयोजित द्वितीय दिवस अन्तर महाविद्यालयी (पुरूष एवं महिला) वॉलीबाल प्रतियोगिता समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुनीन्द्र शुक्ला, (पूर्व विधायक बिठूर, कानपुर), एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वेश यादव, अध्यक्ष परिमल बाजपेई तथा कालेज के उपप्रबन्धक शिखर बाजपेई , उपस्थित रहे। प्रथम दिवस पुरूष वर्ग में बाबू जयशंकर महाविद्यालय, उन्नाव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय कैम्पस तथा तृतीय स्थान बंशीकालेज ऑफ एजूकेशन, बिठूर कानपुर ने प्राप्त किया। द्वितीय दिवस में महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर अर्मापुर पी0जी0 गर्ल्स कालेज, कानपुर एवं द्वितीय स्थान वी0एस0एस0डी0 कालेज, कानपुर, तृतीय स्थान बंशी कालेज ऑफ एजूकेशन, बिठूर, कानपुर ने प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से प्रारम्भ हुआ तत् पश्चात प्राचार्या प्रो0 मीता जमाल ने स्वागत भाषण द्वारा समस्त अतिथियों का एवं प्रबंधतन्त्र और महाविद्यालय परिवार का स्वागत किया सभी विजयी छात्र एवं छात्राओं को बधाई भी प्रस्तुत करी। मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मुनीन्द्र शुक्ला जी, (पूर्व विधायक बिठूर, कानपुर) ने अशिर्वचन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम समापन में धन्यवाद महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ0 संजय सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान अतिथियों के रूप में सर्वेश यादव शिखर बाजपेई द्वारा पुरस्कार वितरण सम्पादित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान प्राचार्या प्रो0 मीता जमाल, उपप्राचार्य डा0 संजय सिंह, बी0पी0एड0 विभागाध्यक्ष डा0 स्वेता श्रीवास्तव, नवल किशोर झॉ, संजय यादव, नितीश गौतम, सुशील अग्निहोत्री, अनु शुक्ला, आकांक्षा बाजपेई, राजेश त्रिपाठी, मधुलिका कटियार, पूजा यादव एवं के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# हाइवे पार कर रहे चाचा भतीजे को लोडर ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

* एक साथ दो मौतों से परिवार में मचा कोहराम
* पोस्टमार्टम में सिर में चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई है

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

लखनऊ कानपुर हाइवे पर सोहरामऊ थाना अंतर्गत बजेहरा गांव के पास चाय पीने के लिए हाईवे पार कर रहे चाचा भतीजे को तेज रफ्तार खाली लोडर ने टक्कर मार दी। घायलों को सीएचसी नवाबगंज से जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां पहुंचने पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने लोडर कब्जे में लेकर शवों का पोस्टमार्टम कराया। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के हिनौरा गांव निवासी बैजनाथ रावत (62) अपने भतीजे श्रीकृष्ण (50) के साथ गुरुवार रात खेतों में फसल की रखवाली करने गए थे। रात करीब 10 बजे चाय पीने के लिए वह ढाबे पा जा रहे थे। लखनऊ-कानपुर हाईवे पार करते समय बजेहरा गांव के पास तेज रफ्तार खाली लोडर ने दोनों को टक्कर मार दी। घटना में बैजनाथ और श्रीकृष्ण गंभीर घायल हो गए। हाईवे से गुजर रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी लाई। हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जब तक दोनों को ले जाया जाता तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें सिर में चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। मृतक बैजनाथ खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। इसके छह बच्चों में चार बेटी और दो बेटे हैं। मृतक श्रीकृष्ण की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। दो बच्चे संदीप और दिलीप हैं। दोनों मौतों से परिवार में कोहराम मच गया। एसओ अवधेश कुमार ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। लोडर कब्जे में है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगा।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विधायक ने ग्रामीणों से एकत्रित की चुटकी भर मिट्टी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बीते दिन बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने भीतरगांव ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर अमृत कलश में एक चुटकी मिट्टी ग्रामीणों के द्वारा एकत्रित की। कार्यक्रम में विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें अपने देश पर अपनी जान न्योछावर करने वाले वीर शहीद और वीरांगनाओ को याद करने और उन्हें नमन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के चलते नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कुछ बच्चों को बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक सचान, दिलीप सैनी, लल्ला सिंह, धीरेन्द्र सिंह, मोनू अवस्थी, अमर सिंह , दीपेंद्र कुशवाहा, रवीश तिवारी, सौरभ सचान आदि लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालातों में विवाहिता की मौत

* भाई ने लगाया हत्या करने का आरोप
* शव ले जाने को लेकर भिड़े मायके व ससुराल के लोग
* पुलिस ने समझा कर शांत कराया मामला

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




मृतका की फाइल फोटो और मौजूद परिजन

दही थाना क्षेत्र में विवाहिता का शव संदिग्ध हालातों में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगा कर हंगामा किया। पोस्टमार्टम हाउस पर भी दोनों पक्षों के बीच शव ले जाने को लेकर हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने समझा बुझा कर शांत कराया। पति के हाथों अंतिम संस्कार की सहमति बनने पर मामला शांत हुआ। मृतका के भाई ने अंतिम संस्कार के बाद तहरीर देने की बात कही है। दही थानाक्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग निवासी जानकी (35) की पति संतोष कुमार से हुए विवाद के बाद दो साल से बातचीत बंद थी। आरोप है कि बीमार होने पर भी पति उसे डॉक्टर के पास नहीं ले जाते। इससे परेशान होकर उसने गुरुवार को फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। कानपुर कैंट निवासी मृतका के भाई सरवन की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराया। यहां मायके और ससुरालपक्ष के लोग एकत्र होने से मायके पक्ष से लोग हत्या करने का आरोप लगाने लगे। इससे विवाद की स्थिति बन गई। दोनों पक्ष की महिलाएं मारपीट पर उतर आईं। मौके पर मौजूद दही पुलिस ने शांत कराया। इसी बीच पोस्टमार्टम के बाद ससुराल पक्ष के लोग शव लेकर जाने लगे। इससे हंगामा और बढ़ गया। मृतका के भाई ने शव अपने साथ ले जाने की बात कही। लेकिन ससुरालीजनों के राजी न होने पर दोनों पक्ष सडक़ पर आ गए। मामला बढ़ता देख सदर कोतवाली पुलिस भी पहुंची और सडक़ पर खड़े लोगों को हटवाया। बाद में दोनों पक्षों के बुजुर्गों से बात कर पति होने से शव का अंतिम संस्कार पति के हाथों कराने पर सहमति बनी। तब शव वहां से हटा और परिजन अपने-अपने घर के लिए निकले। मृतका के भाई सरवन ने बताया कि अभी आरोपी वाली तहरीर नहीं दी है। क्रियाकर्म पूरा होने के बाद उसे दिया जाएगा। इस दौरान करीब दोपहर 12 बजे से एक बजे तक हंगामा चला। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि मृतका का शव उसके ससुरालीजन ले गए हैं। भाई की तरफ से कोई तहरीर आती है तो रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# मानक विहीन गोल्ड हॉस्पिटल के मालिक को नहीं है स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का भय




* मरीजों की जिंदगी के साथ आए दिन हो रहा खिलवाड़

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे

कानपुर नगर। कल्याणपुर क्षेत्र के पुराना शिवली रोड स्थित गोल्ड हॉस्पिटल के एक भी मानक पूरे नहीं है उसके बाद भी हॉस्पिटल संचालक धड़ल्ले से मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। हॉस्पिटल में बिना रजिस्ट्रेशन के आईसीयू और एनआईसीयू संचालित किया जा रहा है। जिसकी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भनक तक नहीं है। आपको बताते चलें कल्याणपुर क्षेत्र में मानक तीन अस्पतालों की सुनामी सी आ गई है। एक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मानक पूरे ना होने की वजह से हॉस्पिटलों का रेनुवल नहीं कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर हॉस्पिटल संचालक बेधड़क तरीके से काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मांने तो गोल्ड हॉस्पिटल को आईसीयू और एनआईसीयू चलाने की इजाजत नहीं है। फिर भी गोल्ड हॉस्पिटल के संचालक स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी सारे नियमों को ताक पर रखकर आईसीयू और एनआईसीयू में मरीजों को भर्ती करके उनकी जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो गोल्ड हॉस्पिटल में आए दिन किसी न किसी मरीज की हालत बिगड़ जाती है और वह ईश्वर को प्यार हो जाता है। लेकिन इसके बाद भी हॉस्पिटल संचालक के चेहरे पर जरा सी भी शिकन नहीं आती है।

**स्वास्थ्य विभाग जल्द ही होगी इन अस्पतालों पर कठोर कार्यवाही**

न्यू नीलम सरोज हॉस्पिटल, मोहित मेडिकल सेंटर, साक्षी हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, इंद्रानी हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, राधे कृष्ण हॉस्पिटल, एहसास हॉस्पिटल, आरोग्य हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर, अर्पित हॉस्पिटल, सारांश हॉस्पिटल, मर्सी हॉस्पिटल, डिवाइन हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर।

# इलाज में लापरवाही से बच्चे की मौत की शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज

* शिकायतकर्ता को नहीं कार्यवाही का विश्वास, जांच के नाम पर खानापूर्ति होने की कही बात

विकासखण्ड क्षेत्र के रायपुर खैलामऊ निवासी पिन्टू ने कस्बा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में नर्सो द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल समेत स्वास्थ्य मंत्रालय में की थी। शिकायत में रात के समय महिला चिकित्सक के स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित न होने के साथ ही नर्सों द्वारा बाहर से सैकड़ों रुपये की दवा मंगाने व पैसे न देने पर इलाज में लापरवाही की बात कही थी। जिसके बाद पत्नी की हालत बिगड़ने पर उसने पत्नी को मजबूरन प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां सामान्य प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हो गई थी। पीड़ित पिन्टू ने जन सुनवाई पोर्टल व स्वास्थ्य मंत्रालय से शिकायत कर लापरवाही बरतने के जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की थी। उक्त मामले में शुक्रवार को दो सदस्यीय चिकित्सकों की टीम स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। टीम में शामिल डॉ ललित कुमार एवं डॉ आर एस रविदास ने बन्द कमरे में महिला चिकित्सक, स्टाफ नर्सों एवं शिकायतकर्ता के बयान कलम बन्द किये। जांच टीम ने बताया कि महिला चिकित्सक समेत स्टाफ नर्सों एवं शिकायतकर्ता के बयान लिये गये हैं। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक के बयान लेने बाकी हैं। जांच से सम्बंधित जानकारी पर रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को देने की बात कही। पीड़ित पिन्टू ने बताया कि जांच टीम ने मामले की जानकारी ली। उसके बाद एक लड़के को बुलाकर अपने हिसाब से बयान लिखवाया। बताया कि मैंने उसकी फोटो लेना चाहा तो मना कर दिया और मुझसे हस्ताक्षर करने के लिए कहा। पीड़ित ने कहाकि लगता है विभागीय अधिकारी मामले में अपने हिसाब से केवल कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। उसने उच्चाधिकारियों से जांच को अन्य विभाग द्वारा कराए जाने की मांग करने की बात कही है।

## बेकरी की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना, नकदी की पार

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। गुरुवार देर रात कल्याणपुर थाना क्षेत्र में स्थित बेकरी की दुकान में चोरों ने ताला तोड़ कर लाखों के माल सहित नकदी पर कर दी। दुकानदार सुबह आया तो जानकारी हुई। वहीं दुकानदार ने अपने दुकान के मालिक पर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित दुकानदार जागेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी कल्याणपुर रोड गैस गोदाम के पास रामनरेश यादव के मकान में बेकरी की दुकान है।कल देर रात वह दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह जब आए तो उनकी दुकान का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा तो उनकी दुकान का सामान और नकदी गायब थी। दुकान के पीछे मकान स्वामी रामनरेश यादव का घर है। दुकान के पीछे की दीवार टूटी थी। उन्हें दुकान मालिक पर शक है क्योंकि दुकान मालिक उससे दुकान खाली कराना चाहते हैं। जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है।

# जिला मलेरिया अधिकारी ने किया ईटीसी वार्ड का औचक निरीक्षण

* ईटीसी वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स 4 दिन से बिना किसी पूर्व सूचना के नदारद मिली, वेतन रोकने की संस्तुति



जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

जिला मलेरिया अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईटीसी वार्ड एवं पैथोलॉजी का औचक निरीक्षण किया। जहां ईटीसी वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स 4 दिन से नदारद मिली। जिस पर कार्यवाही की संस्तुति करने के साथ संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईटीसी वार्ड का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। जहां डयूटी पर तैनात स्टाफ नर्स निशी पाल 4 दिन से बिना किसी पूर्व सूचना के नदारद मिली। जिसका डीएमओ ने वेतन रोकने की संस्तुति की है। वार्ड का निरीक्षण कर नोडल ईटीसी को निर्देशित किया कि हाई ग्रेड फीवर के मरीजो का ब्लड सैंपल अवश्य लिया जाए। उपरोक्त सैंपल से ड़ेंगू, चिकेन गुनिया, स्क्रब टाइफस और लेप्टोस्पाइरोसिस, जेई आदि की जांच के लिए मुख्यचिकित्साधिकारी ऑफिस के संक्रामक रोग विभाग में भेजना सुनिश्चित करवाए। जिससे संबंधित मरीजों को समय से जांच रिपोर्ट के साथ साथ प्रभावी उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी ने प्रयोगशाला का निरीक्षण करने के दौरान प्रयोगशाला प्राविधिक अनिल कुमार को मानक के अनुसार रक्त पट्टिका बनाए जाने के साथ रक्त पट्टिकाओ की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की भी निर्देश दिए। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश कुमार, एलटी अनिल कुमार, प्रियंका चौरसिया, अजय कुमार, सुनील कुमार आदि समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# इजराइल ने माना 24 घंटे में गाजा खाली कराना मुश्किल

## यूएन बोला, ये 10 लाख लोगों की जिंदगी से खिलवाड़,13 इजराइली बंधकों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव**

इजराइली फौज ने शुक्रवार शाम माना कि 24 घंटे में फिलिस्तीनी नॉर्थ गाजा का इलाका खाली नहीं कर सकते। हालांकि, इजराइली फौज के प्रवक्ता डेनियल हेगेरी ने ह की उस रिपोर्ट पर कुछ नहीं कहा, जिसमें दावा किया गया था कि नॉर्थ गाजा में रहने वाले फिलिस्तीनियों को महफूज ठिकानों पर जाने के लिए 24 घंटे की डेडलाइन दी गई है। डेनियल ने कहा– हम उन्हें ज्यादा वक्त देने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि 24 घंटे में वो इलाका खाली करना मुमकिन नहीं है। इसके पहले इजराइल ने वादी गाजा इलाके में रहने वाले फिलिस्तीनियों से कहा था कि वो 24 घंटे में वहां से हट जाएं। इस पर ह के प्रवक्ता ने कहा– इस इलाके में 10 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। ये गाजा की आधी आबादी है। इन्हें इतने कम समय में वहां से हटने का आदेश देना उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करने जैसा है। इससे मानवीय संकट पैदा होगा। इस बीच हमास ने बताया है कि गाजा पर की गई इजराइल की एयरस्ट्राइक में 13 इजराइलियों की मौत हुई है। ये उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें हमास ने 7 अक्टूबर के हमले के बाद बंधक बना लिया था। जंग के 7वें दिन अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की है।



### इजराइली सेना ने गलती मानी

इजराइल की सेना ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि वो 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले को रोकने में नाकाम रहे। इजराइली सेना चीफ ने कहा– लोगों की रक्षा करना सेना का काम है, लेकिन हम इसमें नाकाम रहे। ये हमारे लिए सीख है। अब समय जंग का है। वहीं, इजराइल के अश्कलोन से रिपोर्ट कर रहे भास्कर रिपोर्टर ने बताया है कि हमास अब भी इजराइल के बॉर्डर वाले इलाकों में रॉकेट अटैक कर रहा है। जैसे ही सायरन बजना शुरू होता है, तो लोग उनकी सुरक्षा के लिए बनाए गए सेफ हाउस में पहुंच रहे हैं।

### इस्राइली नागरिक ने सुनाई आप बीती

इस्राइली नागरिक गिली का दावा है कि उसके परिवार के सदस्यों को हमास के आतंकवादियों ने बंधक बना लिया था। उन्होंने बताया कि मेरी बहन अपने पति और 3 साल की बेटी के साथ अपने परिवार वालों से मिलने के लिए आई थी। रविवार को उन्हें घर से पकड़ लिया गया। मेरी बहन के पति और उसकी 3 साल की बेटी को भी लेकर चले गए। किबुत्ज बेरी में हुए सबसे अमानवीय नरसंहार का विस्तार करने के लिए 100 से अधिक बंधकों को अमानवीय तरीके से गाजा ले जाया गया है। वे लोग भाग गए पर उनके पीछे 4 आतंकवादी आ गए। मेरी बहन ने अपनी बेटी को अपने पति को दे दिया ताकि वे उसे बचा पाए। मेरी बहन पिछले 5 दिन से लापता है। हम उसे खोजने की बहुत कोशिश कर रहे हैं लेकिन वे हमें नहीं मिल रही है।

### 11 लाख फलस्तीनियों को स्थानांतरित करने की तैयारी

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस्राइली सेना ने उसे गाजा में करीब 11 लाख फलस्तीनियों को अगले 24 घंटों के भीतर एन्क्लेव के दक्षिण में स्थानांतरित किए जाने की बात बताई है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र विनाशकारी मानवीय परिणामों के बिना इस तरह के आंदोलन को असंभव मानता है।

### हमास ने लोगों से अल-अक्सा मस्जिद तक मार्च करने को कहा

गाजा के सत्तारूढ़ हमास उग्रवादियों ने शुक्रवार को फलस्तीनियों से इस्राइल की बमबारी का विरोध करने को कहा है। उन्होंने फलस्तीनियों से पूर्वी यरुशलम की अल-अक्सा मस्जिद तक मार्च करने और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इस्राइली सैनिकों को खदेड़ने का आह्वान किया।

### लॉयड ऑस्टिन इस्राइल पहुंचे, फलीस्तीन के राष्ट्रपति से मिले ब्लिंकन

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन इस्राइल पहुंचे। इससे पहले विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी इस्राइल पहुंचे थे। शुक्रवार को ब्लिंकन ने फलीस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात की।

### गाजा में 750 सैन्य ठिकानों पर इस्राइल का हमला

इस्राइल का दावा है कि उसके जेट विमानों ने रात भर में गाजा में 750 सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इसमें हमास की सुरंगें, सैन्य परिसर, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के आवास और हथियार भंडारण गोदाम भी शामिल थे। हालांकि, गाजा पर जमीनी आक्रमण से गंभीर खतरा पैदा हो गया है, क्योंकि हमास ने हमले में कई लोगों का अपहरण कर लिया है।

### लेबनान सीमा पर इस्राइली सैनिक स्टैंडबाय

इस्राइल-लेबनान सीमा पर भी तनाव बढ़ गया है क्योंकि शुक्रवार (13 अक्टूबर) को हमास के साथ युद्ध के सातवें दिन इजरायली सैनिकों, टैंकों और वाहनों को तैनात किया गया था और लेबनान के साथ उत्तरी सीमाओं को शामिल करने के लिए युद्ध का विस्तार किया गया था। इज़राइल ने युद्ध के दौरान लगातार लेबनान के हिज़्बुल्लाह समूह के साथ व्यापार किया है।

### गाजा पट्टी के अस्पताल संकट की स्थिति में: डब्ल्यूएचओ

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि गाजा पट्टी में स्वास्थ्य प्रणाली चरमरा रही है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यदि गाजा पट्टी में ईंधन और जीवन रक्षक स्वास्थ्य और मानवीय आपूर्ति तत्काल नहीं पहुंचाई जा सकी तो मानवीय आपदा को रोका नहीं जा सकेगा।

### भारत ने 212 लोगों को एयरलिफ्ट किया



इजराइल-हमास जंग के बीच भारत सरकार ने इजराइल में फंसे अपने नागरिकों को एयरलिफ्ट करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार सुबह 212 भारतीय नागरिकों को लेकर एअर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली पहुंची। दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सबका स्वागत किया। भारतीय समय के अनुसार इजराइल के डेविड बेनगुरिअन एयरपोर्ट से गुरुवार देर रात 12:44 बजे फ्लाइट ने भारत के लिए उड़ान भरी थी। इजराइल में करीब 18 हजार भारतीय रहते हैं। दूसरी तरफ, हमास ने इजराइल के हमले के खिलाफ शुक्रवार को दुनिया भर में विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया है। फिलिस्तीनियों को वेस्ट बैंक और पूर्वी यरूशलम की अल-अक्सा मस्जिद तक मार्च निकालने को कहा गया है। अल-अक्सा मस्जिद में फिलिस्तीनी पूरे दिन रुकेंगे। यहां जुमे की नमाज के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। हमास ने अपने समर्थकों को इजराइली सैनिकों से भिड़ने की खुली छूट दे दी है। वहीं इजराइल ने विदेशों में अपने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है।




# संजय को 27 अक्टूबर तक रिमांड पर भेजा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली की एक कोर्ट ने 13 अक्टूबर को आप सांसद संजय सिंह को 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आप सांसद से कहा कि परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों। स्पेशल जस्टिस एम के नागपाल ने मामले की सुनवाई की। ईडी ने 4 अक्टूबर को संजय सिंह के घर करीब 10 घंटे तक चली छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया था। 5 अक्टूबर को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से कोर्ट ने संजय को 10 अक्टूबर तक की रिमांड पर भेज दिया था। बाद में तीन दिन और रिमांड बढ़ा दी गई। उधर, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा उन्हें दी गई रिमांड को भी चुनौती दी है। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि संजय सिंह के खिलाफ घूस मांगने के सबूत हैं। वे हिरासत में सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे। जांच में भी सहयोग नहीं कर रहे। जब उनसे फोन के डेटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद कोर्ट ने ईडी की मांग पर संजय सिंह की रिमांड अवधि 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। रिमांड बढ़ाते हुए कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि, ईडी अदालत को बिना बताए संजय सिंह को कहीं नहीं ले जा सकती। दरअसल आप का आरोप था जांच एजेंसी संजय को दो बार किसी अनजान जगह ले गई थी। तब संजय ने सवाल किया था कि, उनका एनकाउंटर हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा।

### संजय सिंह को दो बार अनजान जगह ले गई ईडी

आप विधायक दिलीप पांडे ने 11 अक्टूबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा– उनकी पार्टी कोर्ट की शुक्रगुजार है कि उन्होंने साफ शब्दों में लिखा कि अनुमति के बगैर संजय सिंह को कहीं नहीं ले जा सकते, और मिलने के समय में कोई ऊंच नीच नहीं की जाएगी। ईडी बीजेपी की कोई रूल बुक फॉलो कर रही है, नहीं तो कोर्ट को इतना स्पष्ट लिखित में क्यों देना पड़ता। पांडे ने कहा– ईडी के ऊपर कौन बैठा है जो आधारहीन गिरफ्तारी करता है। संजय सिंह जी के परिवार को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। परिवार के मिलने का समय शाम 6-7 बजे होता है लेकिन परिवार को लंबा इंतजार करवाया जाता है।

## सोनीपत में सड़क हादसे में 5 मजदूरों की मौत

**30 मजदूर पिकअप में सवार होकर झज्जर में धान काटने जा रहे थे**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सोनीपत**

हरियाणा के सोनीपत में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल 15 से 16 लोगों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। मरने वाले और घायल मजदूर हैं। उत्तर प्रदेश से 30 मजदूर पिकअप में सवार होकर झज्जर में धान काटने जा रहे थे। इस बीच सोनीपत के खरखौदा के पास मजदूरों के पिकअप को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे की सूचना मिलते ही सोनीपत पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। खरखोदा थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। पुलिस ने ट्रक चालक श्री भगवान निवासी मकड़ानी (चरखी दादरी) को काबू कर लिया है।

### इन 5 लोगों की हुई मौत

हादसे में मरने वालों की पहचान परमेश्वर (40) निवासी अखोरा हरदोई, सर्वेश निवासी पतजीहा जिला पीलीभीत और भानू (25) निवासी मुरतण लखीमपुर खीरी, विजय (34) निवासी रेया डावला और ब्रजेश (22) साल निवासी हरदोई यूपी के रूप में हुई। विजय और ब्रजेश की डेड बॉडी सिविल हॉस्पिटल फिरोजपुर बांगर में लाई गई है।

# अपने नागरिकों के लिए हम मदद मांगते नहीं बल्कि देते हैं: अनुराग



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इस्राइल और हमास का भीषण युद्ध जारी है। जिसमें दोनों पक्षों के हजारों लोगों की जान गई है। हमास द्वारा शुरू किए गए इस युद्ध को इस्राइल हमेशा के लिए खत्म करना चाहता है। इसके लिए इस्राइल गाजा पट्टी स्थित आतंकी समूह हमास पर जमकर रॉकेट दाग रहा है। हमास और इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध के कारण कई भारतीय वहीं फंसे हुए हैं। जिनको बचाने के लिए केंद्र सरकार ने ऑपेशन अजय की शुरूआत की है। इस ऑपेशन को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, शुक्रवार को आखिरकार केंद्र सरकार ने देशवासियों को वहां से निकाल लिया है। पिछले नौ सालों से इसी तरह के संघर्ष क्षेत्रों में सरकार ऐसे मिशन में अपने नागरिकों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहती बल्कि खुद सहायता के लिए वहां पहुंची हैं।

### अनुराग ठाकुर ने कहा हमने सभी को बचाया है

'ऑपेशन अजय' पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, कोविड-19 महामारी, यूक्रेन और रूस युद्ध या फिर अरब स्प्रिंग( मिस्र में नागरिक विद्रोह) सभी में केंद्र ने अपने नागरिकों को बचाया है। नौ सालों में कई अभियान चलाए गए हैं। हमने कई विदेशों नागरिकों को भी बचाया है। भारत मदद नहीं मांगता बल्कि दूसरों को भी सहायता देता है। बता दें कि शुक्रवार को इस्राइल से भारतीयों का पहला जत्था भारत लौट आया है।

### वापस लौटे भारतीयों का हाथ जोड़कर अभिनंदन

इस दौरान केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने हाथ जोड़कर लौटे लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने इस्राइल से उड़ान भरने वाले छात्रों से भी बातचीत की। मंत्री ने यात्रियों को विदेश में प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा के लिए केंद्र की अटूट प्रतिबद्धता के बारे में आश्वस्त किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)